धनबाद
सोमवार 23.12.2024
मूल्य- ₹ 1.50
वर्ष-30 अंक-299 पृष्ठ- 12
पौष कृष्ण पक्ष-8
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

बिहार ऑब्जर्वर

भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर 'वीटो' करने की इजाजत नहीं देगा : विदेश मंत्री

हम किसी डर के वह सब करेंगे जो देश और दुनिया के लिए अच्छा होगा

नई दिल्ली (ईएमएस): भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर 'वीटो' करने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि भारत बिना किसी डर के वह सब-कुछ करेगा जो देश और दुनिया के लिए अच्छा होगा। जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा कि स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत आज एक अहम मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ, पिछले दशक ने दिखाया है कि उसके पास क्षमताएं, आत्मविश्वास और सबसे अहम बात, व्यापक मोर्चों पर विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में वीटो का जिक्र कर जयशंकर ने दुनिया को अपना संदेश दिया है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के पांच स्थायी सदस्य - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका है। फिलहाल यह देश प्रक्रियात्मक फैसलों को छोड़कर, किसी भी फैसले पर अपना वीटो दे सकते हैं। यूएनसीसी की स्थापना १९४५ में हुई थी। इसमें कुल १५ सदस्य हैं। पांच स्थायी सदस्यों को छोड़कर बाकी १० अस्थायी सदस्य दो साल के लिए चुने जाते हैं। अस्थायी सदस्यों के पास वीटो पावर नहीं होता है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग लगातार उठा रहा है।

उसका कहना है कि २१वीं सदी में १५ सदस्यीय सुरक्षा परिषद पर्याप्त नहीं है। इसके स्थायी और अस्थायी दोनों सदस्यों का विस्तार होना चाहिए। फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका भी सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट के लिए पुरजोर आवाज उठा चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि अस्वस्थ आदतों, तनावपूर्ण जीवनशैली या बार-बार होने वाली जलवायु घटनाओं से जूझ रही दुनिया, भारत की विरासत से बहुत कुछ सीख सकती है, लेकिन दुनिया को इस बारे में तभी पता चलेगा, जब हमारे देश के लोग इस पर गर्व करेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत जरूर आगे बढ़ेगा, लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा। तभी हम बहुध्रुवीय विश्व में वास्तव में अग्रणी शक्ति के रूप में उभर पाएंगे।

जयशंकर ने कहा कि लोकतंत्र की गहराई से अब ज्यादा प्रामाणिक आवाजें उठी हैं। देश खुद को फिर से खोज रहा है और फिर से अपना व्यक्तित्व पा रहा है। जयशंकर को २७वें 'एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती नेशनल एमिनेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा।

पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से हुए सम्मानित

नई दिल्ली (ईएमएस): कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया है। यह किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया २०वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड ऑर्डर है। यह ऑर्डर मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी प्रमुखों तथा विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। इसे पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है।

शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे पीएम मोदी ४३ साल में खाड़ी देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। कुवैत का दौरा करने वाली अंतिम भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी जिन्होंने १९८१ में कुवैत का दौरा किया था। भारत कुवैत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है। भारतीय समुदाय कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। खाड़ी देश भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में १०.४७ बिलियन अमरीकी डॉलर का रहा। कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा जरूरतों का ३ प्रतिशत हिस्से को पूरा करता है। कुवैत में भारतीय निर्यात पहली बार २ बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जबकि भारत में कुवैत निवेश प्राधिकरण द्वारा १० बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है।

28 को खाते में आयेंगे मंईयां सम्मान योजना के 2500 रुपये

रांची (एजेंसी): झारखंड की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी, मंईयां सम्मान योजना के तहत २५०० रुपये की राशि मिलने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है. जानकारी के अनुसार २८ दिसंबर को नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, विभाग जिसकी तैयारी में जुट गया है. इस कार्यक्रम में लगभग पांच लाख महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद है. जानकारी के अनुसार संथाल परगना प्रमंडल के साहिबगंज, दुमका जैसे दूर-दराज के जिलों से भी महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आएंगी. उनके ठहरने की भी उचित व्यवस्था की जा रही है. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की ५५ लाख महिलाओं के खाते में २५०० रुपये मंईयां सम्मान राशि की किश्त देंगे. यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करती है. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार होगा. महिलाओं के हाथों में पैसा आने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी.

इसरो का स्पेडेक्स मिशन पर जोर, पीएसएलवी-सी60 रॉकेट लॉन्च पैड पर तैनात

नई दिल्ली (ईएमएस): भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्पेडेक्स मिशन की पुरजोर तैयारी कर चुका है। पीएसएलवी-सी६० रॉकेट पहले लॉन्चपैड पर तैनात है। उसकी चिपटी नाक में स्पेडेक्स सैटेलाइट रखे हैं। लॉन्चिंग की तारीख बताई नहीं गई है लेकिन इसरो इसे संभवतः ३० दिसंबर या उसके आसपास कर सकता है। इस मिशन में दो सैटेलाइट हैं। पहला चेसर दूसरा टारगेट। चेसर सैटेलाइट टारगेट को पकड़ेगा और उससे डॉकिंग करेगा। इसके अलावा इसमें एक अहम टेस्ट हो सकता है। सैटेलाइट से एक रोबोटिक आर्म निकले जो हुक के जरिए टारगेट को अपनी ओर खींचेगा ये टारगेट अलग क्यूबसैट हो सकता है।

इस प्रयोग से भविष्य में इसरो ऑर्बिट छोड़ अलग दिशा में जा रहे हिस्से को वापस कक्षा में लाने की तकनीक हासिल होगी साथ ही ऑर्बिट में सर्विसिंग और रीफ्यूलिंग का ऑप्शन भी खुल जाएगा। स्पेडेक्स तय करेगा कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन कैसे बनेगा और चंद्रयान-४ कैसे जाएगा। इस तस्वीर में दाहिने रॉकेट असेंबलिंग यूनिट और बाएं लॉन्च पैड है। बीच में पीएसएलवी रॉकेट है, जिसे लॉन्च पैड पर ले जाया जा रहा है।

स्पेडेक्स मिशन में दो अलग-अलग स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में जोड़कर दिखाया जाएगा। चंद्रयान-४ के लिए अंतरिक्ष में डॉकिंग बहुत जरूरी तकनीक है। डॉकिंग मतलब जो अलग-अलग हिस्सों को एक-दूसरे की तरफ लाकर उसे जोड़ना है। रॉकेट असेंबलिंग यूनिट से बाहर निकलता पीएसएलवी-सी६० रॉकेट्। अंतरिक्ष में दो अलग-अलग चीजों को जोड़ने की ये तकनीक भारत को अपना स्पेस स्टेशन बनाने में मदद करेगी।

पीएम मोदी आज 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र करेंगे प्रदान

नई दिल्ली (ईएमएस): पीएम नरेन्द्र मोदी सोमवार को 'रोजगार मेला के तहत करीब ७१ हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पीएमओ ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी इस अवसर पर युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की पीएम की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है।

पीएमओ ने कहा कि यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म सशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। यह रोजगार मेला देशभर में ४५ स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा।

तेलंगाना की पांच दिवसीय यात्रा पूरी कर राष्ट्रपति दिल्ली रवाना

सिकंदराबाद (ईएमएस): राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तेलंगाना की पांच दिवसीय यात्रा पूरी कर शनिवार को दिल्ली रवाना हो गई। राष्ट्रपति १७ दिसंबर को यहां पहुंचने के बाद निलयम में ठहरी थीं। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी, राज्य पंचायत राजमंत्री दानसारी अनसूया सीथक्का और अन्य गणमान्य उन्हें यहां हाकिमपेट वायुसेना केंद्र पर विदा करने पहुंचे थे। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति २० दिसंबर को सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया।

प्रिय किसान भाईओं

जोहार!

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

कोई भी राष्ट्र किसान के बिना पूरी तरह से प्रगति नहीं कर सकता। और हमारा झारखण्ड भी एक कृषि प्रधान राज्य है। आपकी कड़ी मेहनत के बदौलत आज झारखण्ड ही नहीं पूरा भारत प्रगति कर रहा है।

झारखण्ड सरकार की उपलब्धियां :-

- झारखंड राज्य दलहन उत्पादकता में भारत में ही नहीं विश्व में अव्वल है।
- मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर एवं केज कल्चर विधि से मत्स्य उत्पादन में अगुआ है।
- झारखण्ड सब्जियों के उत्पादन में भी आज आत्मनिर्भर एवं सब्जिओं का निर्यात दूसरे राज्यों में और विदेशों में भी।
- झारखण्ड राज्य सुकर उत्पादन एवं लाह उत्पादन में भी पुरे भारत में अव्वल है।
- आने वाले वर्षो हमारा राज्य मोटे अनाज के उत्पादन में, दुग्ध उत्पादन में तथा पशुधन उत्पादन में भी अव्वल स्थान पर होगा।

झारखण्ड सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्य कल्याणकारी योजनाएं :-

- कृषि ऋण माफी योजना
- समेकित बिरसा ग्राम सह कृषक पाठशाला
- सब्सीडी दर पर बीज वितरण
- उद्यान विकास, शीत एवं कोल्ड रूम का निर्माण
- टपक सिंचाई, तालाबों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार
- किसान समृद्धि योजना
- FPO को सहायता अनुदान
- झारखण्ड मिलेट मिशन,
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना
- ग्रामीण गोदामों का निर्माण
- कृषि ऋण पर ब्याज की माफी
- दुग्ध उत्पादकों को 5 रूपए प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि
- मत्स्य कृषकों के लिए केज कल्चर
- Bioflock विधि से मत्स्य पालन
- मत्स्य विपणन की सुविधा
- मछली बीज वितरण इत्यादि।

आप सभी को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से किसान दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

आप अपने किसी भी कृषि से संबधित समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कृषक सहायता हेल्प लाइन नंबर 0651-2490542/ 2491642 या किसान कॉल सेण्टर टोल फ्री नंबर–18001231136 कॉल करें तथा पशुधन स्वास्थ्य समस्या या पशु चलंत क्लिनिक सेवा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करें।

PR 342645 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

शिल्पी नेहा तिर्की
माननीय मंत्री
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड सरकार

भाजपा मंडल अध्यक्षों ने चलाया सदस्यता अभियान

धनबाद (कासं) : भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आहूत रविवार को धनबाद महानगर के अंतर्गत सभी शक्ति केंद्रो सदस्यता अभियान का शुभारंभ सभी शक्ति केंद्रो पर किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह, धनबाद महानगर के अध्यक्ष सरवन राय, धनबाद महानगर जिला महामंत्री सदस्यता अभियान के प्रभारी मानस प्रसून, सदस्यता अभियान के सह प्रभारी पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, सदस्यता अभियान के प्रभारी महेश पासवान, जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिला परिषद अध्यक्ष पार्टी के सभी मुखियागण पार्टी के सभी निवर्तमान पार्षदगण सहित सभी मंडल अध्यक्ष सभी जिला पदाधिकारियों ने सघन सदस्यता अभियान चलाया।

धनबाद विधायक राज सिन्हा सर्वप्रथम अपने आवासीय कार्यालय जगजीवन नगर में शक्ति केंद्र संख्या २४बी में औपचारिक सदस्यता अभियान की शुरुआत की लगभग २०० लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई उसके बाद धनबाद प्रखंड अंतर्गत पुटकी प्रभु महतो चौक में धनबाद विधायक राज सिन्हा का सम्मान सह अभिनंदन समारोह रखा गया था। साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया लगभग २०० लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

जिला महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने बस्ताकोला, धनुवाडीह, झरिया इंदिरा चौक, जामाडोबा, पुटकी आदि पांच शक्ति केंद्रों में करीब ८०० लोगों को सदस्यता दिलाई एवं सघन सदस्यता अभियान चलाया।

जिला महामंत्री शाह महानगर सदस्यता प्रभारी मानस पशु ने शक्ति केंद्र संख्या १९ में सघन सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया।

जिला मंत्री से जिला सदस्यता प्रभारी पंकज सिंह ने पांडे लाल शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, शेखर सिंह, राजकुमार जैन, नरेंद्र त्रिवेदी, रीता यादव, अभिमन्यु कुमार सभी ने अपने शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। सभी मंडल अध्यक्षों ने अपनेअपने शक्ति केद्रों में सदस्यता अभियान चलाया।

उपायुक्त ने किया कंबल वितरण

धनबाद (कासं) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शनिवार की देर रात करकेंद स्थित गांधीग्राम कुष्ठ आश्रम सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। सबसे पहले उपायुक्त ने गांधीग्राम कुष्ठ आश्रम में लगभग २०० से अधिक जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया।

साथ ही आश्रम संचालक को ठंड से बचाव के लिए नियमित रूप से अलाव जलाने का निर्देश दिया। आश्रम संचालक ने एप्रोच रोड सहित अन्य समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उपायुक्त ने बैंक मोड़ बिरसा चौक, शक्ति पथ स्थित शक्ति मंदिर, पुलिस लाइन रोड सहित विभिन्न स्थान पर जरुरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया।

इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

निर्मला स्कूल को मिलेगा प्लसटू का दर्जा : विधायक अरुप

गोविंदपुर (ससे) : निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने रविवार को कहा कि निर्मला स्कूल को

प्लसटू का दर्जा दिलाया जाएगा, ताकि यहां के बच्चों को प्लसटू के लिए अन्यत्र जाना नहीं पड़े। इसमें उनका पूरा सहयोग रहेगा। विधायक मद से भी विधायक का विकास किया जाएगा। वह विद्यालय के वार्षिक समारोह को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य नाजिश रहमानी ने कहा कि कुछ निवारण के बाद डेमियन सामाजिक कल्याण केंद्र अब शिक्षा के विकास में लगा हुआ है। निदेशक फादर अजय तिरु ने कहा कि यहां मामूली शुल्क पर बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्राचार्य फादर अल्फ्रेड बालमुचु ने शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय की पूर्व छात्रा आनंदिता किशोर ने अंडर१९ महिला क्रिकेट टीम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में हरा दल प्रथम और नीला दल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। झामुमो नेता एजाज अहमद, उप प्राचार्य सिस्टम वंदना, माथुर अंसारी, एंथोनी फ्रांसिस आदि ने भी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किये

पूर्व सैनिकों ने खोला मांगीनिश केक शॉप

धनबाद (कासं) : आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण पहल को दर्शाती है। पूर्व सैनिक चुनू कुमार और प्रमोद कुमार ने अपने अनुभव और समर्पण के साथ मांगीनिश केक शॉप की शुरुआत कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। शुक्रवार को धनबाद के धैया क्षेत्र में आयोजित इस शुभारंभ समारोह में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष वेटरन रविन्द्र कुमार सिंह ने फीता काटकर इस शॉप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डिंपज कुमार, रमेश प्रसाद, आलोक कुमार, चंद्रशेखर सिंह, सैन्य मातृशक्ति अध्यक्ष निर्मला सिंह, पूनम सिंह और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

यह पहल न केवल पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करती है, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी प्रेरित करती है। इस प्रकार की पहलें आत्मनिर्भर भारत अभियान के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

गुरुदेव ने तोड़ा ध्यान सभा का वर्ल्ड रिकॉर्ड

धनबाद (कासं) : विश्व ध्यान दिवस पर गुरुदेव ने

दुनिया भर के ८५ लाख से अधिक लोगों को ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से ध्यान का मार्गदर्शन किया।

वर्ल्ड मेडिटेट्स विद गुरुदेव कार्यक्रम ने एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया, जिससे यह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन में शामिल हो गया। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने दुनिया भर से लाखों लोगों को एकजुट किया और सामूहिक ध्यान के लिए एक नया मापदंड स्थापित किया। पहला विश्व ध्यान दिवस एक अप्रतिम एकता और आंतरिक शांति का उत्सव रहा। १८० से अधिक देशों के प्रतिभागियों के साथ इस कार्यक्रम ने आधुनिक समय में ध्यान की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रदर्शित किया। संयुक्त राष्ट्र में उद्घाटन समारोह से शुरू होकर और वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के शिखर से गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर द्वारा लाइव सत्र के साथ समापन तक, यह दिन सभी महाद्वीपों में ध्यान की लहर फैलाती चली गयी। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी। आर्ट ऑफ लिविंग की इस पहल की दुनिया भर के नेताओं, सेलेब्रिटीज और प्रतिभागियों ने सराहना की।

सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार

धनबाद (कासं) : रविवार को मैं हूं धनबाद समूह के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं धनबाद पुलिस के कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर टाउन हॉल धनबाद में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अरविंद कुमार सिंह (डीएसपी ट्रैफिक) के द्वारा स्वतंत्र कुमार (रोड सेफ्टी एक्सपर्ट) को पुष्प गुच्छ तथा मैं हूं धनबाद समूह के प्रेसिडेंट पूजा रत्नाकर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैं हूं धनबाद समूह के अध्यक्ष पूजा रत्नाकर के द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर संस्था के द्वारा किए गए क्रियाकलाप पर चर्चा की गई। तत्पश्चात स्वतंत्र कुमार के द्वारा सड़क सुरक्षा की दुनिया में वर्तमान स्थिति क्या है के साथ-साथ भारत कहां खड़ा होता है सुरक्षा के मामले में।

सेमिनार के दौरान सवाल जवाब सेशन भी रखा गया जिसमें, धनबाद के डीटीओ, दिवाकर सी. द्विवेदी तथा अरविंद कुमार सिंह, ट्रैफिक डीएसपी धनबाद ने धनबाद की तत्कालीन सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्याओं पर स्वतंत्र कुमार से गहनता पूर्वक चर्चा की। सेमिनार के दौरान कुछ निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। ब्लैक स्पॉट क्या है? ट्रैफिक सिग्नल्स, के माध्यम से हम लोग किस प्रकार लोगों की जान बचा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में अरविंद कुमार सिंह तथा डीटीओ धनबाद के द्वारा मैं हूं धनबाद समूह के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा माह के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने पर भी प्रकाश डाला गया।

अंततः कार्यक्रम में मौजूद सभी के द्वारा राष्ट्र गान गाकर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्पना झा, विकास सिंह चौधरी, एन.के. झा, राहुल सिंह, सनोज कुमार, राकेश कुमार सिन्हा, शुभांकर सरकार, मो. आशिफ इकबाल, मो. इमरान मलिक, मो. सलाउदीन, राणा आचार्य, मो. शमीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

चांदमारी चानक से केबल चोरी

धनसार (ससे) : चांदमारी ९ नंबर चानक के बिजली घर के पास शनिवार की रात केबल चोरों ने लगभग ३० फीट केबल काट लिया। लोहे के पार्ट्स भी चोरी कर ली गई। जिसकी कीमत लगभग १ लाख बताई जाती है। मजदूरों का कहना है कि शनिवार की करीब २ रात को दर्जनों की संख्या में चोर लोग बिजली घर के पास पहुंचकर केबल काट लिया। केबल कट जाने से ९ नंबर चानक के आस पास के कॉलोनी में अंधेरा पसरा हुआ है।

महिलाओं की भव्य तुलसी कलश यात्रा आज

गोविंदपुर (ससे) : गोविंदपुर ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर से सोमवार की सुबह १००१ महिलाओं की भव्य तुलसी कलश यात्रा निकाली जाएगी और दोपहर बाद से ७ दिवसीय प्रवचन की शुरुआत

होगी। श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के संस्थापक एवं कथा व्यास सुरेन्द्र हरिदास जी ने रविवार को ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में भक्तों से कहा कि आगामी २३ से ३० दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर २ बजे से शाम ७ बजे तक भागवत कथा की गंगा बहेगी। ३१ दिसंबर को हवन, भंडारा आदि आयोजन होंगे। श्री राधाकृष्ण सेवा ट्रस्ट एवं श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वावधान में स्थानीय भक्तों के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा का सदा-सर्वदा सेवन, आस्वादन करना चाहिए इसके श्रवणमात्र से श्रीहरि हृदय में आ विराजते हैं। इस कथा को सफल बनाने में समाजसेवी प्रदीप बंसल, कांता बंसल, संजय अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, शरद अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन लोधा, शंकर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, शरत दुदानी, निरंजन अग्रवाल, अनुप सरिया, सुनिल सरिया, सुरेश सरिया, प्रदीप अग्रवाल, प्रदीप साव धनंजय, सुरेश भगत, भोला गुप्ता, विवेकानंद पाडेय, संतोष पाठक, नारायण चन्द्र सेन, गौर दास, संदीप विश्वकर्मा, शिशिर भगत, संतोष पाठक, दीपक पडेय, अशोक गुप्ता, मोहन बंसल, प्रकाश विश्वकर्मा आदि नगरवासियों के सहयोग से सफल बनाया जाएगा।

जयंती पर याद किए गए गणितज्ञ रामानुजन

केन्दुआ (ससे) : गोन्दुडीह ओपी क्षेत्र के खरिकाबाद मध्य विद्यालय में रविवार को ज्ञानविज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई द्वारा भारत ज्ञानविज्ञान समिति का ३५वीं स्थापना दिवस व भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी के १३७वीं जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद कैलाश पति मधेशिया व संचालन ज्ञानविज्ञान समिति के सचिव भोला नाथ राम के द्वारा किया गया। इस अवसर में मंचासिन में भारत ज्ञानविज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी, ज्ञानविज्ञान समिति झारखंड के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल, वैज्ञानिक चेतना के राज्य अध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार सेन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी रवि सिंह, गोंदुडीह ओपी प्रभारी राजन कुमार झा, शिक्षा विद विकाश कुमार रवानी, ज्ञान विज्ञान समिति के जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।सर्वप्रथम राष्ट्रीय गणितज्ञ दिवस के अवसर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात सभी मंचासिन अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, वैज्ञानिक चेतना व सामाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर भारत ज्ञानविज्ञान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी ने कहा कि भारत ज्ञान विज्ञान समिति का स्थापना २२ दिसंबर १९८९ को हुई थी। ज्ञानविज्ञान समिति, गरीबों वंचित और महिलाओं के बीच कार्य करती है। प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन के द्वारा उपस्थित लोगों शुभकामनाएं दी गई । गोन्दुडीह ओपी प्रभारी राजन कुमार झा के द्वारा बीजीवी एस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन वंचित लोगों के लिए जरूरी भोजन, स्वास्थ, शिक्षा और रोजगार पर कार्य करती है।

स्व. रामाधार सिंह की पुण्यतिथि पर कंबल वितरण

धनबाद (कासं) : स्व. रामाधार सिंह की पुण्यतिथि पर उनके पोता व्यवसाई शिवम सिंह के द्वारा स्टेशन परिसर में ठंड से ठिठुरते जरूरतमंद, रिक्शा चालकों व यात्रियों के बीच २०० कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर शिवम् सिंह ने बताया मेरे पिता का दिया हुआ ही संस्कार है कि जरूरतमंदों के सेवा में खड़ा रहता हूं। कंबल वितरण में मुख्य रूप से मथुरा महतो के भाई बसंत महतो, उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह व कमलेश आदि थे।

भूली नगर में चल रही नाट्य कार्यशाला

धनबाद (कासं) : भूली नगर पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के सौजन्य से कला निकेतन भूली नगर धनबाद के रंगशाला में २१ दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन चल रहा है। इस अवसर पर उमेश लोहारा जिला क्रीड़ा सह नोडल संस्कृति पदाधिकारी धनबाद का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की इस पहल की सराहना करता हूँ। इस नाट्य कार्यशाला से रंगकर्मियों में एक नई ऊर्जा प्राप्त होगी। नाट्य कार्यशाला में उपस्थित जिले के कलाकारों को निःशुल्क प्रशिक्षण में नाट्य विशेषज्ञ वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा ने नाट्य प्रशिक्षण में उपस्थित रंगकर्मियों को सर्वप्रथम भरत मुनि द्वारा रचित पंचम वेद (नाट्य शास्त्र) के ३६ अध्यायों की जानकारी दी। उसके बाद नाटक की परिभाषा, नाटक की अवस्था, आवश्यक तत्व एवम नाटकों में प्रयुक्त होने वाले रसों की विधिवत जानकारी दी। कलाकारों में आकाश सहाय, नित्या सहाय, रिया गुप्ता, अनुराधा श्रीवास्त, मुस्कान सिन्हा, कुलसुम, क्रान पासवान, धर्मवीर कुमार, राकेश कुमार, दीपक पंडित, प्रेम कुमार, निशांत कुमार, सतीश पासवान, प्रथम कुमार, मुरली धर महतो, अंकित कुमार व रंजीत मिश्रा आदि हैं।

चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

जोड़ापोखर (ससे) : जोड़ापोखर थाना में चोरी जैसी घटना पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों की बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें डिगवाडीह, फुसबंगला, जामाडोबा बाजार के व्यापारी वर्ग एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोग शामिल हुए। अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने किया। उन्होंने व्यवसायियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दुकान की देख रेख करने के लिए रात्रि प्रहरी रखे एवं उनका मोबाइल नंबर थाना को भी दे। उन्होंने कहा कि बड़े दुकानदार दुकान के समक्ष बेहतर लाइट की व्यवस्था के साथ सीसीटीवी जरूर लगाए। आपकी जागरूकता से ही ऐसी घटनाओं पर विराम लगाया जा सकता है। वहीं व्यवसायियों ने एक मत से पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की जिसपर थाना प्रभारी ने सहमति जताई।

बंगिया संगीत परिषद का वार्षिक परीक्षा खत्म

धनबाद (कासं) : जय प्रकाश नगर गली नं.१० स्थित धनबाद का ख्याति प्राप्त ड्राइंग इंस्टीच्यूट हॉबी सेंटर में रविवार को बांगिया संगीत परिषद का वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। सातवां व आठवां डिप्लोमा परीक्षा में झारखंड बिहार और वेस्ट बंगाल के विद्यार्थियों ने निर्धारित स्टिल लाइव और वाटर कलर से मार्केट सीन, फेस्टिवल एवं अन्य थीम के चित्रण को बहुत ही बारीकी से उकेर कर शानदार चित्रकारियों को कोलकाता से आए जज सुशांत चक्रवर्ती के समक्ष प्रस्तुत किया। सुशांत चक्रवर्ती ने बताया भारतीय चित्रकारी के इस सुनहरे सफर में देश के साथ बर्लिन, न्यूयॉर्क, फ्रांस में भी आर्ट और कल्चर के एग्जीबिशन उनके तत्वावधान में देश की कला और संस्कृति के

बनाए चित्रों ने एक शानदार छाप छोड़ी है। आज धनबाद के प्रख्यात ड्राइंग इंस्टीच्यूट हॉबी सेंटर में विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर एवं दमदार चित्रकारी पेश की है। जिन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जिसे प्राप्त कर किसी भी संस्थाओं एवं स्कूलों में शिक्षक का जॉब प्राप्त करने में सक्षम होंगे। हॉबी सेंटर के निदेशक एवं ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट शिव शंकर घर ने कहा कि यह परीक्षा बांगिया संगीत परिषद के नियमों एवं निर्देशानुसार सुचारू रूप से संचालित किया गया है। विद्यार्थियों ने काफी लगन, मेहनत और एकाग्रता के साथ परिपक्त चित्रकरी के गुण सीखे है और अब डिप्लोमा प्राप्त कर वर्तमान और भविष्य में वे हमारे देश के बच्चों को विभिन्न संस्थाओं एवं स्कूलों में गहन चित्रकारी के संदर्भ में बारीकियां का प्रशिक्षण देंगे। परीक्षा को सफल बनाने में चित्रकला में विशेष रुचि रखने वाले वरिष्ठ शिक्षकों अंजन आचार्य व नीलांशु भट्टाचार्य का सक्रिय योगदान था।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है : सांसद

धनबाद (कासं) : संगठन पर्व सदस्यता अभियान २०२४ के तहत रविवार को धनबाद सदर के अध्यक्ष राजाराम दत्ता की

अध्यक्षता में जगजीवन नगर स्थित धनबाद सांसद कार्यालय में सदस्यता अभियान चलाया गया। सांसद ढुल्लू महतो ने शक्ति केंद्र २४ ए में सदस्यता अभियान प्रारंभ किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र २४ ए के संयोजक उमेश सिंह सहसंयोजक मनोहर पांडे और सचिन सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि संगठन पर्व होता है जो भाजपा को सीधे जनता से जोड़ती है और इसे जनजन की पार्टी बनाती है। यही कारण है कि भाजपा आज १८ करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए ने देश को आगे बढ़ाया।

पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस अभियान को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। भाजपा देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष तक पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को हर ६ वर्ष के व्यक्ति भी देश का प्रधानमंत्री और पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। धनबाद के सांसद श्री ढुल्लू महतो जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अधिकारों की समानता के सायसाथ अवसर की भी समानता है। भाजपा में कोई बड़ा या छोटा नहीं, सभी को समान अवसर प्राप्त होते हैं।

सांसद ढुल्लू महतो जी के नेतृत्व में आज अनेकों व्यक्तियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम प्रोवर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गांव, गरीब, वंचित, दलित, शोषित, किसान, युवा, महिला सशक्तिकरण की पार्टी है। धनबाद सदर अध्यक्ष राजाराम दत्त ने कार्यकर्ताओं से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि इस क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति भाजपा में शामिल होने से वंचित न रहे।

कार्यक्रम का संचालन संजय झा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राम प्रसाद महतो ने किया। इस अवसर पर नितिन भट्ट, मिल्टन पार्थ सारथी, अशोक सिन्हा, सुरेश महतो, बॉबी पांडे, फुल जोशी, ज्योति नायर, राकेश कुमार, राजेश झा, कैलाश गुप्ता, हेमंत सिंहा, उमेश सिंह, विजय रजक रजत कुमार, केदार बरनवाल,विवेक गुप्ता, कन्हैया पांडे, अजय तिवारी, संजय मुखर्जी, आला पाल, जगत महतो सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

किसी कीमत पर नहीं चलेगी लाल झंडे की गुंडागर्दी : ढुल्लू महतो

निरसा (ससे) : माले विधायक की गुंडागर्दी किसी कीमत पर नहीं चलने देंगे। अबतक इनके पिता ने उद्योग को बन्द करवाने का काम ही किया है। मैं आपके साथ खड़ा हूँ आगे भी खड़ा रहूंगा। मैं एक किसान का बेटा हूं किसान ही किसान का दर्द समझ सकता है। ये बंगलादेशी आपका दर्द नहीं समझ सकता। ईमानदार बनने का नाटक करता है। वह कितना ईमानदार और भला करने वाला है जनता जान चुकी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अभी भी समय है पुलिस भ्रष्टाचार में लिप्त नेता के दबाव में आकर कार्रवाई करना बंद करे। गलत लोंगों के बहकावे में न आये, भ्रष्ट नेता के दबाव में ग्रामीणों पर पुलिस अत्याचार और कार्रवाई करना बंद करे। कार्रवाई करनी है तो निष्पक्ष करे। मैं उपायुक्त व एसएसपी से बात करूंगा। आवश्यक्ता पड़ी तो घेराव भी करूंगा। मैं आ गया हूं, डरने की कोई बात नहीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन कहते है ७५ प्रतिशत रोजगार देना होगा मगर ये बंगलादेशी नेता गुंडागर्दी पर उतर आया है। यह बर्दास्त करने लायक नहीं है। आपलोग जिस तरह शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन चला रहे है अपना काम करे, बिल्कुल न डरे। हम आपके साथ हैं।

उक्त बातें धरनास्थल पर पहुंचे सांसद ढुल्लू महतो जनता को सम्बोधित करते हुये कहा। उल्लेखनीय है कि ईसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी के ओसीपी में स्थानीय बेरोजगार युवकों के नियोजन के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के माले विधायक अरुप चटर्जी एवं भाजपा के पूर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता आमने सामने है। दोनों गुट के समर्थकों का धरना का आंदोलन का आज सातवां दिन है। दोनों ओर से प्रेसवार्ता का दौर भी जारी है। इस अवधि में दोनों पक्षों के बीच मारपीट, पत्थरबाजी, आगजनी की घटनां भी घटी। दोनों पक्षों ने निरसा थाने में नामजद प्राथमिकी भी दर्ज कराया है। मगर आरोप है कि पुलिस द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई हुई जिससे दूसरा पक्ष आक्रोशित है। इसी मामले में सांसद ढुल्लू महतो यहां पहुंच कर अपने समर्थकों का हौसला आफजाई ही नहीं की बल्कि दबाव में कार्य करने पर पुलिस को आड़े हाथों लिया।

हीरापुर में श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन आज

धनबाद (कासं) : सोमवार को श्री श्याम ध्वजा यात्रा हीरापुर द्वितीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन हीरापुर के चिल्ड्रन पार्क में होगा। कार्यक्रम में ५ हजार श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बाधारहित पंडाल का निर्माण किया जा रहा है साथ ही आकर्षक दरबार भी तैयार हो रहा है।प्रेस कॉन्फ्रेस में मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धालू छप्पन भोग के साथ भक्ति के सागर में गोते लगाएंगे। जाने माने भजन गायक राज पारिख एवं रेशमी शर्मा के साथ धनबाद के स्थानीय भजन गायक विवेक अग्रवाल अपने भजनों से श्याम भक्तों को भक्ति की सागर में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम में न सिर्फ धनबाद बल्कि आसपास के जिलों के साथसाथ बंगाल बिहार राजस्थान उड़ीसा छत्तीसगढ़ समेत कई जगह से श्याम भक्त यहां पहुंचेंगे।श्याम भक्तों के लिए प्राथमिक उपचार एवं शौचालय के साथ जूता चप्पल स्टॉल आदि की भी व्यवस्था रहेगी। पर्याप्त मात्रा में वालंटियर तैनात रहेंगे ताकि किसी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो।

गायत्री महायज्ञ का मनाय गया 19वां वार्षिकोत्सव

धनबाद (कासं) : रविवार को लाल बाजार झरिया में गायत्री यज्ञ का १९वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। रोहित शर्मा के यहाँ लाल बाजार में हर रविवार को होता आ रहा है। पांच कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। यज्ञ से पूरे लाल बाजार, बोरा पट्टी, केला पट्टी तथा आस पास के क्षेत्र के लोग गायत्री मंत्र से लाभान्वित हुए। शाम को भव्य दीप यज्ञ तथा भक्ति गीतों का भी सभी लोगों ने लाभ उठाया।

सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ को श्री महेश प्रसाद गुप्ता एवं भुवनेश्वर शास्त्री ने संपन्न कराया। यज्ञ को सफल बनाने में रोहित शर्मा, प्रवीण शर्मा, करण शर्मा, रेनू शर्मा, मीणा शर्मा, पूजा शर्मा, कुमार भृगु जी, विभूति सरन सिंह, ए. के गौतम, नागेन्द्रबरनवाल, एवं महिला समिति आरती सिंह, गरिमा जी भी सम्मिलित थी आदि लोगो ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।

शहादत समागम में विधायक ने टेका मत्था

धनबाद (कासं) : विधायक राज सिन्हा ने ४ साहिबजादों की शहादत को समर्पित मटकुरिया स्थित गौशाला प्रांगण में आयोजित सफर-एशहादत समागम में सम्मिलित होकर मत्था टेक शहादत को नमन किया। चार साहिबज़ादे शब्द का प्रयोग सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के चार सुपुत्रों साहिबज़ादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, ज़ोरावर सिंह, व फतेह सिंह को सामूहिक रूप से संबोधित करने हेतु किया जाता है। विधायक राज सिन्हा ने शहादत को याद करते हुए कहा की धर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा परिवार वार देने वाले सिख धर्म के दशवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके परिवार की शहादत अद्वितीय हैं। वीरता की अद्भुत मिशाल को याद करते हुए पूरा शरीर सिहर उठता हैं रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

रक्तदान शिविर में 61 यूनिट ब्लड संग्रह

धनबाद (कासं) : रविवार को भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति एवं मुस्कान एक प्रयास के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्त दान शिविर में ६१ यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया। एसजेएएस अस्पताल में शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, विशिष्ट अतिथि में झारखंड चुनाव आयोग आईकॉन श्वेता किन्नर, मधु सिंह, भारतीय रेड क्रॉस समिति संयुक्त सचिव सह युवा संघर्ष मोर्चा संयोजक दिलीप सिंह, प्रशांत बनर्जी, सतीश सिंह, बिट्टू मिश्रा, राधे श्याम गोस्वामी, अखिलेश सिंह, पिंकी गुप्ता, शेखर गुप्ता, ललिता सिंह, सुषमा प्रसाद मौजूद रहे। एसजेएएस हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुदीप पांडे उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक मनजीत सिंह ने कहा कि धनबाद जिले में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए भारत स्वाभिमान न्यास और मुस्कान एक प्रयास के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। धनबाद के किसी भी मरीज की मौत रक्त की कमी से नहीं हो यही कामना करते हैं। मुस्कान एक प्रयास के संस्थापक ललिता चौहान ने कहा कि निरसा के रक्तदाताओं ने बढ़चढ़कर इसमें हिस्सा लिया। दिलीप सिंह ने मुस्कान एक प्रयास संस्था और भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति के इस पहल की सरहाना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनोज सिंह, रविंद्र प्रधान, विजय कुमार, विशाल, झूलन मिश्रा, पप्पू मिश्रा, रंजीत साव, प्रकाश कुमार, तरुण अग्रवाल, बंटी सिंह, महेश कुमार, जसपाल सिंह, राजू, काजल बाउरी, वंदना, मोहम्मद हाशमी, नेहा कपूर, दीपक मिश्रा, गौरव रवानी, महेश मिश्रा, गौतम रवानी, रवि सिंह चौहान आदि का योगदान रहा।

नृत्य, गायन व चित्रकला प्रतियोगिता का समापन

धनबाद (कासं) : कोयला नगर कम्युनिटी हॉल के सभागार में द क्लब इंडिया के तत्वावधान में सतरंग २०२४ का आठवां आल इंडिया डांस म्यूजिक ड्राइंग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के निदेशक संतोष रजक ने बताया कि कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य, संगीत एवं गायन की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों को सोलो ड्युट, ग्रुप ट्रायो नृत्य एवं गायन में अतिथियों द्वारा मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय बच्चों को हौसला अफजाई कर, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचना है उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना है। इस कार्यक्रम में गिरिडीह के भी कलाकारों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति बहुत यादगार एवं प्रशंसनीय था।

इस कार्यक्रम में राजेश सिंह, अनूप गुप्ता, सुल्तान अहमद, रोहित रियांश, राजकुमार सुमन, उषा कुमारी, शिप्रा ने अपना योगदान दिया। जज की भूमिका प्रतिभाषकार व सुमित सवारियां द्वारा किया गया। मुख्य अथिति काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद, ९९ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट महेश मोदी, राजेश सिंह, शिप्रा, डॉ. निशांत भास्कर, एहसास एक अनुभूति की उपाध्यक्ष सरसी चंद्रा ने सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को ले क्रीड़ा भारती की बैठक

गोविंदपुर (ससे) : क्रीड़ा भारती द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर रविवार को क्रीड़ा भारती की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सूर्य सप्तमी (रथ सप्तमी) के मौके पर आगामी ४ फरवरी को भागवत कथा मैदान, गांधी मेला पथ गोविंदपुर में सूर्य नमस्कार आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों और कोचिंग संस्थानों से जुड़े बच्चे भाग लेंगे। उक्त अवसर पर क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में शामिल बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में मातृशक्ति की क्षेत्रीय प्रमुख शकुंतला मिश्रा, प्रांत संपर्क प्रमुख कौशल कुमार, जिला उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मुकुल पाण्डेय, शिशिर भगत, विनोद कुमार साव, दिलीप त्रिवेदी, स्वपन कुंभकार, शत्रुघ्न जायसवाल सुधीर सिन्हा, अधिवक्ता रम्मी रानी, राजेंद्र शर्मा, किशोर रावत आदि ने भाग लिया।

माले ने मनाया विनोद मिश्र की स्मृति दिवस

गोविंदपुर (ससे) : भाकपा माले गोविन्दपुर एरिया कमिटी की ओर से रतनपुर पार्टी कार्यालय में भाकपा माले के पूर्व महासचिव कॉ. विनोद मिश्र की २६वें स्मृति दिवस एवं झारखंड के पुरोधा स्व. वनोद बिहारी महतो की ३३वीं स्मृति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम दोनो महान व्यक्तित्व के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया तथा दौ मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात केन्द्रीय कमिटी का आह्वान और संकल्प पत्र का पाठ किया गया।

संकल्प पत्र मे कहा गया है कि इतिहास में बड़ेबड़े सवाल हमेशा सड़कों की लड़ाईयों से हल होते हैं। यह बात कॉ० विनोद मिश्र ने दिसम्बर १९९८ में पार्टी की केन्द्रीय कमिटी को अपने अन्तिम नोट में याद दिलाई थी।

उन्होनें युवा कम्युनिस्टों से अपील की थी कि वे चौतरफा पहल करें और उस फासीवादी खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज करें। क्रांतिकारी मार्कसवाद के लाल झंडे को मजबूती से बुलंद करने वाली एक मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी, ग्रामीण गरीबों का शक्तिशाली आंदोलन और भगवा साजिश के खिलाफ हर क्षेत्र में पहल करना होगा। आज जब हम कॉ० वी एम की २६वाँ स्मृति दिवस मना रहे हैं, तो उनकी बातें पहले से अधिक प्रासंगिक लगती हैं। मोदी सरकार को सत्ता में आए अब एक दशक से अधिक समय हो चुका है, सरकार के फ़ासीवादी एजेण्डे का पर्दाफाश हो चुका है, और विभिन्न मोर्चा पर प्रतिरोध भी बढ़ रहा है। बावजूद फांसीवादी सत्ता पर बने रहने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है।

फांसीवाद का मुकाबला करने के लिए हमें साम्प्रदायिकता, जातिवाद और कॉरपोरेट ताकत के खिलाफ प्रतिरोध को और व्यापक और धारदार बनाना होगा। वक्ताओं ने कॉ० बिनोद बिहारी महतो की जीवनी पर प्रकाश डाला। उनका पढ़ो और लड़ो। नारा आज और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। झारखंड निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। वे कम्युनिस्ट पृष्ठभूमि से आए थे। झारखंड आंदोलन में कम्युनिस्ट मूल्यों को स्थापित करने में अहम भुमिका निभाई थी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला सह सचिव कार्तिक प्रसाद उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय नेता कॉ० फटीक मंडल ने की। मौके पर लाल मोहन महतो, अभिजीत सिंह,जयजीत मुखर्जी, किशन प्रसाद महतो (मुखिया) बबलू मंडल (मुखिया) शफीक अंसारी, सीताराम कुंभकार, शुकदेव हरि, निरंजन गोराई, हेमंत दास, आनन्द रवानी, कारू दास, गंगाधर दास, राजवीर दास आदि मौजूद थे।

भाजपा की सदस्यता अभियान

धनबाद (कासं) : भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान का प्रारंभ रविवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिमला बहाल से झरिया विधायक रागिनी सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने शक्ति केंद्र संख्या ३५ पर शुभारंभ के साथ नमो एप के जरिए कई नए सदस्य बनाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष तरुण राय, जिला मंत्री राज किशोर जैना, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी, आईटी प्रभारी शिवांश श्रीवास्तव, महामंत्री संतोष रवानी, उपाध्यक्ष रामदेव शर्मा, उपाध्यक्ष रंजीत दास, मंत्री रूपेश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल गुप्ता, नंदू साव, सोनू रजक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सिंदरी विधायक को ग्रामीणों ने सौंपा आठ सूत्री मांगपत्र

सिंदरी (ससे) : रविवार को सेल चासनाला की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट में

भूमि का सिविल सर्वे पुन: कराने को लेकर ग्रामीणों ने आठ सूत्री मांगपत्र सिंदरी विधायक को सौंपा है। इसकी जानकारी देते हुए भाकपा माले नेता बिरजू सिंह ने आर्य समाज परिषद सिंदरी में रविवार को ग्रामीणों की बैठक के बाद प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि सेल चासनाला के संवेदक केटीएमपीएल कंपनी द्वारा भूमि का सिविल सर्वे कराया गया था। वह न्यायसंगत नहीं है। इसे पुन: कराया जाए। आठ सूत्री मांगपत्र में प्रोजेक्ट में हैवी ब्लास्टिंग बंद करने, कोयला भंडारण को चहारदीवारी के अंदर करने, प्रभावित क्षेत्रों के १९ वर्ष के युवाओं को नियोजन, पहले चरण के ५० प्रतिशत विस्थापितों को पुनर्वास शामिल है। आसनबनी में नवनिर्मित मकान का विधिपूर्वक सर्वे व सरकार द्वारा आर एन आर पॉलिसी के तहत निर्धारित सुविधाएं और पहले चरण के १९ एकड़ ९४ डिसमिल जमीन का पुन: जाँच भी शामिल है। प्रेसवार्ता में प्रोजेक्ट के गैर रैयत निवासी ने बताया कि केटीएमपीएल कंपनी पहले एक लाख रुपए की रकम के लिए भूअर्जन कार्यालय धनबाद भेजती है। उसके बाद सेल और केटीएमपीएल के अधिकारियों से ग्रामीणों के बीच सौदा करवाती है। ग्रामीणों ने कहा कि सेल और उसकी संवेदक कंपनी केटीएमपीएल ग्रामीणों के साथ भेदभाव की नियत अपना रही है। मौके पर भाकपा माले नेता बिरजू सिंह ने कहा कि कंपनी त्वरित कार्यवाही नहीं करती है तो ग्रामीणों को गोलबंद कर जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि माँगपत्र पर चर्चा हुई है। भूअर्जन पदाधिकारी से संपर्क कर जानकारी ली जाएगी।

बैठक में बिरजू सिंह, जितेंद्र सिंह, सूरज दुबे, अभय सिंह, विशाल राणा, भाले सिंह, दिपक सिंह, संजय प्रसाद, राजकिशोर सिंह, ममता गोप, पुतुल देवी, सुनिता देवी, प्रभा कुमारी, मीना देवी, ज्योत्स्ना देवी, आशा देवी सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

राशन दुकान से चोरों ने उड़ाए 3 लाख नकदी

निरसा (ससे) : चिरकुंडा थाना अंतर्गत पंचेत रोड स्थित मनोज अग्रवाल की राशन दुकान में चोरों ने शनिवार की रात्रि पीछे की दीवार काट कर दुकान से नकद ३ लाख चोरी कर फरार हो गया। इस संबंध में अग्रवाल ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है। दुकान मालिक मनोज अग्रवाल ने बताया कि शनिवार की रात्रि करीब ८ बजे दुकान बंद कर वे नेहरू रोड स्थित नगर परिषद के समीप अवस्थित अपने घर चले गए थे।

रविवार सुबह जब दुकान आकर खोला तो देखा कि चोरों ने दुकान के पीछे का दीवार व एजबेस्टर तोड़ दिया गया है और अंदर प्रवेश किया तो देखा कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा काट दिया है। वही बगल में स्थित लाइफ लाइन मेडिकल में लगे सीसीटीवी कैमरा के तार को भी काट दिया है। जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है। भुक्तभोगी दुकानदार ने बताया कि दुकान से और कोई समान नहीं ले गया है दो गल्ला को तोड़कर तथा काटकर उसमे रखे ३ लाख रू नकद चोर लेकर भाग गया।

सूचना मिलते ही चिरकुंडा थाना के एसआई निरंजन सिंह घटनास्थल पर पहुचे व दुकान मालिक से घटना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई है जल्द ही इस घटना का उद्वेदन कर दिया जाएगा।

संपादकीय

भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ा दाखिलों का ग्राफ

उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिलों का ग्राफ इस अकादमिक सत्र 2024 - 25 में चढ़ा है! खासकर उत्तर भारत में हरियाणा, दिल्ली और पंजाब के उच्च शिक्षण संस्थानों में एक दशक के बाद रौनक लौटी है! तकनीकी शिक्षण संस्थानों में दाखिला वर्ष 2024-25 में औसतन 15 फीसदी दाखिले अधिक हुए हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों से जुड़े विभिन्न 'एडेड एवं अन-एडेड संगठन' इस बढ़त को राहत बताते हैं! इस औसतन दाखिला वृद्धि में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन (यू.जी.सी) सहित विभिन्न अकादमिक रेगुलैरिटी बॉडीज की पहलकदमियां भी शामिल हैं। पंजाब के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में दाखिले बढ़ने से विभिन्न वर्ग में सकारात्मकता नजर आई है।

उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले बढ़ने का कारण कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उच्च शिक्षा में दाखिले मुश्किल होना भी है। पंजाब सहित विभिन्न प्रदेशों से अधिकतर विद्यार्थी ओवरसीज एजुकेशन में रुचि रखने लगे हैं। यह एक वजह सही है, मगर बड़े स्तर पर भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों की रेगुलैरिटी बॉडीज द्वारा लिए गए अहम फैसले भी इस बार दाखिलों के बढ़ने में कारगर साबित हुए हैं। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन (यू.जी.सी.) की तरफ से वर्तमान अकादमिक सत्र 2024-25 के दाखिले आरंभ होने से पहले लिए गए साल में दो बार दाखिलों की अनुमति देना, नैशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत मल्टी एंट्री मल्टी एग्जिट सिस्टम लागू करना, बी.वाक कोर्सेस में विश्वास बढ़ना, प्राइवेट सैक्टर सहभागिता होना, फैकल्टी एवं इंस्टीच्यूशन रैंकिंग होना, नैतिक शिक्षा का प्रसार होना, अंडर ग्रैजुएट कोर्सेस में सीट बढ़ौतरी करना, यू.जी.सी. डायरैक्ट मॉनिटरिंग होना भी दाखिला बढ़ौतरी के लिए सहायक सिद्ध हुआ है। यू.जी.सी. की इन पहलकदमियों ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में भारतीय शिक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाया है।

पंजाब की 4 तकनीकी यूनिवर्सिटीज आई.के. गुजराल पंजाब टैक्नीकल यूनिवर्सिटी जालंधर-कपूरथला, महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टैक्नीकल यूनिवर्सिटी बठिंडा, सरदार बेअंत सिंह स्टेट टैक्नीकल यूनिवर्सिटी गुरदासपुर, शहीद भगत सिंह स्टेट टैक्नीकल यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में इस बार औसतन 15 फीसदी दाखिलों में बढ़त दर्ज की गई है। इन यूनिवर्सिटीज के पास करीब 1 लाख 5 हजार सीट्स विभिन्न कोर्सेस में हैं, इनमें ए.आई.सी.टी.ई, यू.जी.सी. काऊंसिल फॉर आर्किटैक्ट फार्मेसी काऊंसिल इत्यादि से जुड़े

कोर्सेस शामिल हैं। वर्तमान आंकड़ों के मुताबिक 60 हजार से अधिक सीटें भरी हैं, जो कि बीते वर्ष के मुकाबले लगभग 10 से 15 प्रतिशत अधिक हैं। प्रदेश की पहली तकनीकी यूनिवर्सिटी आई.के.जी.पी.टी.यू. दाखिला सत्र 2024 - 25 में 46,150 सीट्स सभी संबंधित कालेजों एवं यूनिवर्सिटी कैम्पस में भरी गई हैं। बीते साल से यह आंकड़ा 10 फीसदी बढ़ा है। बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष लगभग 5000 से अधिक सीटें एफिलिएटेड कालेजों में अधिक भरी हैं।

उधर प्रदेश की अन्य स्टेट यूनिवर्सिटीज गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी श्री अमृतसर साहब, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला कैम्पस एवं संबंधित कालेजों के आंकड़ों में भी 12 प्रतिशत का ओवरऑल एवं कुछ कोर्सेस में 25 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। इनमें कॉमर्स एवं बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े कोर्सेस भी शामिल हैं।

देश में भी अब सिर्फ बड़े शिक्षण संस्थानों को ही नहीं बल्कि हर शिक्षण संस्थान को आगे आना होगा! जिम्मेदारी से हर विद्यार्थी की जरूरत को समझना होगा। विद्यार्थी एवं शिक्षण संस्थान के संबंध ही मुकाम हासिल करने में मदद करेंगे! तभी विश्वास बढ़ेगा और देश भर में दाखिलों में बढ़ौतरी का क्रम चलता रहेगा। इस बार के प्रयास एवं सफलता पंजाब में युवाओं के अध्ययन के बाद बसने का एक स्वस्थ वातावरण बनाने वाली है। सरकार ने विभिन्न पहल एवं संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकारी योजनाएं, पहलकदमियां सभी के लिए एक समावेशी और समान शैक्षिक प्रणाली बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। यह बीते कई साल से दाखिलों में कमी से मंदी से जूझ रहे कालेजों की यह उम्मीद, हिम्मत और जज्बे की जीत है। अब इसे बरकरार रखने के लिए कालेजों, यूनिवर्सिटीज एवं सरकारी तंत्र को मिलकर काम करना होगा।

मुंबई हादसे को लेकर नौका कंपनियां कटघरे में, 3 नौसैनिकों की हुई थी मौत

मुंबई में पर्यटन के लिए निकले यात्रियों को क्या पता था कि वे हादसे की नौका पर सवार हैं! बुधवार को हुई दुर्घटना ने एक बार फिर कई सवाल खड़ा कर दिए हैं, जिसमें घोर बदइंतजामी उजागर हुई है। इंजन परीक्षण के लिए जा रहा नौसेना का पोत अचानक नियंत्रण खो देगा, शायद इसकी कल्पना न तो इसके चालकों ने की होगी और न पर्यटकों को ले जा रही नौका के चालक सदस्यों ने। मगर इस घटना में जिस तरह की खामियां और लापरवाही सामने आई है, वह गंभीर है। दुर्घटना से पहले यह नौका गेटवे आफ इंडिया से पर्यटकों को लेकर एलिफेंटा द्वीप जा रही थी। उस समय इस पर एक सौ दस से अधिक यात्री सवार थे। जबकि नौका की क्षमता अस्सी यात्रियों की थी। सवाल है कि निर्धारित संख्या से अधिक यात्रियों को ले जाने की अनुमति किसने दी? संयोग की बात है कि हादसे के तुरंत बाद समुद्री पुलिस, तटरक्षक बल और नौसेना के बचाव दल के साथ मछुआरों ने भी आगे आकर निन्यानबे पर्यटकों को डूबने से बचा लिया। अगर जरा भी देरी हुई होती, तो कई और यात्रियों की जान चली जाती। दुखद है कि तीन नौसैनिकों और दस नागरिकों को नहीं बचाया जा सका। यात्रियों को सामान की तरह लाद कर ले जाने वाली नौका का संचालन करने वाली कंपनी अगर यात्रियों की निर्धारित संख्या का नियम तोड़ने पर सख्ती दिखाती और नौका पर हर यात्री के लिए जीवनरक्षक जैकेट न रखने जाने पर परिचालन कर्मियों से जवाब-तलब करती, तो शायद यह नौबत नहीं आती। समुद्र में पोत की टक्कर से नौका पलटने पर आखिर यात्री अपनी जान कैसे बचाते? हादसे में बचे पर्यटकों ने शिकायत की कि नौका पर उनके लिए पर्याप्त जीवनरक्षक जैकेट नहीं थे। यात्रियों की सुरक्षा की चिंता किए बिना नाव किस आधार पर चलाई जा रही थी? जाहिर है, ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए यात्रियों के जीवन को जोखिम में डालने वाली नौका कंपनियों को भी कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। प्रशासन ने अब नाव पर सवार होने वाले सभी यात्रियों के लिए जीवनरक्षक जैकेट बेशक अनिवार्य कर दिया हो, लेकिन ऐसे कदम हादसे के बाद उठाने के बजाय अगर नियमित सुरक्षा इंतजामों की निरंतर जांच और निगरानी हो, तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

आज का कार्टून

क्या मोदी सरकार के तहत माओवादियों का अंत हो जाएगा?

अंशुमान बेहरा

> माओवादी आंदोलन को बढ़ावा देने वाले गहरे सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक ठोस प्रयास होना चाहिए. साथ ही, माओवादियों को यह पहचानना होगा कि भारतीय राज्य के खिलाफ उनका सशस्त्र संघर्ष काफी हद तक निरर्थक रहा है, और अब समय आ गया है कि हिंसा का रास्ता छोड़कर संवाद और शांतिपूर्ण समाधान अपनाया जाए. लंबे समय तक चलने वाले विद्रोह सामाजिक सामंजस्य पर स्थायी निशान छोड़ जाते हैं, और प्रभावित समुदायों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में सिर्फ सैन्य जीत से ज्यादा की जरूरत होगी. अगर माओवादियों को हराना है, तो सरकार को प्रभावित आबादी के पुनर्वास और उनकी शिकायतों के मूल कारणों को दूर करने पर भी ध्यान देना चाहिए. माओवादी आंदोलन के अंत से एक नए अध्याय की शुरुआत होनी चाहिए, जिसमें उपचार, सुलह और स्थायी शांति को प्राथमिकता दी जाएगी.

माओवादियों के खात्मे के बारे में भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान ने काफी ध्यान आकर्षित किया है. मंत्री ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार मार्च 2026 तक माओवादियों का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध है. इस तरह के बयान से माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली वर्तमान और भविष्य की रणनीतियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है. मार्च 2026 को उस समय सीमा के रूप में चिह्नित करने वाली स्पेसिफिक समयसीमा, जिसे कभी सबसे बड़ा आंतरिक सुरक्षा खतरा माना जाता था, सतर्क आशावाद और वास्तविक चिंता दोनों के लिए आधार प्रदान करती है. जैसा कि गृह मंत्री ने जोर दिया, पिछले एक दशक में सरकार के प्रयासों से माओवादियों में काफी कमी आई है. उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में माओवादी हिंसा के कारण नागरिकों और सुरक्षा बलों दोनों की मौतों में सौ से कम की कमी आई है. हालांकि, यह दावा बहस का विषय है, लेकिन यह सच है कि पिछले साल माओवादी गतिविधि से प्रभावित क्षेत्रों में सबसे कम हताहत हुए थे. विभिन्न राज्यों के तीस आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के साथ अपनी बैठक के माध्यम से अमित शाह ने उनसे अपने हथियार छोड़ने और भारत की व्यापक विकास यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया. साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग आत्मसमर्पण करने से इनकार करते हैं, उन्हें सुरक्षा बलों की सैन्य कार्रवाई के परिणाम भुगतने होंगे.

माओवादियों से हथियार छोड़ने की यह अपील, साथ ही तीव्र सैन्य कार्रवाई की धमकी, गहन विश्लेषण की मांग करती है. इसके अलावा, माओवादी विद्रोह, भारत में सबसे लंबे समय से चल रहे सशस्त्र आंदोलनों में से एक है, जो गंभीर जांच का हकदार है, क्योंकि यह अत्यधिक राज्य शक्ति के सामने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है.

पिछले दशक में माओवादियों से निपटने के लिए सरकार के दृष्टिकोण में पिछली नीतियों और नई पहलों के साथ निरंतरता देखी गई है. सरकार ने तीन-आयामी रणनीति का पालन किया है. माओवादी हिंसा को रोकने के उद्देश्य से एक उग्रवाद-विरोधी सैन्य दृष्टिकोण, माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय आबादी की शिकायतों को दूर करने और उन्हें माओवादी प्रभाव से अलग करने के उद्देश्य से एक विकासात्मक रणनीति शामिल है. इसके अलावा माओवादी उग्रवादियों को मुख्यधारा के समाज में लौटने का अवसर प्रदान करने वाली आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति. भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण नई पहल स्थानीय आबादी के अधिकारों और हकों को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना है. हालांकि, स्थानीय मांगों को पूरी तरह से पूरा करने में इन प्रयासों की सफलता पर बहस हो सकती है, लेकिन निस्संदेह इनसे राज्य की छवि को बेहतर बनाने में मदद मिली है.

एनडीए सरकार ने माओवादियों का मुकाबला करने के लिए एक नई रणनीति, समाधान भी शुरू की. यह रणनीति आठ प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है. इसमें स्मार्ट नेतृत्व, आक्रामक सैन्य रणनीति, प्रेरणा और प्रशिक्षण, कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी, डैशबोर्ड-आधारित प्रमुख प्रदर्शन संकेतक और प्रमुख परिणाम क्षेत्र , टेकनोलॉजी उपयोग, प्रत्येक परिचालन थिएटर के लिए एक कार्य योजना और माओवादी वित्तपोषण तक पहुंच को रोकना शामिल है. समाधान की प्रभावशीलता माओवादी हताहतों, गिरफ्तारियों और आत्मसमर्पणों की बढ़ती संख्या में देखी जा सकती है.

दक्षिण एशियाई आतंकवाद पोर्टल के अनुसार 2014 से अब तक 1,700 माओवादी मारे गए हैं, 6,487 गिरफ्तार हुए हैं और 11,413 ने आत्मसमर्पण किया है. छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद एक उल्लेखनीय घटना घटी, जहां सुरक्षा बलों ने कई लक्षित मुठभेड़ों को अंजाम दिया, जिसके परिणामस्वरूप कई माओवादी मारे गए. हालांकि, इन मुठभेड़ों की आलोचना की गई है, क्योंकि कुछ लोगों का तर्क है कि सरकार अधिक समझौतावादी हो सकती थी, खासकर तब जब छत्तीसगढ़ में माओवादियों की उपस्थिति उस समय तक कुछ ही इलाकों तक सीमित थी.

इन आलोचनाओं के बावजूद माओवादियों की घटती ताकत और सुरक्षा अभियानों की सफलता मंत्री के इस दावे को विश्वसनीयता प्रदान करती है कि मार्च 2026 तक माओवादी खतरे को बेअसर किया जा सकता है. फिर भी, मुख्य मुद्दा बना हुआ है कि क्या माओवादी आंदोलन का अंत बल प्रयोग से होगा, या भविष्य में सरकार और माओवादियों के बीच बातचीत शुरू की जा सकती है? माओवादी नेतृत्व और गतिविधियों के वर्तमान प्रक्षेपवक्र को देखते हुए, इस बात के बहुत कम संकेत हैं कि बातचीत आसन्न है. पिछले दशक में माओवादी आंदोलन में संगठनात्मक नेतृत्व और परिचालन गतिविधियों दोनों के संदर्भ में काफी बदलाव हुए हैं. आंदोलन ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में अपने कई नेताओं को खो दिया है. ख्रक्रके आंकड़ों के अनुसार, पिछले दस साल में सुरक्षा बलों ने 343 माओवादी नेताओं को मार गिराया है, जिनमें नौ राष्ट्रीय नेता, 51 राज्य नेता और 283 स्थानीय नेता शामिल हैं. इससे न केवल नेतृत्व में महत्वपूर्ण कमी आई है, बल्कि माओवादियों के लिए नए कैडर की भर्ती करना भी मुश्किल हो गया है. माओवादियों के घटते समर्थन आधार ने उन्हें और अलग-थलग कर दिया है, जिससे स्थानीय समुदायों से सुरक्षा या सहायता प्राप्त करने की उनकी क्षमता कम हो गई है. 2018 से केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के सदस्य नंबाला केशव राव का नया नेतृत्व स्थानीय आबादी के बीच विश्वास जगाने में विफल रहा है. इसके बजाय उनके अभियान किसी भी सार्थक वैचारिक या रणनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के बजाय सुरक्षा बलों को निशाना बनाने पर केंद्रित रहे हैं. आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों ने गवाही दी है कि माओवादी नेतृत्व अपनी वैचारिक जड़ों से काफी हद तक भटक गया है, अत्यधिक केंद्रीकृत और प्रभावशाली बन गया है, जिसमें अपने कैडरों के लिए बहुत कम सम्मान है.

इसके अलावा सरकार की विकास पहलों और शासन में सुधार ने माओवादियों के लिए पैर जमाना मुश्किल बना दिया है. ऐतिहासिक रूप से माओवादियों ने हाशिए पर पड़े समुदायों की शिकायतों का हवाला देकर अपने हिंसक विद्रोह को उचित ठहराया है. हालांकि, जैसा कि राज्य ने इनमें से कई चिंताओं को संबोधित किया है, माओवादियों को व्यवहार्य विकल्प प्रस्तुत करने में संघर्ष करना पड़ा है. इससे आंदोलन का पतन और तेज हो गया है. इस प्रकार, 2026 तक माओवादी विद्रोह के समाप्त होने की संभावना अधिक प्रशंसनीय लगती है.

दशकों की हिंसा और व्यवधान के बाद माओवादी विद्रोह का अंत निस्संदेह एक सकारात्मक विकास है. हालांकि, कुछ मुद्दों को स्वीकार करना आवश्यक है, जिन्हें माओवादियों ने अपने सशस्त्र संघर्ष के वर्षों के दौरान हाशिए के समुदायों की ओर से उठाया था. छह दशकों से अधिक समय में माओवादी आंदोलन ने प्रभावित क्षेत्रों के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने पर गहरा प्रभाव डाला है. चल रहे संघर्ष ने हजारों लोगों को विस्थापित किया है, सामाजिक गतिशीलता को बदल दिया है, और कुछ मामलों में, हाशिए के समुदायों के भीतर विभाजन को गहरा कर दिया है, जबकि मार्च 2026 तक माओवादियों को खत्म करने की सरकार की प्रतिबद्धता को व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक आवश्यक कदम के रूप में देखा जा सकता है, यह महत्वपूर्ण है कि इस लक्ष्य को केवल क्रूर बल के माध्यम से हासिल न किया जाए.

माओवादी आंदोलन को बढ़ावा देने वाले गहरे सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक ठोस प्रयास होना चाहिए. साथ ही, माओवादियों को यह पहचानना होगा कि भारतीय राज्य के खिलाफ उनका सशस्त्र संघर्ष काफी हद तक निरर्थक रहा है, और अब समय आ गया है कि हिंसा का रास्ता छोड़कर संवाद और शांतिपूर्ण समाधान अपनाया जाए. लंबे समय तक चलने वाले विद्रोह सामाजिक सामंजस्य पर स्थायी निशान छोड़ जाते हैं, और प्रभावित समुदायों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में सिर्फ सैन्य जीत से ज्यादा की जरूरत होगी. अगर माओवादियों को हराना है, तो सरकार को प्रभावित आबादी के पुनर्वास और उनकी शिकायतों के मूल कारणों को दूर करने पर भी ध्यान देना चाहिए. माओवादी आंदोलन के अंत से एक नए अध्याय की शुरुआत होनी चाहिए, जिसमें उपचार, सुलह और स्थायी शांति को प्राथमिकता दी जाएगी.

भाजपा के खिलाफ एकजुट दिखाई दिया विपक्ष

> कांग्रेस की महत्वपूर्ण चुनावी हार के मद्देनजर, सहयोगी दल सत्ता समीकरणों को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पार्टी से गठबंधन में अपनी नेतृत्वकारी भूमिका को सही ठहराने के लिए कहा है, न कि इसे हल्के में लेने के लिए। जबकि टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने इस पद को हासिल करने के लिए कदम बढ़ाया है और शरद पवार और लालू प्रसाद जैसे क्षत्रपों का समर्थन प्राप्त कर 'इंडिया' ब्लॉक का नेतृत्व किया है।

राहिल नोरा चोपड़ा

समाजवादी पार्टी ने भी यू.पी. उप-चुनावों में अपनी ताकत दिखाई है और अब उसने दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने का फैसला किया है, जिन्हें कांग्रेस चुनौती दे रही है। उद्धव ठाकरे ने हिंदुत्व विचारक और स्वतंत्रता सेनानी सावरकर के लिए भारत रत्न की मांग की। उनकी हिंदुत्व साख को पुनः प्राप्त करने का प्रयास राहुल गांधी के सावरकर के खिलाफ लगातार अभियान के बिल्कुल विपरीत है। कांग्रेस ने अडानी विवाद जैसे मुद्दों पर सहयोगियों के साथ खुद को अलग पाया है, जिसमें टी.एम.सी. और सपा ने भी उसका साथ दिया है।

विपक्ष ने पार्टी लाइन से हटकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। उन पर राज्यसभा में अपने बयान में डा. बी.आर. आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा और आर.एस.एस.पर आंबेडकर के योगदान को कमतर आंकने का आरोप लगाया। जबकि 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने तेदेपा प्रमुख एन.चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखे। दोनों

भाजपा के प्रमुख सहयोगी हैं। केजरीवाल ने शाह पर 'लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने' का आरोप लगाया और दोनों नेताओं से भाजपा के साथ अपने गठबंधन पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

शाह के बयानों को सुर्खियों में रखकर, उन्होंने प्रभावी रूप से भाजपा को रक्षात्मक स्थिति में लाने के लिए मजबूर कर दिया है, जो संसद में दुर्लभ है जहां सत्तारूढ़ दल अक्सर बहस की शर्तें तय करता है। एक बार फिर विपक्ष भाजपा के खिलाफ एकजुट दिखाई दिया है।

2027 के यू.पी. विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी कांग्रेस ः कांग्रेस द्वारा राज्य कार्यकारिणी, जिला, शहर और ब्लॉक इकाइयों को भंग करने का फैसला पार्टी संगठन को नए सिरे से खड़ा करने के लिए जरूरी पहला कदम है, ताकि इसे 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए तैयार किया जा सके। कांग्रेस को उम्मीद है कि इससे उसकी मौजूदगी बढ़ेगी और गठबंधन की बातचीत में अहम भूमिका भी निभाएगी। पार्टी यह भी चाहती है कि भविष्य में सहयोगियों के साथ बातचीत के दौरान अलग-अलग मजबूत सीटों पर अपने नेताओं को आगे बढ़ाने के लिए और जगह मिल सके। चर्चा है कि कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष अजय राय, जिन्हें प्रियंका गांधी की आंख और कान माना जाता है, को पदोन्नत कर ए.आई.सी.सी. में भेजा जाएगा। राय भूमिहार जाति से आते हैं, जो पूर्वी यू.पी. में एक छोटी आबादी है, जिसका मुश्किल से 5 संसदीय क्षेत्रों में प्रभाव है। चर्चा है कि गांधी परिवार के बेहद भरोसेमंद सहयोगी और अमेठी से सांसद के.एल. शर्मा को यू.पी. कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।

किशोरी लाल शर्मा 1984-85 से गांधी परिवार के लिए अमेठी के मामलों का प्रबंधन कर रहे हैं, जिससे उन्हें यू.पी. कांग्रेस की पूरी समझ है। इसके अलावा, उन्होंने नई दिल्ली में महादेव रोड पर एक कार्यालय स्थापित किया है, जहां यू.पी. कांग्रेस के शिकायतकर्त्ता अक्सर आते हैं। शर्मा सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका गांधी तक उनकी समस्याओं को पहुंचाने का काम करते हैं।

दिल्ली के मुद्दे उठाएंगे वामपंथी दल ः वामपंथी दल दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से अपील की है कि 'इंडिया' ब्लॉक को मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। गुरुवार को एक प्रैस कांफ्रेंस में वामपंथी दलों ने 5 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के वादे के साथ एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। जबकि दिल्ली नगर निगम का विकेंद्रीकरण, शहरी स्थानीय निकायों को शक्तियों का हस्तांतरण और बेरोजगारी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, न्यूनतम मासिक मजदूरी को बढ़ाकर 26,000 रुपए करना, पेयजल जैसे मुद्दे वामपंथी दल उठाएंगे।

सी.पी.आई. (एम) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वकील अशोक अग्रवाल और जगदीश चंद को क्रमशः करावल नगर और बदरपुर से मैदान में उतारा है। सी.पी.आई. (एम.एल.) ने 2 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है। नरेला से उसने अनिल कुमार के नाम की घोषणा की है, जबकि कोंडली सीट के लिए अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

सी.पी.आई. ने विकास पुरी से शेजी वर्गीस और पालम सीट से दलीप कुमार को उम्मीदवार बनाया है। महाराष्ट्र भर में दौरा करेंगे ओ.बी.सी. नेता छगन भुजबल ः 77 वर्षीय ओ.बी.सी. नेता छगन भुजबल ने महाराष्ट्र भर में दौरा करने और लोगों से बातचीत करने का फैसला किया है और यहां तक कि इसी तरह का रास्ता अपनाने का संकेत भी दिया है। उन्होंने अपनी खास नाटकीय शैली में कहा, ''जहां नहीं चैना, वहां नहीं रहना।'' उन्होंने एन.सी.पी. अध्यक्ष और उप-मुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा नई महायुति कैबिनेट में जगह न दिए जाने पर निराशा व्यक्त की, लेकिन दावा किया कि भाजपा के सी.एम. देवेंद्र फड़णवीस वास्तव में उन्हें मंत्री बनाना चाहते थे। भुजबल ने कथित तौर पर पार्टी को अपनी मर्जी से चलाने के लिए अजित की आलोचना भी की। राजनीतिक हलकों में हलचल मची हुई है, जो उभरती स्थिति पर भुजबल की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है।

सम्मेलन में शैक्षणिक उत्थान में सहयोग का दिया आश्वासन

बोकारो (ससे): रविवार का दिन डीपीएस बोकारो के लिए एक यादगार अनुभवों से भरा दिन रहा। अवसर था भूतपूर्व विद्यार्थियों के सम्मेलन स्मृतिधारा का। खास बात यह रही कि इस सम्मेलन में विद्यालय की स्थापना के बाद प्रथम बैच १९९१ के विद्यार्थी शामिल हुए। तीन दशक से भी अधिक समय के बाद आज जिंदगी के खास मुकाम पर पहुंचे इन पुराने विद्यार्थियों का समागम अपने-आप में अविस्मरणीय व अनूठा अनुभव रहा। सभी ने अपने आह्लादित हो अपने पुराने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया तथा कौतूहल, उत्साह और पूरी उत्सुकता के साथ अपने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया।

भावनात्मक स्मृतियां संजोए ३३ वर्ष पुराने अतीत में जाकर वे अपने क्लासरूम, खेल के मैदान, सभागार सहित स्कूल कोने-कोने को निहारते देखे गए। उन्होंने विद्यालय में आए बदलावों को देखा, आधारभूत संरचनाओं में आई बेहतरी पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आपस में अपने विचार व अनुभव साझा किए। साथ ही, इन पलों को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद भी किया। इस यादगार घड़ी का साक्षी उन दिनों के विद्यालय के शिक्षक भी बने। उस समय के विद्यालय के शिक्षक और वर्तमान में स्कूल के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार, वयोवृद्ध शिक्षिका शीला राय शर्मा, डॉ. एस. एस. महापात्रा एवं डॉ. अरुणजी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इसके पूर्व, विद्यालय की छात्राओं ने सभी आगुंतक भूतपूर्व विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर तथा पुष्प भेंट कर स्वागत किया। स्वागत गान एवं विद्यालय गीत के उपरांत बच्चों ने विद्यालय के इस संस्थापक बैच के पुरातन छात्र-छात्राओं के सम्मान में आर्केस्ट्रा और मनोरम नृत्य तथा संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की नन-स्टॉप मेडली से समां बांध दिया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि बीता हर साल एक अनुभव देकर जाता है। उन्होंने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आज के बच्चों का मार्गदर्शन कर उनका भविष्य संवारने की दिशा में उनसे सहयोग की अपील की। इसके आलोक में पहले बैच के सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों ने डीपीएस बोकारो के साथ-साथ इस्पातनगरी बोकारो के शैक्षणिक विकास में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। खास तौर से बच्चों को उद्यमशीलता की अवधारणा व महत्ता समझाने और उनके करियर मार्गदर्शन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में पुराने शिक्षक रहे डा.अरुण, श्रीमती शर्मा एवं श्री महापात्रा ने भी उस जमाने के अपने विचार साझा किए। तदुपरांत बारी-बारी से भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव बताए। किसी ने डीपीएस बोकारो में आना अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ निर्णय बताया, तो किसी ने विद्यालय की तुलना साकेत (अयोध्या धाम) से की। किसी ने विद्यार्थी जीवन की शरारतें, नादानियों अपनी कमजोरियों और खासियतों को हास्यास्पद अंदाज में प्रस्तुत कर गुदगुदाया तो किसी ने पुराने वाकये बताते हुए शिक्षकों के साथ अपने जुड़ाव की चर्चा की। इस बीच शिक्षक डा. अरुणजी का गायन और भूतपूर्व छात्र डा. सुमित सेठ की सहधर्मिणी चिकित्सक डा. वारिजा की कविता - लिखूं कि जिंदगी तुम्हारे बाद तुम्हें याद करे... ने सबका मन मोह लिया। इस क्रम में प्रथम बैच की स्मृतियों को संजोई एक स्मारिका मेमरीबिलिया-स्मृतिधारा का विमोचन भी किया गया। उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थियों में आशीष वर्मा, अमरेश ओझा, कुमार रंजन, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, तुषार कुमार सिंह, अनुपमा, राजीव रंजन, प्रणव झा, नितिन चरण, गौतम, मृत्युंजय कुमार, डॉ. सुमित सेठ, डॉ. सुष्मिता प्रकाश, संजू सिन्हा, जया सिंह आदि शामिल रहे। अंत में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी को स्मृति-फलक भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद भूतपूर्व विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों का भी आनंद लिया तथा बचपन की यादें ताजा कीं।

श्रद्धा के साथ की गयी मां शारदा की जन्मतिथि पूजा

बोकारो (ससे): रविवार को बोकारो के सेक्टर वन बी स्थित श्री रामकृष्ण विवेकानंद संघ द्वारा श्री श्री माँ शारदा की जन्मतिथि पूजा का आयोजन श्रद्धा व उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित पूजा, हवन, पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच फल प्रसाद, खीर व खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री रामकृष्ण विवेकानंद संघ, बोकारो के सचिव प्रणव मित्रा सहित स्वाति मित्रा, बी के चक्रवर्ती, अजीत कुंडु, समीर पैतंडी, अमरनाथ झा, प्रशांत कुमार झा, अरुण पाठक, महेश कुमार लाल, संजय, राकेश, शिवा, कावेरी गुहा, पंकज दास, मिली दास, पूजा झा, बी डी दास, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

सचिव प्रणव मित्रा व संघ के सक्रिय सदस्य प्रशांत झा ने बताया कि श्री रामकृष्ण विवेकानंद संघ, बोकारो द्वारा हर वर्ष श्री श्री माँ शारदा, भारत के सुप्रसिद्ध संत स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस व स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी जाती है। इसके अलावे हर महीने एकादशी पूजा का आयोजन भी होता है, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

चिरेका को भारतीय रेल की बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड

चितरंजन (ससे): चितरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) को शानदार उत्पादन प्रदर्शन के लिए भारतीय रेल की 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड २०२४' प्रदान किया गया है. दिनांक २१.१२.२०२४ को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित ६९वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह २०२४-अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार २०२४ के तहत यह शील्ड चिरेका को और भारतीय रेल की अन्य उत्पादन इकाई आरसीएफ को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया. अश्वनी वैष्णव, रेल मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों से , विजय कुमार,महाप्रबंधक ने यह शील्ड प्राप्तकिया. एस. के. वर्मा, प्रमुख मुख्य बिजली इंजिनीयर ने श्री कुमार, महाप्रबंधक के साथ उपस्थित थे तथा यह शील्ड ग्रहण करने में सहयोग किया.

चिरेका कर्मियों के निरंतर परिश्रम व सफल प्रयास के लिए चिरेका को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। जो सम्पूर्ण चितरंजन रेलइंजन कारखाना परिवार के लिए गौरव की बात है। चिरेका को 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड २०२४' प्राप्त होने पर श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक,चिरेका ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिरेका परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा, चिरेका कर्मी, अनूप कुमार महतो,वरीय अनुभाग इंजीनियर, ६९वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह २०२४-अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार २०२४ से सम्मानित किया गया.श्री विजय कुमार ,महाप्रबंधक, चिरेका ने शुभकामनाएं दी है।

जेएलकेएम की चैनपुर पंचायत कमिटी का गठन

डुमरी (ससे): जेएलकेएम से जुड़े सदस्यों की बैठक रविवार को कसमाकुरहा मैदान में हुई। अध्यक्षता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अमित महतो ने किया जबकि इस दौरान प्रखण्ड कोषाध्यक्ष जितेन्द्र महली, रोहितबंद चौधरी,पंकज पटेल पूर्व मुखिया रामप्रसाद महतो रामू आदि उपस्थित थे।

बैठक में जेएलकेएम की चैनपुर पंचायत कमिटी का गठन किया गया जिसमें राहुल महतो को अध्यक्ष उमेश महतो, प्रकाश महतो, सोनू कुमार, सोहन महतो, सुनील महतो को उपाध्यक्ष दीपक महतो को सचिव जगदीश महतो, राजेन्द्र तुरी, महाबीर महतो,छेदी तुरी एवं झारखंडी महतो को सह सचिव बिनोद महतो को कोषाध्यक्ष शंकर पटेल,नरेन्द्र महतो को मीडिया प्रभारी जबकि शंभूशरण सिंह, मोहन, बासुदेव महतो, बालदेव महतो को संरक्षक बनाया गया।

गायत्री परिवार से जुड़ी सदस्या का निधन, शोक

डुमरी (ससे): विदाई शब्द सुनते ही एक बेटी का चेहरा सबों की आंखों के सामने तैरने लगता है।विवाह के उपरांत बेटी की विदाई की बेला में कौन-सी ऐसी आंखे होगी जो नम न होगी। रविवार की सुबह तोपचांची के दिवंगत समाजसेवी डोमन साव की पुत्री ७२ वर्षीया वीणा देवी का पार्थिव शरीर जब घर के बाहर रखा गया तो रिश्ते-नाते,पड़ोसी और पहचान वालों की आंखे श्रद्धा से झुक गईं।एक बार फिर से लोगों के आंखों में दिवंगत समाजसेवी डोमन साव की उदार छवि उभर आयी।

वीणा देवी पति स्व दुर्गा प्रसाद नायक का निधन शनिवार दिन पौष कृष्ण षष्ठी को अपराह्न तीन बजे हो गया।वीणा देवी कुछ दिनों से बीमार थीं।वीणा देवी तोपचांची गायत्री परिवार की सम्मानित एवं श्रद्धेय सदस्य थी। रामायण और गीता का सुमधुर पाठ उनकी दिनचर्या थी।हर किसी की सेवा में तत्पर रहने वाली वीणा देवी स्वच्छता प्रेमी महिला थी।

सभी के सुख और दुख मे शामिल होने वाली दिवंगत वीणा देवी समाजसेवी डोमन साव की उदार विरासत को आगे बढ़ाया था। भतीजे अधिनी कुमार ने मुखाग्नि दी। मुकेश कुमार,गुड्डू एवं पन्नालाल ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पुत्रत्व भाव से सम्पन्न किया।बेटा,बेटी,दामाद सभी अपनी मां के जाने से दुखी थे किंतु उनके कर्मों ने उनका सिर गर्व से उंचा कर दिया था।समाज के कई गणमान्य लोगों ने दिवंगत वीणा देवी (इन्दु देवी) को श्रद्धांजलि दी और अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

वासुदेव साव, मुरलीधर गुप्ता,प्रो मोहनलाल प्रसाद, महेश प्रसाद, धर्मेन्द्र साव, सीताराम साव, राधा नाथ साव, गोविन्द साव, गोपाल साव, त्रिवेणी साव, राकेश कुमार, सदानंद प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, शिक्षाविद देवेश कुमार देव, रोहित कुमार समेत क्षेत्र के आम और खास ने दिवंगत वीणा देवी को श्रद्धांजलि दी।

लापरवाही बरतने पर नौ अफसरों पर शिकंजा

कानपुर,(ईएमएस): यूपी में काम में लापरवाही बरतने वाले अफसरों के विरुद्ध अब जिलाधिकारी ने निगरानी शुरू करा दी है। नगर निगम, डीआइओएस, केस्को जैसे विभागों में शिकायतों का निराकरण ही नहीं हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने पत्र लिखकर अफसरों से जवाब मांगा। साथ ही कहा है, ये स्थिति प्रशासनिक दक्षता पर प्रश्न चिह्न लगाती है। इसे लेकर गंभीर कार्रवाई की जा सकती है।

लोकसभा चुनाव के बाद से ही आइजीआरएस (जनसुनवाई पोर्टल) पर जिले की रैंकिंग में हर बार बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जिलाधिकारी ने इसके लिए निगरानी तंत्र बढ़ा दिया था। निगरानी में नौ विभागों के अफसर ऐसे मिले हैं, जिनका प्रदर्शन बेहद लचर रहा है। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, केस्को प्रबंध निदेशक, अपर आयुक्त व्यापार कर ग्रेड-१, अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ, अपर नगर मजिस्ट्रेट षष्ठम, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिठूर, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता सिंचाई को सख्तीभर पत्र लिखा है।

शहरपुरा में देवराहा बाबा की हुई पूजा-अर्चना

सिंदरी (ससे) : रविवार को बड़ा शिवमंदिर शहरपुरा में ब्रम्हर्षि देवराहा बाबा का वैदिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना की गई। आचार्य अमरकांत झा द्वारा पूजा-अर्चना करवायी गयी। पूजा-अर्चना के बाद पुड़ी, सब्जी, बुंदिया व मीठा चटनी का भंडारा किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। बाबा विश्व प्रसिद्ध संत थे। दिगम्बर संत देवराहा बाबा के शिष्य १०००८ मुक्तेश्वरानन्द गिरी बाल योगी बरदानी बाबा के उत्तराखंड से आगमन पर सारा वातावरण भक्ति मय होगया। स्वामी जी ने कहा देवराहा बाबा के चरणों में देश विदेश के नामी गिरामी हस्तियों के सांथ पशु पक्षी सभी नतमस्तक होते थे। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर जाकिर हुसैन, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी, सरदार बूटा सिंह, अर्जुन सिंह, ब्रिटेन का राजा जार्ज पंचम इत्यादि प्रसिद्ध हस्तियां बाबा के शिष्य थे। देवराहा बाबा भक्तों के ऊपर हरदम दया करुणा करते हैं। भंडारा का आयोजन देवराहा बाबा सत्संग समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। आयोजकों में शम्भू सिंह, संकर सिन्हा, नरेश प्रसाद, उदय नारायण सिंह, मुन्ना पांडेय इत्यादि थे।

केंदुआ थाना में शांति समिति की बैठक

केंदुआ (ससे) : केन्दुआडीह थाना परिसर में रविवार को बड़ा दिन मनाने को लेकर शांति समिति एवं पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक वक़्क़ार हुसैन ने किया। संचालन राम गोपाल मुवानिया ने किया। थाना प्रभारी ने बैठक में आए सभी सदस्यों एवं गणमान्य लोगों का स्वागत किया।

सदस्यों ने थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र की समस्यायों से आवगत कराया एवं सिनेमा हॉल से लेकर केंदुआपुल तक सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा सब्जी और फल विक्रेताओं से मुख्य मार्ग के दोनों तरफ से अतिक्रमण हटाने पर चर्चा हुई। इसपर थाना प्रभारी ने चैंबर एवं अपने स्तर से पहल करने की बात कही और कहा कि आगामी २५ दिसंबर को बड़ा दिन है। साथ ही एक सप्ताह बाद नव वर्ष प्रवेश कर रहा है, जो बहुत ही शुभ दिन है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का अपील की एवं विधि व्यवस्था बनाएं रखने में पुलिस को सहयोग करें। यदि कोई किसी प्रकार का अफवाह फैलता है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे। हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर चन्द्रदेव यादव, फूलचन्द यादव, सियाराम चौरसिया, संजय जायसवाल, राजेश गुप्ता, अनवरी खातून, रामचन्द्र चौहान, मनौवर हुसैन, राजीव झा, विजय अग्रवाल, गणेश मिश्रा, महादेव हांसदा, हरि प्रसाद पप्पू, आशीष सिन्हा, विनोद यादव, रमेश जैसवाल, सुधीर रवानी आदि उपस्थित थे।

केयर एण्ड सार्व फाउंडेशन खुला

धनबाद (कासं) : धनबाद के समाज सेवी संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन का आज कार्यकारिणी समिति की बैठक हीरक रोड ८ लेन स्थित एस बी इंटरनेशनल होटल के बगल में हुई। जिसमें केयर एण्ड सार्व फाउंडेशन संस्था के नए कमिटी का गठन सर्व सहमति से किया गया संस्था के मीडिया प्रभारी ने बताया कि जिसमें अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष संजय कुमार उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार, जबकि अजय कुमार चौधरी सचिन,रॉबिन चटर्जी संयुक्त सचिव, अभय कुमार संयुक्त सचिव, अमित कुमार कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास, आईटी सेल इंचार्ज परमिंदर कुमार, ऑडिटर रवि कौशल सिन्हा, ऑफिस सेक्रेटरी गोल्डी सलूजा और जीत सिंह अरोड़ा संजय कुमार सजावट, जयंत मिश्रा को स्कूटीम मेंबर रखा गया। आपको बता दे की केयर एंड सर्व फाउंडेशन संस्था १६ अक्टूबर २०२१ से प्रतिदिन जरूरतमंदों के बीच पीएमसीएच अस्पताल धनबाद में एक टाइम का भोजन प्रतिदिन करते आ रहे हैं। और साथ ही साथ संस्था ने प्रति वर्ष ४० बच्चों को उच्च शिक्षा मैं इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए सीएस-४० कोचिंग क्लासेस चलाते हैं और संस्था ने इसके अलावा भविष्य मे कई महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य जैसे स्वास्थ्य पर्यावरण एवं पेयजल क्षेत्र में कार्य करने का इरादा रखता है संस्था की ओर से पिछले तीन वर्षों में सात हजार (७०००) कंबल का वितरण कर चुकी है तथा कई हेल्थ कैंप लगाए गए हैं और वस्त्र वितरण किया गया है और संस्था द्वारा सीएस-४० कोचिंग क्लास चलाया जा रहा जिसमें डॉ धनंजय कुमार सिंह का सहयोग सराहनीय है आज इस कार्यक्रम का चुनाव पदाधिकारी आलोक झा जबकि संजय कुमार सिंह चुनाव पर्यवेक्षक थे।

बहुजन एकता मंच की बैठक

जोड़ापोखर (ससे) : मोहलबनी ग्राउंड में बहुजन एकता मंच की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अनिल बाउरी व संचालन जंगबहादुर जैसवार ने किया। मंच के अध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि आगामी नौ फरवरी को मंच का सम्मेलन बढ़े पैमाने में करना है एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश के संविधान रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर साहब के खिलाफ अमित शाह का बयान दुर्गापुरण है। २५ दिसंबर को भौंरा गौरखूंटी छपरा मोड़ में मनुसमृति दहन दिवस पर अमित शाह का पुतला दहन किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप भगीरथ दास शिव बाली रविदास लक्ष्मन भुईया, प्रमोद कुमार तिवारी, संजीवन भुईयां, सुरेश साव, प्रदीप कुमार, काशिम अंसारी प्यारे लाल भुईयां, संतोष बाउरी, राकेश कुमार, दीपक बरनवाल आदि उपस्थित थे।

ई-साक्ष्य एप के संचालन को लेकर कार्यशाला

निरसा (ससे) : वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देश पर रविवार की सुबह अनुमंडल कार्यालय मैथन में ई-साक्ष्य एप के संचालन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी थाना वह ओपी प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक को ई-साक्ष्य एप के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि सीसीटीएनएस एवं नए कानून बीएनएस के तहत जो कानून, फिर गवाहों के बयान घटनास्थल की सारी जानकारी डिजिटल अपलोड ई-साक्ष्य एप मैं कैसे करना है इसे लेकर जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिदिन होने वाली घटना, जांच, छानबीन साथी सभी तरह की पुलिसिया कार्रवाई को अपलोड किया जाना है। इसे पुलिस विभाग को कार्य करने में काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर निशा अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस निरीक्षक, थाना-ओपी प्रभारी आदि मौजूद मौजूद थे।

स्व. एनके साधु खान आमंत्रण एथलेटिक्स का समापन

धनबाद (कासं) : रविवार को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित स्व. एनके साधु खान आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने अपने वक्तव्य में कहा ऐसी प्रतियोगिता पूरे झारखण्ड में होनी चाहिए, मुझे अपना समय याद आ गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे अब खेल से भागने लगे हैं मगर जिस प्रकार डायमंड जुनियर एथलेटिक क्लब ने प्रतियोगिता आयोजित किया। लग रहा था कि अब एथलेटिक्स में धनबाद फिर परचम लहराएगा। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता खिलाड़ियों को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को १००० रु ट्रैक सूट तथा मोमेंटो द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को ७०० रु ट्रैक सूट तथा मोमेंटो तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को ५०० रु ट्रैक सूट, तथा मोमेंटो प्रदान किया गया।

साथ ही साथ मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय एथलीट आदित्य प्रकाश, नितु कुमारी, निरंजन महतो, राहुल मिश्रा, रौशन कुमार, तन्नु कुमारी तथा उनके कोच गौरी शंकर सिंह, सीता मुनि, जयराम भगत को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी अभिजीत पात्रा, जीवन रजक, नेपाल प्रसाद महतो, जयश्री गोराई, कृष्णा कुमार महतो, सुजीत गोराई संतोष कुमार रजक कैलाश महतो, प्रमोद कुमार पासवान, प्रदीप मरांडी, विनोद राउत, अनिकेत धर दुबे, अभिषेक माहली, सागर कुमार चौहान, आकाश दत्ता, रोहित कुमार यादव थे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में ममता कुमारी, सुजश ठाकुर, डॉ शैलेष कुमार, अरुण कुमार सिंह, आनंद प्रकाश, उमेश राम यादव, सरफराज खान, चंदन कुमार, नंदन कुमार, गणेश प्रसाद, राजा सरकार, सुजाता ठाकुर, दिनेश मोदक, अनिश चंद्रा, जेपी शर्मा ने अपना अहम भूमिका निभाया।

26 को मनायी जाएगी अहिबरन जयंती

डुमरी(ससे): बरनवाल युवक संघ इसरी बाजार द्वारा गुरूवार २६ दिसम्बर को अरगाघाट इसरी बाजार में अहिबरन जयन्ती मनायी जाएगी। जिसकी तैयारी एवं समाज के सदस्यों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवक संघ के सदस्य जूटे हुए हैं।

मंदिरों से अतिक्रमण हटाने की मांग

पटना (एजेंसी): बिहार में बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर उर्फ बचोल के बयान ने राजनीतिक माहौल गर्मा दिया है. उन्होंने उत्तर प्रदेश के संभल में मंदिर और धार्मिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने के अभियान का हवाला देते हुए बिहार सरकार से मांग की कि राज्य के मंदिरों और धार्मिक स्थलों को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए. बचोल ने कहा कि बिहार में भी कई मंदिर और धार्मिक स्थल अतिक्रमण की चपेट में हैं. हमारी सरकार को चाहिए कि एक सर्वे कराकर इन सभी स्थलों को तुरंत मुक्त कराया जाए.

बचोल के इस बयान के बाद विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया

दी. आरजेडी के एमएलसी कारी सोहेब ने बचोल को 'देशद्रोही' करार दिया और उन्हें जेल में डालने की मांग की. उन्होंने कहा कि ऐसे बयान देने वाले लोग देश को तोड़ने की ताकतों के साथ खड़े हैं. सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी करना और धार्मिक उन्माद फैलाना अस्वीकार्य है. बिहार और देश को तोड़ने वाले ऐसे लोगों को जेल में होना चाहिए.

वहीं, कांग्रेस विधायक प्रतिमा कुमारी ने भी बचोल पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'बयानबीर' हैं. उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि बचोल जी तीन साल से न्यास बोर्ड के सदस्य हैं, लेकिन अब तक कितने मंदिरों का उद्धार किया? पटना के शीतला मंदिर समेत कई मंदिर बुरी हालत में हैं. अगर वह सच में मंदिरों की फिक्र करते हैं, तो बयान देने के बजाय अपनी सरकार में काम करें. साथ ही जेडीयू ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी. पार्टी की प्रवक्ता अंजुम आरा ने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि ऐसी याचिकाओं का कोई आधार नहीं है. ऐसे में इस मुद्दे पर बयानबाजी करना व्यर्थ है.

इसके अलावा इस पूरे विवाद ने बिहार की राजनीति में धार्मिक स्थलों और उनकी स्थिति पर चर्चा छेड़ दी है. जहां एक ओर बीजेपी विधायक बचोल ने अतिक्रमण हटाने की मांग को जोर-शोर से उठाया है, वहीं विपक्ष ने इसे सियासी ड्रामा करार दिया है. अब देखना यह है कि सरकार इस मुद्दे पर क्या कदम उठाती है और क्या वाकई मंदिरों और धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई होती है या यह मामला सिर्फ बयानबाजी तक ही सीमित रह जाता है.

टूर पर निकले स्कूली बच्चे कतर्नियाघाट के जंगलों में फंसे

बहराइच(ईएमएस): यूपी के बहराइच के कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गोंडा जिले से सौ से ज्यादा स्कूली बच्चे और उनके स्टाफ घने जंगलों में फंस गए। न्यू स्टैंडर्ड प्रशिक्षण संस्थान के कक्षा १ से ८ तक के सौ से ज्यादा स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल स्टाफ बहराइच के कतर्नियाघाट के जंगलों में एक टूर पर गया था। बच्चों को भ्रमण करवाने के बाद नेपाल जाने की योजना था। लेकिन, देर शाम होने के कारण नेपाल के अधिकारियों की ओर से स्कूली वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने के बाद स्कूल के स्टाफ ने तीनों बस में सवार बच्चों को लेकर वापस जंगल में लौटने का फैसला लिया और बिछिया स्टेशन के पास सुनसान जंगल के बीच रुक गए।

आधी रात बीपीएससी अभ्यर्थियों से मिले तेजस्वी

पटना (एजेंसी): पटना के गर्दनीबाग में बीपीएससी परीक्षा को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पहुंचे. शनिवार देर रात उन्होंने धरना स्थल पर जाकर छात्रों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं. छात्रों ने बीपीएससी परीक्षा में कथित धांधली, परीक्षा तिथि बढ़ाने और नॉर्मलाइजेशन की मांग उठाई. तेजस्वी यादव ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से ७०वीं बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने और निष्पक्ष जांच की मांग की. इस बीच जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव की तीखी आलोचना की.

जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी केवल राजनीतिक लाभ के लिए छात्रों की भावनाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं. नीरज कुमार ने कहा कि बिहार में रोजगार एक बड़ा मुद्दा है. बीपीएससी जैसी संस्थाएं नियमित रूप से परीक्षा आयोजित कर रही हैं. हाल ही में हुई परीक्षा में एक शिकायत आई थी, जिसे तुरंत संज्ञान में लिया गया. लेकिन बाकी परीक्षा केंद्रों से कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली. नीरज कुमार ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे इन विरोध प्रदर्शनों से बचें और परीक्षा की तैयारी पर ध्यान दें. उन्होंने कहा कि कुछ लोग परीक्षा तिथि बढ़ाने और नॉर्मलाइजेशन की बात कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने इन मुद्दों का समाधान करते हुए ४ जनवरी २०२५ को परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है. छात्रों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करें.

इसके अलावा बता दें कि छात्रों के प्रदर्शन और तेजस्वी यादव की इस मुद्दे पर सक्रियता से बिहार की राजनीति गर्मा गई है. एक तरफ जहां तेजस्वी छात्रों की मांगों का समर्थन कर रहे हैं, वहीं सरकार और जेडीयू इसे अनावश्यक विवाद बता रही है. छात्रों का कहना है कि परीक्षा में पारदर्शिता होनी चाहिए और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए. वहीं, सरकार का तर्क है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के आरोपों की जांच हो रही है और छात्रों को भड़काने की बजाय उन्हें परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए. साथ ही बिहार में रोजगार और शिक्षा से जुड़े इन मुद्दों ने राज्य की राजनीति को नई दिशा दे दी है. अब देखना यह है कि सरकार और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच समाधान कैसे निकलता है.

विजय सिन्हा निकम्मा उपमुख्यमंत्री है : तेजस्वी यादव

भागलपुर (एजेंसी): बिहार में २०२५ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है. एक तरफ सीएम नीतीश कुमार जहां प्रगति यात्रा कर रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार नीतीश कुमार पर हमलावर हैं. भागलपुर में एक प्रेसवार्ता के दौरान तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थके हुए मुख्यमंत्री हैं. उनके पास अपना कोई विजन नहीं है. रिटायर्ड अधिकारियों के साथ वो बिहार सरकार चला रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ४-५ लोगों ने मुख्यमंत्री को हाईजैक कर लिया है.

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि हमलोगों ने खिलाड़ियों को नौकरी दिया. राज्य में निवेश कराया था. वन नेशन वन इलेक्शन अगर होता है तो बिहार में सरकार की क्या स्थिति होगी. यहां तो स्थिर सरकार ही नहीं है. चाचा कभी इधर कभी उधर जाते हैं. कितनी बार पलटी मारे हैं. उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन के बहाने सरकार पर जमकर तंज कसा है. इसके साथ ही जब नीतीश कुमार को फिर साथ लाने का सवाल हुआ तो उन्होंने का कि पिछली बार पूर्णिया में मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह मेरा अंतिम चुनाव है उन्हीं की बात मानो न पहले. वहीं तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के बयान पर पलटवार करते हुए बड़ा बयान दिया है.

उन्होंने कहा कि उनसे बड़ा निकम्मा उपमुख्यमंत्री किसी ने नहीं देखा होगा. वो कहते हैं राजद के लोग पेपर लीक कराते हैं तो पकड़ो. हम पकड़ेंगे क्या? सीबीआई , ईडी आईटी कोई उपलब्धि है क्या इनकी इनसे पकड़वाओ बेकार का ये बन गए. सम्राट चौधरी ही कहते थे इतना व्याकुल मत होइए. घसीट घसीट कर किसी के दया पर उपमुख्यमंत्री बने हैं.

पटना का प्यार पाकर खुश हो गया बॉलीवुड का बैडमैन

पटना (एजेंसी): बिहार में इन दिनों फिल्म से जुड़े बड़े कलाकार लगातार आ रहे हैं. इसी क्रम में रविवार को बॉलीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर भी पटना पहुंचे. पटना पहुंचने पर हवाई अड्डा के पास पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने बिहार की तारीफ की. उन्होंने कहा, पटना आकर हमेशा दिल गार्डन- गार्डन हो जाता है. बहुत खुशी की बात है कि हम मां जानकी सीता मैया की जन्मस्थली पर जा रहे हैं. एक सुंदर कार्यक्रम है.

आप सभी को शुभकामनाएं और धन्यवाद. इससे पहले शनिवार को प्लेबैक सिंगर जुबिन नौटियाल बिहार की राजधानी पटना पहुंचे थे. उन्होंने राजगीर महोत्सव में शनिवार की रात अपनी गायकी से समां बांध दिया. इस दौरान

भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी.उन्होंने रविवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान लोगों से बिहार घूमने आने की अपील करते हुए कहा कि बिहार काफी सुन्दर स्थान है. हाल के दिनों में यहां काफी विकास हुआ है. पर्यटन स्थल बनाने की पूरी तैयारी है.

उन्होंने बिहार को अपना बिहार बताते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएं और इसे देखें. यहां देखने के लिए काफी कुछ है. उन्होंने राजगीर महोत्सव में भाग लेने पर खुशी व्यक्त की.

शनिवार राजगीर महोत्सव का शुभारंभ बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया. तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि राजगीर वैश्विक पर्यटन स्थल बनने की ओर अग्रसर है.

मंत्री कुमार ने कहा कि राजगीर का इतिहास समृद्ध रहा है. यहां की पहाड़ियों का इतिहास हिमालय से भी पुराना है. यहां की धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए १९८६ से राजगीर महोत्सव का आयोजन हो रहा है.

यह महोत्सव स्थानीय विशिष्टताओं को अनुभव करने का एक मौका भी है.

रेलवे कराएगी एक साथ कई ज्योतिर्लिंगों के दर्शन

पटना (एजेंसी): अगर आप कम खर्चे में देश के विभिन्न ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करना चाहते हैं तो आपके लिए ये एक सुनहरा मौका है. भारतीय रेल नए साल में भारत गौरव ट्रेन चलाने जा रही है, जो राजधानी पटना से होकर जाएगी. आईआरसीटीसी भारत गौरव ट्रेन चलाने जा रहा है. आईआरसीटीसी ऐप पर लोग आसानी से अपना टिकट बुक कर सकते हैं. भारत गौरव ट्रेन से आप भारत के विभिन्न ज्योतिर्लिंगों का दर्शन एक साथ कर सकेंगे. आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि यह ट्रेन ५ जनवरी को झरखंड से खुलेगी. इस ट्रेन से यात्री १२ रात और १३ दिन की यात्रा सब्सिडी रेट पर कर सकेंगे.

ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए शाकाहारी भोजन, धार्मिक स्थल पर घूमने के लिए बस की व्यवस्था होगी. ठहरने वाले स्थल पर होटल की भी व्यवस्था की जाएगी. पूरी यात्रा के लिए प्रत्येक यात्री को २४३३० रुपए देने होंगे. इसके अलावा यात्री को द्वारका में श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री द्वारकाधीश मंदिर में यात्रियों को दर्शन का मौका मिलेगा. सोमनाथ में श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिरडी में साईं बाबा के दर्शन, नासिक में श्री त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पुणे में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और औरंगाबाद में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन करते हुए १७ जनवरी को यह ट्रेन वापस लौट आएगी.

प्रतिबंधित कछुओं को जीआरपी ने किया बरामद

वाराणसी,(ईएमएस): यूपी के वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ३५ प्रतिबंधित कछुओं को बरामद किया है। इन कछुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब आठ लाख रुपए बताई जा रही है। ये कछुए तंत्र-मंत्र और दवाओं के लिए तस्करी कर ले जाए जा रहे थे।

जीआरपी के मुताबिक प्लेटफॉर्म नंबर ४ पर दून एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर पहुंची थी। इस दौरान टीम चेकिंग कर रही थी, तभी टीम को जनरल कोच में दो लावारिस बैग मिले। यात्रियों से पूछताछ की लेकिन किसी ने बैग के बारे में जानकारी नहीं दी? इसके बाद जब बैग की जांच की गई तो अंदर जूट की बोरियों में जिंदा कछुए मिले।

जिला न्यायालय में की गई याचिका दायर, नेता प्रतिपक्ष को नोटिस

बरेली,(ईएमएस): यूपी के बरेली जिला न्यायालय ने जाति जनगणना पर दिए बयान पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता पंकज पाठक ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि हमें लगा कि जाति जनगणना पर चुनाव के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान देश में गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश जैसा है। हमने पहले एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ मामला दायर किया था, जिसे खारिज कर दिया गया। उसके बाद हम जिला जज कोर्ट गए, वहां हमारी अपील स्वीकार कर ली गई और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में ७ जनवरी की तारीख दी है।

इस बीच राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की थी और दावा किया कि संविधान पर हमला हुआ है और बीजेपी, पीएम मोदी और अमित शाह ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करके बहुत बड़ी गलती की है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणियों के बारे में पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने संविधान पर हमला करके और बाबा साहेब का अपमान करके अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती की है। भारत उनकी इस गलती को माफ नहीं करेगा। गृह मंत्री को माफी मांगनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।

उन्होंने डॉ आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों, मार्च और भाषणों का एक मोंटाज पोस्ट किया।

लक्ष्मण गंज में मिली रानी की बावड़ी

संभल,(ईएमएस): यूपी के संभल में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। कहीं मंदिर तो कहीं कुएं मिल रहे हैं। इसी बीच अब चंदौसी में राजस्व विभाग ने एक जमीन की खुदाई की तो उसके नीचे एक बावड़ी मिली है। संभल में ४६ साल पुराने मंदिर मिलने के बाद डीएम को एक पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि लक्ष्मण गंज में पहले बिलारी की रानी की बावड़ी थी।

इसके बाद डीएम ने जांच के आदेश दिए। शनिवार को राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार इलाके के नक्शे के साथ वहां पहुंचे थे। जब इलाके की खुदाई की गई तो जमीन से पुरानी इमारतें निकलनी शुरु हो गईं। नायब तहसीलदार ने बताया कि खुदाई में दो मंजिला इमारत दिखाई दे रही है। बावड़ी का कुआं और तालाब भी अभिलेखों में दर्ज है। यहां सुरंग भी निकल सकती है। यह बावड़ी काफी बड़ी दिख रही है, जो मिट्टी के ढेर में दब गई थी। अब मिट्टी हटाकर जांच की जा रही है। आगे भी नक्शे के आधार पर जांच की जाएगी।

संभल में भगवान कल्की अवतार लेने वाले हैं : आचार्य कृष्णम

गाजियाबाद (ईएमएस): भगवान जहां भी अवतार लेते हैं वहां पहले से संकेत मिलने लगते हैं। वहां भगवान के अनुरुप माहौल बनने लगता है। संभल में भी कुछ इसी तरह के संकेत मिल रहे हैं जिन्हे देखकर लगने लगा है कि भगवान कल्की का अवतार होने वाला है।

यह दावा करते हुए कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने किया है। उन्होंने कहा कि भगवान कल्कि का अवतार जहां पर होगा, वहां पर ६८ तीर्थ १९ कुएं और मध्य में शिवलिंग होगा, यह सब पुराणों में लिखा है। ऐसे में वहां पर जो हो रहा है, वो भगवान कल्कि के अवतार के लक्षण हैं। मंदिर और कुएं मिल रहे हैं, तीर्थ प्रकट हो चुके हैं, ऐसे में लगता है भगवान कल्कि का अवतार जल्द होने वाला है। कल्कि धाम पर निर्माण हो रहा है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चरण संभल की भूमि पर पड़ा है, तब

से सारी दुनिया संभल का नाम जप रही है।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर जिंदा जलाया जा रहा है उनके सरआम कत्ल किया जा रहा है और मंदिरों में तोड़फोड़ की जा रही है। इस पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि वहां रोज मंदिरों पर हमले हो रहे हैं, हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है, इस वजह से भगवान कल्कि का अवतार जल्द होने वाला है। हिंदु धर्म शास्त्रों के मुताबिक हिंदुओं पर जब जब जुल्म और अत्याचार हुए हैं तब तब भगवान जन्म लिया है और उन्होंने राक्षसों का विनाश किया है।

संसद भवन में डॉ.भीमराव अंबेडकर के अपमान पर प्रदर्शन के दौरान हुए धक्का मुक्की को लेकर प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी की बातों और हरकतों से उनकी छवि एक अनार्किस्ट की बन चुकी है। २० वर्षों में वह एक परिपक्व और गंभीर राजनेता नहीं बन पाए हैं। उनकी इमेज एक पहलवान, लड़ाकू और एक अनार्किस्ट के रूप में उभर रही है।

मेरी उनको सलाह है कि वह २० सालों में एक अच्छे नेता नहीं बन पाए, लेकिन उनको एक जिम खोलना चाहिए। उसमें वह अच्छे जिम ट्रेनर जरूर बन जाएंगे। उनकी बॉडी लैंग्वेज से लगता है कि राहुल गांधी एक जिम ट्रेनर हैं। वह पहलवान की भूमिका में नजर आते हैं और संसद को कबड्डी का मैदान बनाना चाहते हैं।

दानापुर में दनादन फायरिंग, पूर्व उपाध्यक्ष घायल

पटना (एजेंसी): बिहार की राजधानी पटना में बीती रात अपराधियों ने एक वारदात को अंजाम दिया. दानापुर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत राय उर्फ दही गोप और उनके करीबी गोरख राय को अपराधियों ने गोली मार दी है. उनके करीबी गोरख राय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. जबकि छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत राय उर्फ दही गोप इस घटना में बुरी तरह जख्मी हो गए, जिन्हें निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया. घटना दानापुर के पोठिया बाजार की बताई जा रही है.

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दही गोप को इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया है. मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है. बता दें कि दही गोप दानापुर छावनी परिषद का पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके है.

घटना के बारे में बताया जाता है कि रंजीत राय उर्फ दही गोप श्राद्ध कर्म में शामिल होने गये हुए थे और वहां से अपने घर लौट रहे थे. तभी इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी.

इस दौरान दो लोगों को गोली लगी. गोरख नाम के व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दही गोप गोली लगने से बुरी तरह घायल हो गए.

घटना के संबंध में दानापुर ए एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दानापुर थाना क्षेत्र के पेठिया बाजार में दो व्यक्ति को गोली लगी है, जिसमें एक का नाम रंजीत राय उर्फ दही गोप है. दूसरे का नाम गोरख राय है, जिसमें गोरख राय की घटनास्थल पर मौत हो गई है. दूसरे व्यक्ति जिसका नाम रंजीत उर्फ दही गोप है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटनास्थल पर आईएसएफएल की टीम को बुलाया गया है. मामले का अनुसंधान किया जा रहा है.

कांग्रेस व सपा दलितों की सबसे बड़ी दुश्मन हैं : रामचंद्र कन्नौजिया

लखनऊ,(ईएमएस): डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर विपक्षी दलों का लगातार विरोध जारी है। अब बीजेपी ने भी विपक्ष के खिलाफ पलटवार करने की खास रणनीति तैयार कर ली है। बीजेपी दलितों से संबंधित मुद्दों पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को बेनकाब करने जवाबी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है।

पार्टी ने अपने एससी-एसटी मोर्चा और समुदाय को एकजुट करने और केंद्र और यूपी में पिछली कांग्रेस और सपा सरकारों के समय उठाए गए दलित विरोधी कदमों को उजागर करने के लिए सभी विधानसभा सीटों पर जवाबी अभियान की योजना बनाने के लिए कहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक यूपी बीजेपी एससी-एसटी मोर्चा के अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया ने कहा है कि कांग्रेस और सपा दलितों की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। यह एक ऐतिहासिक सच्चाई है जिसे लोगों को बताने की जरूरत है। उन्होंने सीएम योगी से मुलाकात की और कई उपाय रखे, जिन्हें सरकार सामाजिक रूप से उत्पीड़ित वर्गों के कल्याण के लिए शुरू कर सकती है।

रणनीति के बारे में उन्होंने बताया कि पार्टी जमीनी स्तर पर विपक्ष को बेनकाब करने के लिए अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी विपक्ष की पिछली सरकारों में दलितों के खिलाफ उठाए गए कदम और नारों को उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी में होने वाले चुनावों के बाद इस अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस बारे में दलित बहुल्य इलाकों में जानकारी दे दी गई है और पिछले १० सालों में बीजेपी द्वारा दलितों के लिए किए कामों की चर्चा की जाएगी।

वहीं शाह द्वारा किए गए बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान के विरोध में कांग्रेस २४ दिसंबर को पूरे भारत में मार्च निकालेगी। केंद्रीय महासचिव केसी बेणुगोपाल ने इस संबंध में राज्यों को पत्र भेजा है। इसे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर सम्मान मार्च नाम दिया गया है। इसके पहले कांग्रेस सांसद और सीडब्ल्यूसी के सदस्य अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों, राज्य मुख्यालयों, जिला मुख्यालयों पर पत्रकारों से बातचीत कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा की मांग करेंगे।

सपा ने डा. आंबेडकर के अपमान को मुद्दा बनाते हुए शनिवार को प्रदेशभर में जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर अमित शाह से इस्तीफे की मांग की। लखनऊ में पार्टी के जिला व महानगर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर का किए गए अपमान के खिलाफ २४ दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करने का फैसला किया है। बसपा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेगी।

विस्थापन रिव्हजन कार्यालय

खुली ई-निविदा सूचना

सं. सीओएल/सीआरओ/बीएचई/ई-टेण्डर/19/0162
दिनांक: 19/12/2024 । निम्नलिखित ई-निविदाओं को **www.ireps.gov.in** लिंक के जरिये देखा जा सकता है। ऐसे ई-निविदा के प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** --लॉगिन --ई-निविदा दर्शनें/भरनाई लिंक पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विशेष निविदा या आईआरईपीएस से सम्बन्धित जानकारी, यदि कोई हो, के संबंध में ऑनलिंक जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारी से भी सम्पर्क कर सकते हैं उप सीएमएम/मुख्यालय/सीएलएचएम/सिलंदाम **0341-2525594** या एसएमएम/सीओएल/एचएम **0341-2535631**। **कार्यालय का पता:** पीसीएमएम/सीएलएचएम/सिलंदाम कार्यालय। **क्र.सं.: [1]।** निविदा **संख्या 75243940**। **मद का विस्तृत विवरण:** (1) निविदेय सं सीएलएचएम/ईएम/०४४, एलएटी-एम के अनुसार WAG-9HC लोको के लिए एलईएचएम सहायित, छत, संचक विमान, कनेक्शन, डीबी, बीटी, परीक्षण अनुसार के लिए विशेष हाईवेयर आइटम (इलेक्ट्रिकल) (संलग्न नोट विवरण के अनुसार 30 आइटम शामिल हैं)। **[बारटी अवधि:** द्वितीयी की तारीख के बाद 72 महीनें]. **(ii)** एलसीडीएम सं. सीएलएचएम/ईएम-०१४एएलटी-एम हेतु WAG-9HC लोको के लिए सीएलएचएम/सीआरओ एएमबी३३६०६०पीए, एएमबी३३६४०पीए के अनुसार हार्नो के लिए विशेष हाईवेयर आइटम (संलग्न नोट विवरण के अनुसार 04 आइटम शामिल हैं) **[बारटी अवधि:** द्वितीयी की तारीख के बाद 72 महीनें]। **मात्रा: (i)** 1000.00 नोट, **(ii)** 275.00 नोट, **(iii)** 275.00 नोट। **बयाना राशि जमा (रुपये):** ₹ 241040.00। **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय (आईएसटी) 10/01/2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।**

PRD/746 — **पीसीएमएम/सिलंदाम/सिलंदाम**

Like us on: www.facebook.com/elwralwaya

4 कर्मचारी भी रेल मंत्री से हुए सम्मानित

हाजीपुर (ससे): रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार श्री अश्विनी वैष्णव ने २१ दिसंबर, २०२४ की संध्या भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व मध्य रेल के ०१ अधिकारी तथा ०४ कर्मचारी सहित भारतीय रेल के कुल १०१ समर्पित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रेल सेवा में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित ६९वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार २०२४ प्रदान कर सम्मानित किया। माननीय रेल मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर जोनल रेलवे/प्रोडक्शन यूनिट को शील्ड भी प्रदान किया। माननीय रेल मंत्री द्वारा इस वर्ष सिविल इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन शील्ड पूर्व मध्य रेलवे, मध्य रेलवे एवं दक्षिण मध्य रेलवे को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। पूर्व मध्य रेल की ओर से माननीय रेल मंत्री से यह शील्ड महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने प्राप्त किया ।

इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण कार्यों और प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने पिछले एक दशक में भारतीय रेल में हुई परिवर्तनकारी प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और माल ढुलाई गलियारों जैसी परियोजनाओं ने रफ्तार पकड़ी है। कवच सुरक्षा प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। श्री वैष्णव ने स्टेशन पुनर्विकास में उल्लेखनीय प्रगति, गंभीर दुर्घटनाओं के मामलों में पर्याप्त कमी (३४५ से ९० तक) और शिकायतों से मुक्त कुशल भर्ती प्रक्रिया, १.५ लाख पदों को भरने को रेखांकित किया।

धनबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अन्जय तिवारी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (ड्राइंग एंड डिजाइन) कुंज बिहारी लाल तथा लेखा सहायक प्रवीण रंजन, सोनपुर मंडल में प्वाइंट्समैन पद पर कार्यरत श्याम सुंदर प्रसाद तथा सीनियर कॉमर्शियल एवं रिजर्वेशन क्लर्क (सीसी) संजीव कुमार को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-२०२४ से सम्मानित किया गया।

पहाड़ी पर मिली युवक की अधजली लाश

फरीदाबाद,(ईएमएस): धौज के मांगर पहाड़ी में एक युवक की अधजली लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक के परिजनों ने छह दिन पहले उसके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक की बहन ने पुलिस को बताया कि उनके भाई तैयब की शादी १२ साल पहले अनीशा के साथ हुई थी। तैयब अनीशा के साथ ससुराल में ही रहता था। बहन शबनम ने बताया कि अनीशा का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर कई बार अनीशा और तैयब में विवाद भी हुआ। सोमवार को रवि ने फोन करके तैयब को पाखल टोल बुलाया था।

बोकारो में नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित

धनबाद (कासं) : एसजेएएस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल द्वारा बोकारो सेक्टर-४ में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कुल २५०+ लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस कैंम्प में लोगों का ईसीजी, सुगर, बीपी, एसपीओ २, आरबीएस, हाइट और वेट मापा गया। इसके साथ ही अस्पताल की ओर से ज़रूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाइयाँ और ओआरएस भी मुफ्त में वितरित की गई।

अस्पताल के तरफ़ से कुल ४ नर्स, २ आईसीयू टेक्निशियन, और १५ अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। बोकारो सेल द्वारा 'हैप्पी स्ट्रीट' का एक माह का मेला आयोजित किया गया है, जिसमे हर रविवार को एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल द्वारा नि:शुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक उपस्थित थे, लोगों को अस्पताल की सेवाओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें आश्वस्त किया कि एस.जे.ए.एस अस्पताल झारखंड का सबसे प्रगतिशील अस्पताल है, जहां न्यूनतम वर्ग के लोग भी उपचार का लाभ आसानी से उठा सकते है। अस्पताल में २४७ सभी आपातकालीन सेवाओं के ४० डॉक्टर पूर्णकालिक उपलब्ध है।

नेशनल बॉलीबॉल अकादमी में सलेक्शन ट्रायल कैम्प का आयोजन

गिरिडीह (ससे): गिरिडीह के अजीडीह स्थित मोंगिया नेशनल वालीबॉल अकादमी में आज सीनियर राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप २०२५ के आयोजन को लेकर ओपन सिलेक्शन ट्रायल कैंप का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल निदेशक एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के संदीप कुमार, मोंगिया स्टील के सीएमडी डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया के अलावे ऑब्जेर्वर के रूप में जम्मू कश्मीर से मो. तारिक, सलेक्टर के रूप में दिल्ली से मो. बाबर खान शामिल हुए.

बताया गया की जयपुर में ७ जनवरी से १३ जनवरी तक इस चेम्पियनशिप का आयोजन होना है इसके लिए आज मोंगिया बॉलीबॉल अकादमी में सलेक्शन कैम्प का आयोजन किया गया. इस कैम्प में अलग - अलग राज्यों से कई खिलाडियों ने अपने प्रतिभा का जोहार दिखाया. इस बाबत बताया गया की इस कैम्प में १९-१९ खिलाड़ियों का चयन (बालक - बालिका वर्ग) का चयन होगा और इसमें १४खिलाडियों का चयन किया जाएगा जो ४जनवरी को सभी खिलाडी जयपुर के लिए रवाना होंगे. इस दौरान मोंगिया स्टील के सीएमडी दो गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा कि वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा कई वर्षों से लगातार प्रयास किया जा रहा है और देश के अलग-अलग राज्यों से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने का वॉलीबॉल अकादमी में नि:शुल्क किया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि उनका सपना है की बॉलीबॉल खेल में देश का नाम रोशन करना और विजेता बनाना है, उन्होंने कहा की इस बर यंहा से चयनित सभी खिलाडी देश में अपना नाम रोशन करेगी. वंही खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा की डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया के द्वारा चलाये का रहे मोंगिया नेशनल अकादमी में खिलाडियों को बेहतर रुप से प्रशिक्षित किया जा रहा है को बहुत ही गर्व की बात है. उन्होंने कहा की जयपुर में होने वाले सीनियर राष्ट्रीय बॉलीबॉल चेम्पियनशिप २०२५ के लिए यंहा सरकार की और से सलेक्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा की इस कैम्प में खिलाड़ियों के बेहतर खेल का प्रदर्शन देख कर उनका चयन किया जा रहा है. उन्होंने कहा की उन्हें पूरी उम्मीद है की नेशनल लेबल पर भी आने वाले समय में यंहा मैच का आयोजन हो ताकि खिलाडियों के प्रतिभा में निखार आये.

बीटी फिल में मनाया गया जरासंध महोत्सव

गिरिडीह (ससे): ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन के बैनर तले रविवार को १२ बजे बीटी फिल में भव्य जरासंध महोत्सव मनाया गया। जरासंध महोत्सव आयोजक समिति की ओर से पूरी तैयारी की गई थी। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा की ओर से पूरा कार्यक्रम आयोजित था।

समाज से जुड़े हजारों की संख्या में लोग जरासंध महोत्सव में शामिल हुए। इसके पूर्व शहरी क्षेत्र में विशाल जुलूस निकाली गई। जुलूस के माध्यम से समाज के एकजुटता पर बल दिया गया। साथ ही मधुबन चौक के पास बनी जरासंध जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बाद में कार्यक्रम स्थल पर जरासंध महोत्सव मनाया गया। इस बाबत समाज से जुड़े लोगों ने बताया कि महाराज जरासंध भारत के पहले सम्राट थे। उनकी ख्याति बड़ी दूर-दूर तक फैली हुई है।

सभी सभी के सदैव अनुकरणीय और पूजनीय महाराज जरासंध बने रहेंगे। इस मौके पर चंद्रवंशी समाज के लोगों ने समाज को सीएनटी एक्ट से बाहर करने बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी जरासंध जयंती के अवसर पर सरकारी छुट्टी घोषित करने, सरकारी बजट में कर की जगह चंद्रवंशी शामिल करने की सरकार से मांग की है।

कार्यक्रम मे मुख्य रुप से कोडरमा से आए चंद्रवंशी दीपक नवीन, प्रवीण रवानी,गढ़वा से शनी चंद्रवंशी,मनोज चंद्रवंशी, पलामु से अमीत चंदेल,बरही से पप्पु चंद्रवंशी, हजारीबाग से सुरजीत नागरवाला सहित आल इंडिया चंद्रवंशी युवा ऐसोसिएशन के प्रदेश संयोजक भीम रवानी,सरक्षक अजीत कुमार पप्पु, प्रदोष कुमार,जिला अध्यक्ष अरविंद चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष अनुप चन्द्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष बबलु चंद्रवंशी,गगन रवानी, मंटु राम,संजय राज रंधीर चंद्रवंशी मिथलेश चंद्रवंशी वार्ड पार्षद अशोक राम, गुड़िया देवी, चंद्रशेखर राम पवन राम सुरेन्द्र रवानी गौतम सागर प्रमोद राम रमेश राम दिपक चंद्रवंशी सहित काफ़ी संख्या में चन्द्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

ट्रक की चपेट में आने से कोलकर्मी घायल

धनबाद (कासं) : सिजुआ क्षेत्र-५ के मोदीडीह से ड्यूटी खत्म कर वापस लौट रहे महेशपुर बस्ती निवासी कोलकर्मी मनसा बाउरी रविवार को ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना नया मोड़ के समीप घटी। घटना की सूचना मिल्ते ही जोगता थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घायल को तुरंत उपचार के लिए धनबाद भेजा और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर थाना ले गई। हालांकि, ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

घायल कोलकर्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोग हादसे के बाद से इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

महाकुंभ मेले में प्रशासन ने बढ़ाया नाव का किराया

प्रयागराज,(ईएमएस): यूपी के प्रयागराज में १३ जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में नाविकों की आय बढ़ाने के लिए मेला प्रशासन ने नावों का किराया ५० फीसदी बढ़ाने पर सहमति जताई है। अपर

जिलाधिकारी (महाकुंभ) के मुताबिक संगम में चलने वाली नावों के किराए में ५० फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। लंबे समय से नाविक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रयागराज जिला नाविक संघ और मेला प्रशासन के बीच हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।

प्रयागराज जिला नाविक संघ के अध्यक्ष ने प्रशासन के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि महंगाई बढ़ने के बावजूद कई सालों से नावों के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई थी। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि नावों का किराया बढ़ने के बाद अब यह भी तय किया जाएगा कि किसी भी श्रद्धालु से तय किराए से ज्यादा ना लिया जाए इसके लिए किराए की नई सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी घाटों और पार्किंग स्थल में इस सूची को चस्पा किया जाएगा। प्रमुख स्नान पर्व पर भी नावें संचालित की जाएंगी, प्रमुख स्नान पर्व पर मोटर बोट पर रोक रहेगी।

उप जिलाधिकारी (महाकुंभ) ने बताया कि स्नान पर्व में मौसम और भीड़ को देखते हुए नाव संचालन का फैसला लिया जाएगा। इस समय १४५५ नावों का संचालन किया जा रहा है। महाकुंभ के समय आसपास के जिलों से नावों के आने के बाद इनकी संख्या ४ हजार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सभी नाविकों की नावों की जांच करने के बाद इन्हें लाइसेंस जारी किया जाएगा। उन्हें लाइफ जैकेट प्रदान दी जाएंगी। सभी नाविकों का दो लाख रुपए का बीमा कवर मिलेगा।

बिना अनुमति के संध्या थिएटर जाने या रोड शो करने से अल्लू ने किया इनकार

हैदराबाद(ईएमएस): टॉलीवुड अभिनेता अल्लू अर्जुन ने बिना अनुमति के संध्या थिएटर जाने या रोड शो करने की बात से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने चरित्र हनन से आहत हैं। अल्लू अर्जुन ने उनके एक कथित बयान को भी झूठा करार दिया। साथ ही इन आरोपों को भी खारिज किया कि ४ दिसंबर को 'पुष्पा २: द रूल' के प्रीमियर शो के दौरान हुई घटना में जान गंवाने वाली महिला और उसके घायल बेटे के परिवार की उन्होंने परवाह नहीं की।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा राज्य विधानसभा में दिए गए बयान के कुछ ही घंटे बाद भावुक अल्लू अर्जुन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। बयान में उन्होंने पुलिस की अनुमति न मिलने के बावजूद थिएटर का दौरा करने, रोड शो करने, घटना की जानकारी मिलने के बाद भी थिएटर से बाहर न जाने और प्रभावित परिवार से न मिलने के लिए उन पर निशाना साधा था।

अल्लू अर्जुन ने कहा, बहुत सारी गलत सूचनाएं, झूठे आरोप, बहुत सारी संवादहीनता है। बहुत सारी गलत व्याख्याएं हैं। मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। कृपया मुझे जज न करें। कृपया मेरे चरित्र पर हमला न करें। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं। उन्होंने कहा कि वे इस चरित्र हनन से बेहद अपमानित महसूस कर रहे हैं, लेकिन वे किसी व्यक्ति, नेता या सरकार को दोष नहीं दे रहे हैं।

एक्टर ने कहा, कोई भी पुलिसकर्मी मेरे पास नहीं आया। मेरे एक मैनेजर ने मुझे बताया कि बाहर भीड़ बेकाबू हो गई है और बेहतर होगा कि मैं वहां से चला जाऊं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा को बताया था कि एक्टर थियेटर से तभी बाहर निकले जब पुलिस उपायुक्त ने उन्हें चेतावनी दी कि यदि वह थियेटर से बाहर नहीं गए तो उन्हें गिरफ्तार करना पड़ेगा। अल्लू अर्जुन ने दावा किया कि अगले दिन ही उन्हें महिला की मौत के बारे में पता चला और वह सदमे में आ गए। उन्होंने उसी दिन कहा कि वह मृतक के परिवार से मिलना चाहते हैं और लड़के को देखने के लिए अस्पताल जाना चाहते थे। हालांकि, परिवार ने उनके खिलाफ पुलिस केस दर्ज कर रखा था, इसलिए उनकी कानूनी टीम ने उन्हें परिवार से न मिलने की सलाह दी।

अल्लू अर्जुन ने कहा कि अगले दिन उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनके लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, यह सिर्फ पैसे की बात नहीं थी। एक्टर ने परिवार के लिए २५ लाख रुपये की घोषणा की थी।

गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका

कतरास (ससे) : भाकपा माले अपने पार्टी कार्यालय से रैली निकाल कर गुहीबांध स्थित बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वरिष्ठ भाकपा माले नेता हलधर महतो ने माल्यार्पण के बाद गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाया।

हलधर महतो ने कहा कि देश को मूल मुद्दा से भटकाया जा रहा है। संसद में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। अंबेडकर साहब का अपमान करना भाजपा की कुंठित विचारधारा का प्रतीक है। हाल ही में संसद में हुए एक भाषण के दौरान, एक नेता द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में दिए गए बयान को लेकर देश भर में विवाद छिड़ गया है। विपक्ष इस बयान को संविधान निर्माता का अपमान बता रहा है। इस बयान के बाद संसद में हंगामा हुआ और विपक्ष ने सरकार पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना है कि इस तरह के बयान से लोकतंत्र की हत्या हो रही है और देश की एकता को खतरा है। यह मुद्दा सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है और लोग इस पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

गोविंदपुर (ससे) : अल-इकरा बीएड कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतिम दिन को प्राचार्य प्रो. शमीम अहमद ने प्रशिक्षुओं को फिट इंडिया सप्ताह की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में सफल हो सकता है। क्योंकि विकास के सभी पक्ष एक दूसरे से सम्बंधित हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक बिरेन्द्र कुमार सिंह तथा प्रोफेसर इन्चार्ज अशरफ अली समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

हाई-प्रोफाइल शादियों पर है आयकर विभाग की नजर

नई दिल्ली,(ईएमएस): भारत में शादियों का ट्रेंड बदल रहा है लोग शादी पर लाखों रुपए खर्च कर रहे है पिछले कुछ सालों में कई हाई-प्रोफाइल और महंगी शादियां हुई है इन शादियों में शाही इंतजाम पर पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, लेकिन अब ये महंगी शादियां आयकर विभाग की रडार पर है ऐसे में अब इनकम टैक्स विभाग शादी के खर्चों को लेकर कमल और लोगों से जवाब-तलब कर सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक आयकर विभाग करीब ७५०० करोड़ रुपए की संदिग्ध टैक्स चोरी के मामले में जयपुर में करीब २० वेडिंग प्लानरों की जांच कर रहा है। यह जांच वैश ट्रांजेक्शन और खच्चर खातों व नकली बिलों के इस्तेमाल पर फोकस कर रही है। इस जांच का दायरा विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग और संबंधित विदेशी मुद्रा नियमों तक हो सकता है।

लेखपालों का एंटी करप्शन टीम पर हमला, दो गिरफ्तार

बाराबंकी,(ईएमएस): यूपी के बाराबंकी में लेखपालों द्वारा एंटी करप्शन टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में शिकायतकर्ता को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। चार दिन पहले किसान की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने दो लेखपाल समेत मुंशी को गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों घूस लेते लेखपाल को तहसील परिसर से गिरफ्तार किया था।

एक बार फिर एंटी करप्शन टीम को लेखपालों के घूसखोरी की शिकायत मिली। लेखपालों पर टीम की नजर थी, तभी लेखपालों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया। हमले में शिकायतकर्ता किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। इसमें एंटी करप्शन टीम के सदस्यों को भी चोटें आई। लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम की गाड़ी भी तोड़फोड़ दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसान व एंटी करप्शन टीम को बचाया। घटना के बाद सैकड़ों लेखपाल थाने पहुंच गए। लेखपालों ने टीम पर अभद्रता का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलने के बाद अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा सीओ समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौजूद है।

जमींदोज इमारत में फंसे हैं कई लोग, 2 शव बरामद

चंडीगढ़ (ईएमएस): पंजाब के मोहाली जिले में सोहाना इलाके में शनिवार को बेसमेंट की खुदाई के दौरान तीन मंजिला इमारत ढह गई। इस वारदात में अभी भी कई लोग फंसे होने की संभावना है। अब तक रेस्क्यू अभियान जारी है ताकि सभी को बचाया जा सके। अभी तक दो शव भी बरामद किए गए हैं।

अवैध कट के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाएं : अभियंता

गोविंदपुर (ससे) : एनएचएआई के हाईवे इंजीनियर एलपी सिंह ने रविवार को कहा कि निर्मला अस्पताल के सामने लोगों ने अवैध कट बना दिया था। सोमवार को इस कट को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवैध कट के कारण दुर्घटना हुई और लक्ष्मण साव की जान चली गई। दो महिलाएं घायल हो गई।

उन्होंने कहा कि बरवाअड्डा से बराकर तक सभी अवैध कट को बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद यदि किसी ने कट खोला तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा । उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर सुरक्षा जरूरी है। शॉर्टकट तरीके से सड़क पार करने के चक्कर में लोगों की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर ऊपर बाजार इलाके में सड़क चौड़ीकरण का काम तेज गति से हो रहा है। अमरपुर इलाके में कुछ लोगों ने चौड़ीकरण कार्य में लगे लोगों के साथ मारपीट की थी। यदि ऐसी घटना फिर होगी तो मारपीट करने वालों को खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि धनबाद उपायुक्त ने गोविंदपुर इलाके में सड़क चौड़ीकरण कार्य २० दिसंबर तक पूर्ण नहीं हो पाया। इसके बाद डीसी ने हर हाल में एक हफ्ते में पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कंपनी को पूरी सुरक्षा देने एवं हर तरह का सहयोग देने का भी आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा की फिर अतिक्रमण कार्य करने वालों पर भी प्रशासन की नजर है और उपायुक्त ने गोविंदपुर सीओ को अतिक्रमण पूरी तरह हटाने का आदेश दिया है।

सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली का खुलासा, 4 गिरफ्तार

पटना (एजेंसी) : बिहार में आयोजित केंद्रीय चयन पर्षद की सिपाही भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, इसका खुलासा तब हुआ, जब फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचे चार अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस मैच नहीं हुआ. इसके बाद इन अभ्यर्थियों से पूछताछ की गयी तो पता चला चारों ने अपने जगह किसी और को परीक्षा में बैठाया था. यानी चारों अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में स्कॉलर की मदद ली. इसके लिए स्कॉलर को मोटी रकम दी गयी थी. मामले का खुलासा होने बाद चारों अभ्यर्थियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. हालांकि चारों की गिरफ्तारी एक साथ नहीं हुई है. दो लोगों को २१ दिसंबर शनिवार को गिरफ्तार किया गया है.

27 फीसदी आरक्षण की लड़ाई को करेंगे और तेज : महेश्वर साहु

रांची (एजेंसी): चर्च रोड स्थित होटल राजधानी प्लाजा में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के शौंडिक उप-जाति के केंद्रीय, जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष स्तर के पदधारियों की बैठक रविवार को हुई.

मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल शामिल हुए. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ११ जनवरी को रायपुर में होने वाले अखिल भारतीय शौंडिक सम्मेलन में वैश्य मोर्चा के शौंडिक पदाधिकारी व सदस्य सैंकड़ों की संख्या में शामिल होंगे.

मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि नौकरी और अधिकार चाहिए तो २७ फीसदी आरक्षण की लड़ाई को तेज करना होगा. यह राज्य हम लोगों का भी है. हमलोग भी अलग झारखंड की लड़ाई सहभागी थे, तो रोजगार, अधिकार और सम्मान में दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों? इस सवाल को रायपुर सम्मेलन में जोर शोर से उठाया जायेगा.

बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किये गये. पारित प्रस्ताव के अनुसार झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में वैश्य समाज व शौंडिक जाति के लोगों ने भी प्रमुख रूप से भाग लिया था, लेकिन इस जाति के लोगों को अब तक उपेक्षित और दरकिनार किया गया है.

पैसे लेकर फर्जी लोगों की सूची बनाई जा रही है. इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए. दूसरा सरकार से रांची चौक-चौराहों समेत विधानसभा भवन व परिसर में झारखंड आंदोलनकारी शहीद मर्णीद्रनाथ मंडल, समाज के अगुआ पूर्व सांसद स्व. शिव प्रसाद साहु एवं अन्य की प्रतिमा लगाने की मांग की गई. तीसरा शौंडिक उप-जाति के सक्षम व काबिल अधिकारियों को आगे बढ़ाया जाए, उचित जगह पर पदस्थापित किया जाए.

मौके पर अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, डॉ. माधवचंद्र मंडल, अधिवक्ता सहदेव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिलीप प्रसाद, संगठन सचिव जगदीश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची), बसंत प्रसाद साहु (रामगढ़), केंद्रीय सचिव राजेन्द्र साहु, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, युवा मोर्चा के महासचिव दिवाकर साहु, केंद्रीय सदस्य महावीर साहु (बुड़मू), संजय साहु (ओरमांझी), कुलदीप कुमार (टंडवा), कृष्णा प्रसाद साहु, अमित कुमार उपस्थित थे. अध्यक्षता मोहन साव, संचालन अश्विनी कुमार साहु, धन्यवाद ज्ञापन कपिल प्रसाद साहु ने किया.

जनता के सहयोग व समर्थन से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनीः बाबूलाल

रांची (एजेंसी): भारतीय जनता पार्टी के तय कार्यक्रम के तत्वावधान पर रविवार को सदस्यता अभियान संगठन महापर्व का शुभारंभ किया गया. इसके लिये शक्ति केंद्र एवं पंचायत स्तर पर कैंप लगा कर गांव, गांव में जनता में सदस्यता ग्रहण करने केलिए उत्साह देखा गया. पंचायत, बूथों पर लोग जुटकर सदस्यता ग्रहण कर रहे थे. साथ ही ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को तकनीक रूप से सफल बनाने में युवा कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता निभाई.

झारखंड में भाजपा ने आज ५६२८ शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने क्षेत्र में गिरिडीह जिला के बेलवाना पंचायत के खोरों गांव में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया. वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची जिला के हरमू मंडल के तहत डीएवी स्वणरिखा शक्तिकेंद्र में संगठनपर्व का शुभारंभ किया.

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ चुटिया में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रर्विंद्र कुमार राय ने गिरिडीह के पचंबा शक्ति केंद्र में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी इचाक के चारडीह में, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटीसिलवे मंडल के महिलौंग शक्ति केंद्र में, मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर के बारालोटा शक्ति केंद्र में, राकेश प्रसाद रामगढ़ के पतरातु स्थित जयनगर शक्ति केंद्र में उपस्थित रहे.

आज 11 करोड़ से अधिक भाजपा के हैं सदस्य

संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है. आज भाजपा के ११ करोड़ से अधिक भाजपा के सदस्य हैं. श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों पर जनता का विश्वास बढ़ा है, तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है. उन्होंने कहा कि भाजपा का गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, अंत्योदय, किसान सम्मान, आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा बढ़ा है. कहा कि जनता को यह विश्वास आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, विकसित भारत का सपना भाजपा ही पूरा कर सकती है. उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भी भाजपा ने बनाया और भाजपा ही संवारेगी.

उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि विकसित भारत के लिए भाजपा को मजबूत करें, हर घर भाजपा हो, युवा और महिला शक्ति से उन्होंने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया, कहा कि ऑनलाइन नंबर ८८००००२४ डायल कर भाजपा के सदस्य बनें.

उत्सव मेला के समापन समारोह में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना

रांची (एजेंसी): पुरूलिया रोड स्थित लोयला मैदान में रविवार को पांच दिवसीय उत्सव मेला का सपापन हो गया. मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और आर्च बिशप विंसेंट आईंद शामिल हुए. मेला उत्सव में क्रिसमस केक काटा गया. युवाओं को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि क्रिसमस उत्सव को हर्षोल्लास से मनायेंगे. जिस प्रकार यीशु मसीह धरती पर प्रेम, शांति लेकर आये थे, उसी प्रकार समाज में क्रिसमस प्रेमपूर्वक और नम्रता से मनाऐं. युवा गायकों को उत्सव मेला में नया मंच प्रदान किया गया. २०२४ को यादगार बनाने के लिए वई कार्यक्रम आयोजित किए गए. मेले के आखिरी दिन में युवाओं

की भीड़ देखी गई. मंच संचालन जेवियर खलखो ने किया. समारोह में कके के लाईट हाउस ने मेला में मौजूद भीड़ को क्रिसमस गीतों खूब रिझाया. नाचने और झूमने के लिए लोगों को विवश कर दिया. गायक निलेश टोप्पो ने टुक्कुर टुक्कुर देखेला मरियम कर केरा में टुक्कुर टुक्कुर देखेला जोसेफ कर केरा के गीतों से सबको झुमाया. मेले में ड्रम वादक जेम्स ने ताल पर ताल मिलाया. गीत का धुन गिटार वादक आशीष ने साथ दिया. इन सबों ने की बोर्ड वादक आयुष से राग मिलाया. समापन कार्यक्रम में अध्यक्ष जोसेफ टोप्पो, कार्यकारणी अध्यक्ष सुनिल खलखो, मुख्य संरक्षक सुनिल लक्ड़ा, सचिव जोन लक्ड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक बाड़ा, सदस्य रंजित बाड़ा, जुलियन केरकेट्टा, मधु कन्छप, अनिमा एक्का, राजन कन्छप, गोपाल एक्का व रवि खलखो समेत अन्य शामिल थे.

कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे तीन हाईवा में आगजनी, फायरिंग कर फैलायी दहशत

रांची (एजेंसी): अपराधियों ने तीन हाईवा को आग के हवाले कर दिया है. यह घटना जिले के खलारी थाना क्षेत्र स्थित निर्मल महतो चौक के पास हुई है, जहां रविवार की अहले सुबह करीब चार बजे हथियारबंद अपराधियों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे तीन हाईवा में आगजनी की. इतना ही नहीं अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की. घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर खलारी पुलिस, मैक्लुस्कीगंज पुलिस और पिपरवार पुलिस पहुंची और आग को बुझाया.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस घटना को आलोक गिरोह ने अंजाम दिया है. हालांकि अभी तक किसी गिरोह या नक्सली संगठन ने इसकी जिम्मेवारी नहीं ली है. पुलिस इस घटना में शामिल नक्सलियों और अपराधियों के ठ्ठिलाफ़ आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चला रही है.

आज राज्यस्तरीय युवा दिवस का आयोजन

रांची (एजेंसी): झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन सोमवार को रांची के अंट्रि हाउस में आयोजित किया जाएगा. इसमें समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला एवं कहानी लेखन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत एवं विज्ञान मेला में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी युवा भाग लेंगे. शेष प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी युवा भाग लेंगे. बता दें कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव २०२५ में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे.

दयानंद आर्य विद्यालय का मना 25वां वार्षिक उत्सव

रांची (एजेंसी): दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी चौक, मांडर परिसर में रविवार को विद्यालय का २५वां वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया. मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी साहु, विशिष्ट अतिथि डॉ आरके झा, प्राचार्य डीपीएस सेल टाउनशिप रांची, नीरज सिन्हा प्राचार्य, फिरायालाल पब्लिक स्कूल रांची, राजेश पिल्लई प्राचार्य केरली पब्लिक स्कूल रांची, डॉक्टर बबन प्राचार्य सेवन स्टार अकैडमी हेहल, एलेक्सिया बेक, प्राचार्य संत एनी कान्वेंट स्कूल मांडर, अराफात हसन प्रबंधक मुनम पब्लिक स्कूल हजारीबाग एवं छात्र क्लब ग्रूप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसके शर्मा ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम से सभी को किया मंत्रमुग्ध

विद्यालय के निदेशक डॉ राजेश दत्त ने विद्यालय का २५वां वर्षगांठ पर विद्यालय के द्वारा संपूर्ण विवरण पेश किया. कुलपति झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी ने अपना आशीर्वचन बच्चों एवं विद्यालय के परिवार को दिए. जिससे बच्चे काफी लाभान्वित हुए. वर्षगांठ पर बच्चों के द्वारा पेश रंगारंग कार्यक्रम से सभी मंत्रमुग्ध हो गये. अभिभावक एवं अतिथियों ने भी कार्यक्रम का खूब आनंद लिया. इससे पूर्व समस्त अतिथियों का विद्यालय के निदेशक ने सम्मानित किया. मौके पर शामिल भाजपा झारखंड युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर एवं भाजपा नेता सभी टोप्पो ने विद्यालय का मान बढ़ाया. सफल बनाने में विद्यालय परिवार के अवधेश दत्त, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, शमशेर खान, विजय कुमार एवं अन्य कर्मचारी शामिल थे.

जिले के सभी 18 ब्लॉकों में कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

रांची (एजेंसी): झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से रविवार को कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रांची जिला के सभी १८ ब्लॉकों में संपन्न हुआ. जिसमें विभिन्न विभागों जैसे श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं की सहायता परिसंपत्ति के रूप में लाभुकों में वितरित की गई तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई.

लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित

मालूम हो कि अनगड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुड़मू, ईटकी, कांके, खेलारी, मांडर, नगड़ी, नामकूम, ओरमांझी, राहे, रातू, सोनाहातू एवं तमाड़ ब्लॉक में कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया.

ओरमांझी ब्लॉक में जिला स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में मिथलेश कुमार, अपर न्यायायुक्त ६ सह विशेष न्यायाधीश (एफटीसी) थे. उन्होंने झारखंड पीड़ित प्रतिकर स्कीम के संबंध में विस्तृत जानकारी दिये एवं पीड़ित पुनर्वास के लिये विधिक सेवा प्राधिकार, रांची का कार्य के विषय में बताया.

डालसा सचिव ने दी सुविधाओं की जानकारी

डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि समय-समय पर शिविर लगाकर जरूरतमंद लाभूकों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है. मांडर ब्लॉक में न्यायिक दंडाधिकारी, नुमान खान ने जागरूकता कैंप का जायजा लिया एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया. डालसा सचिव ने कहा कि डालसा, रांची के द्वारा लाभुकों का चयन कर परिसंपत्तियों का वितरण जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है. सशक्तिकरण शिविर में झालसा की योजना जैसे मानवता, कर्तव्य, श्रमेव वन्दते, तृप्ति, चेतना, निरोगी भवः, आत्मनिर्भरता एवं शक्ति आदि योजनाओं पर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा की बेहतर तैयारी की गई थी.

24 को धरती के पास से गुजरेगा सबसे बड़ा एस्टेरॉयड, नासा रख रहा नजर

एस्टेरॉयड का नाम 2024 एक्सएन1 रखा है, मिलेंगी अहम जानकारियां

नई दिल्ली (ईएमएस): क्रिसमस का त्यौहार आने वाला है और लोग इसकी तैयारियों में लगे हैं और घरों को सजाया जा रहा हैं। इसी बीच एक खबर सामने आई कि क्रिसमस से ठीक पहले २४ दिसंबर को एक बड़ा एस्टेरॉयड पृथ्वी के पास से गुजरने वाला है। नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक इस एस्टेरॉयड का नाम २०२४ एक्सएन१ रखा है और यह करीब १२० फीट लंबा है। यह एस्टेरॉयड १४,७४३ मील प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और पृथ्वी से ४,४८०,००० मील की दूरी यानी धरती और चंद्रमा के बीच की दूरी का १६ गुना पर जाएगा, लेकिन घबराने की बात नहीं वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे पृथ्वी को कोई नुकसना नहीं होगा।

नासा ने इस एस्टेरॉयड को लेकर कहा कि भले ही एस्टेरॉयड २०२४ एक्सएन१ धरती के बहुत पास से गुजर रहा हो, लेकिन इससे कोई खतरा नहीं होगा। नासा इस पर नजर रखे हुए है और इसकी यात्रा को ट्रैक करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि २०२४ एक्सएन१ जैसे एस्टेरॉयड्स सौरमंडल के प्रारंभिक दौर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दे सकते हैं। इनका अध्ययन करने से वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड की उत्पत्ति और इसके विकास को समझने में मदद मिलेगी।

२०२४ एक्सएन१ आगामी दिनों में पृथ्वी के पास से गुजरने वाले अगले पांच एस्टेरॉयड्स में सबसे बड़ा है। फिर भी नासा ने यह साफ कर दिया है कि इसके पृथ्वी को कोई संभावित खतरा नहीं होगा। इस एस्टेरॉयड की निगरानी नासा के एस्टेरॉयड वॉच डैशबोर्ड द्वारा

आमजनों पर लगाए गए भारी जुर्माने पर सरकार करे पुनर्विचारः मरांडी

रांची (एजेंसी): भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने की जगह केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है.

मामूली गलतियों पर भी भारी जुर्माना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा व यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर केवल जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है.

कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी, ट्रैफिक सिग्नल सही नहीं होंगे और लोगों को जागरूक नहीं किया जायेगा, तब तक केवल जुर्माना वसूलने से संकट हल नहीं होगा. उन्होंने कहा कि आमजनों पर लगाए गए भारी जुर्माने पर राज्य सरकार पुनर्विचार करे और रांची की सड़कों पर मची लूट को रोक कर बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करे.

झारखंड में सुरक्षाबलों की बढ़ती ताकत, माओवादियों का घटता जनाधार

रांची (एजेंसी): झारखंड में सुरक्षाबलों की बढ़ती ताकत से भाकपा माओवादी का जनाधार कम होते जा रहा है. पिछले सात साल के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है. इस दौरान १०९ बड़े माओवादी मारे गये. वहीं दूसरी तरफ सुरक्षाबलों को भी इस घटना में नुकसान का सामना करना पड़ा है. इस दौरान ४१ जवान शहीद हुए हैं.

झारखंड में सुरक्षा बलों की तैनाती और खुफिया जानकारी जुटाने की वजह से माओवादी समस्या कुछ जिलों तक सीमित रह गयी है. जबकि एक दशक पहले माओवादियों का मुद्दा पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ा चिंता का विषय था. माओवादियों को कोल्हान क्षेत्र से लगभग खदेड़ दिया गया है, जो कभी उनका गढ़ हुआ करता था.

अब वे ओडिशा के सीमावर्ती जिलों जैसे मयूरभंज और क्योंझर के साथ राज्य के सुदूर दक्षिण में सारंडा वन क्षेत्र में चले गये हैं. सबसे बड़ा माओवादी कमांडर मिसिर बेसरा और पतिराम मांझी राज्य के सारंडा वन क्षेत्र में शरण लिए हुए हैं.

पिछले सात साल में मारे गये 109 नक्सली

- २०१८-२५, -२०१९-३१,
- २०२०-१८, -२०२१-०८,
- २०२२-१३, -२०२३-१४,
- २०२४-१३ - कुल-१०९

बीते सात सालों में 846 नक्सली हुए गिरफ्तार

- २०१८-१५७, -२०१९-६९
- २०२०-९२, -२०२१-१४१
- २०२२-१९५,-२०२३-११४
- २०२४-७८, -कुल-८४६

झारखंड में सिर्फ 11 नक्सलियों का दस्ता सक्रिय :

- चाईबासा जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई और अजय महतो का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में ६५ नक्सली कैडर शामिल हैं.
- चाईबासा जिले के गोइल केरा और सोनुवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में ३० नक्सली कैडर हैं.
- बोकारो जिले के जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र में विवेक और रघुनाथ का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में २३ नक्सली कैडर शामिल हैं.
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में रर्विंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में पांच नक्सली कैडर हैं.
- चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मनोहर गंझू का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में तीन नक्सली कैडर शामिल हैं.
- पलामू जिले के मोहम्मदगंज और हैदरनगर थाना क्षेत्र में नितेश यादव का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में छह नक्सली कैडर हैं.

डीजीपी का दावा- अगले तीन माह में चाईबासा से नक्सलियों का होगा खात्मा

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दावा किया है कि अगले तीन महीने में चाईबासा से नक्सलियों का खात्मा हो जायेगा.

उन्होंने यह बात शनिवार को चाईबासा में पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान कही थी. झारखंड राज्य में ९५ प्रतिशत नक्सल समस्या खत्म हो चुकी है. शेष बचे पांच प्रतिशत नक्सलियों के खात्मे के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

भाकपा माओवादी के कमजोर होते ही छोटे-छोटे अपराधी व उग्रवादी संगठन हुए सक्रिय

झारखंड में भाकपा माओवादी संगठन के कमजोर होते ही छोटे-छोटे अपराधी और उग्रवादी संगठन सक्रिय हो गये हैं. ये रंगदारी और लेवी वसूलने के लिए वाहनों में आगजनी और गोलीबारी की घटना को अंजाम दे रहे हैं. झारखंड में नक्सलवाद की समस्या ९५ फीसदी खत्म हो चुकी है. छोटे-छोटे समूह में तब्दील होकर अपराधी और उग्रवादी संगठन आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल पर कारोबारियों से रंगदारी की मांग कर रहे हैं.

झारखंड के पांच जिले सिर्फ नक्सल प्रभावित

केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा माओवाद प्रभावित जिले हैं. इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति माओवाद प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है.

जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिले गिरिडीह, गुमला, लातेहार व लोहरदगा डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंर्सन (डीओसी) की लिस्ट में हैं.

इन लोगों को नहीं खानी चाहिए फूल गोभी

गैस और ब्लोटिंग की समस्या- जिन लोगों को अक्सर खाने-पीने से गैस और एसिडिटी की समस्या रहती है उन्हें फूलगोभी का सेवन न के बराबर करना चाहिए। गोभी में कार्बोहाइट्रेट होते हैं, जिससे पाचन से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। गोभी की सब्जी या पराठे खाने के बाद आपको गैस और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। इसलिए गोभी का सेवन न करें।

थायराइड में गोभी नहीं खाएं- अगर आपको थायराइड की समस्या है तो फूलगोभी न खाएं। इससे आपकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। फूलगोभी खाने से थायराइड ग्लैंग में आयोडीन के इस्तेमाल करने की शक्ति कम हो जाती है। जिससे मुश्किल हो सकती है। फूल गोभी खासतौर से अ3 और अ4 हार्मोन के लेवल को प्रभावित कर सकती है। इसलिए थायराइड के मरीज कम से कम फूलगोभी खाएं।

पथरी होने पर न खाएं गोभी- फूल गोभी का सेवन पथरी की समस्या होने पर भी नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान हो सकता है। खासतौर से गॉलब्लैडर और किडनी में पथरी होने पर फूल गोभी खाने से बचना चाहिए। फूल गोभी में कैल्शियम होता है जिससे पथरी की परेशानी और बढ़ सकती है।

ब्लड क्लॉटिंग होने पर- अगर आपको ब्लड क्लोटिंग की शिकायत रहती है तो फूलगोभी का सेवन बिल्कुल न करें। फूलगोभी में पोटैशियम काफी ज्यादा होता है जिससे शरीर में खून और गाढ़ा हो सकता है। इसलिए गोभी का सेवन सीमित करें या फिर न खाएं।

प्रेगनेंसी में न खाएं गोभी- गर्भावस्था के दौरान भी आपको फूल गोभी का सेवन करने से बचना चाहिए। इससे कई तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। खासतौर से प्रेम्नेंसी में गैस, एसिडिटी और अपच की समस्या ट्रिगर कर सकती है। इसलिए गोभी से परहेज करना जरूरी है।



सर्दियों में हीटर के अधिक उपयोग से हो सकते हैं गंभीर स्वास्थ्य खतरे, कैसे करें बचाव

सर्दियों में रूम हीटर का इस्तेमाल एक आम जरूरत बन जाती है। गिरते तापमान के बीच, लोग अपने कमरे को गर्म और आरामदायक बनाने के लिए रूम हीटर का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या यह पूरी तरह से सुरक्षित है? रूम हीटर के फायदे के साथ-साथ इसके कई नुकसान भी हो सकते हैं, जो आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं।

ऑयल-फिल्ड रेडिएटर

इनमें से हर एक प्रकार का अपना विशेष उद्देश्य और फायदे-नुकसान होते हैं। हालांकि, लगातार रूम हीटर का उपयोग करना आपकी सेहत और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है।

त्वचा को नुकसान

रूम हीटर या ब्लोअर के सामने लंबे समय तक बैठने से त्वचा पर बुरा असर पड़ सकता है। हीटर के कारण त्वचा की नमी खत्म हो जाती है, जिससे खुजली, रैशेज और फफोले हो सकते हैं। यह स्कैल्प को ड्राई कर देता है और बाल झड़ने की समस्या पैदा कर सकता है। चेहरे और शरीर की त्वचा पर अधिक समय तक गर्म हवा लगने से एलर्जी हो सकती है।

नेजल पैसेज का सूखना

रूम हीटर के लगातार उपयोग से नाक के अंदरूनी हिस्से (नेजल पैसेज) सूखने लगते हैं। सूखापन बढ़ने पर नाक से खून आने की समस्या हो सकती है। नाक के ऊपरी हिस्से में दर्द और जलन महसूस होने लगती है। यह समस्या उन लोगों में अधिक होती है जो पहले से साइनस या नाक से संबंधित किसी बीमारी से जूझ रहे हैं।

ब्रेन को नुकसान और इंटरनल ब्लीडिंग का खतरा

रूम हीटर का अत्यधिक उपयोग दिमाग के लिए भी खतरनाक हो सकता है। रूम में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है, जिससे ब्रेन को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। लंबे समय तक हीटर चलने से कमरे में कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ सकता है, जो घातक हो सकता है। यह ब्रेन में इंटरनल ब्लीडिंग और यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकता है।

कमरे को वेंटिलेटेड रखें

रूम हीटर का इस्तेमाल करते समय यह सुनिश्चित करें कि कमरे में हवा का आवागमन बना रहे। खिड़कियों और दरवाजों को पूरी तरह से बंद न करें। आप खिड़कियों को हल्का सा खोल सकते हैं या कमरे में थोड़ी जगह छोड़ सकते हैं, ताकि ऑक्सीजन का स्तर घटने न पाए। वेंटिलेशन कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी खतरनाक गैसों को बाहर निकालने में मदद करता है। बंद कमरे में हीटर का लंबे समय तक उपयोग करने से दम घुटने, चक्कर आने और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है। इसलिए कमरे को वेंटिलेटेड रखना बेहद जरूरी है।

हीटर को लंबे समय तक न चलाएं

हीटर का उपयोग सीमित समय के लिए करें और इसे लगातार लंबे समय तक चालू न रखें। अगर आप रात के समय इसका उपयोग कर रहे हैं, तो इसे रातभर चलाकर सोने से बचें। इससे हवा में ऑक्सीजन और नमी का स्तर कम हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक चलने से हीटर ओवरहीट हो सकता है, जिससे आग लगने का खतरा होता है। कमरे को गर्म करने के बाद हीटर को बंद कर दें और गर्मी बनाए रखने के लिए कंबल या गद्दे का उपयोग करें।

ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें

हीटर के कारण हवा में नमी की कमी हो जाती है, जिससे त्वचा, नाक और गले में सूखापन महसूस हो सकता है। इसका प्रभाव कम करने के लिए ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें। यह कमरे में नमी बनाए रखता है और वातावरण को स्वस्थ बनाता है। अगर आपके पास ह्यूमिडिफायर नहीं है, तो आप एक कटोरे में पानी भरकर कमरे में रख सकते हैं, जिससे प्राकृतिक रूप से नमी बनी रहेगी। इसके अलावा, घर के अंदर छोटे पौधे रखें क्योंकि वे भी नमी बनाए रखने में मदद करते हैं।

त्वचा और बालों की देखभाल करें

हीटर के अधिक उपयोग से त्वचा और बाल सूखने लगते हैं। इससे बचने के लिए त्वचा की उचित देखभाल करें। नहाने के बाद मॉइस्चराइजर का उपयोग करें ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे। होंठों के लिए लिप बाम का उपयोग करें ताकि वे फटने से बच सकें। बालों की देखभाल के लिए नियमित रूप से तेल मालिश करें और हाइड्रेटेड शैम्पू का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही, दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर अंदर से हाइड्रेटेड रहे और त्वचा तथा बालों पर हीटर का प्रभाव कम हो सके।

सुरक्षा मानकों का ध्यान रखें

हीटर का उपयोग करते समय सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसे ऐसी जगह पर रखें, जहां से इसके गिरने या ओवरहीट होने का खतरा न हो। हीटर को फ्लेमेबल वस्तुओं, जैसे पर्दे, कपड़े या फर्नीचर से दूर रखें। कभी भी हीटर को अकेला चालू न छोड़ें और बच्चों या पालतू जानवरों को इसके पास न जाने दें। इन सावधानियों से आप न केवल सुरक्षित रहेंगे बल्कि सर्दियों में हीटर का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य और जीवन दोनों की रक्षा कर पाएंगे।

रूम हीटर के फायदे

कमरे को तुरंत गर्म करता है और ठंड से राहत दिलाता है। छोटे और बंद जगहों में ज्यादा प्रभावी होता है। सर्दियों में बच्चों और बुजुर्गों के लिए आरामदायक माहौल बनाने में मददगार। रूम हीटर का सही और सीमित उपयोग ठंड से बचने के लिए फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, इसका अत्यधिक और असावधान उपयोग स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है। बेहतर है कि आप रूम हीटर का उपयोग करते समय आवश्यक सावधानियों को अपनाएं और अपनी सेहत का ख्याल रखें।

सुबह खाली पेट पीएं किशमिश का पानी

आयुर्वेद के मुताबिक ड्राई फ्रूट्स को सही मात्रा में कंज्यूम करने से आप अपने शरीर को फौलादी बना सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी अक्सर पौष्टिक तत्वों से भरपूर किशमिश का सेवन करने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि किशमिश का पानी आपकी सेहत के लिए किशमिश से भी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है? अगर नहीं, तो आपको भी किशमिश का पानी पीने के फायदे और किशमिश का पानी बनाने के तरीके के बारे में जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए।

कैसे बनाएं किशमिश का पानी?

किशमिश का पानी बनाना बेहद आसान है। इसके लिए आपको रात में सोने से पहले एक कटोरी या फिर गिलास में पानी भरना है। ध्यान रहे कि कटोरी या फिर गिलास कांच का होना चाहिए। अब इस पानी में किशमिश डाल दीजिए। किशमिश को भिगोकर रात भर के लिए छोड़ दीजिए। अब अगली सुबह आप किशमिश और किशमिश का पानी, दोनों का सेवन कर सकते हैं।

कब पीना ज्यादा फायदेमंद?

आयुर्वेद के मुताबिक सुबह-सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पीना आपकी सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि किशमिश के पानी में पाए जाने वाले तत्व डायबिटीज और ब्लड शुगर लेवल जैसी समस्याओं को कंट्रोल करने में भी कारगर साबित हो सकते हैं। इसके अलावा किशमिश का पानी आपकी थकान और कमजोरी को भी काफी हद तक कम कर सकता है।

मिलेंगे एक से बढ़कर एक फायदे

किशमिश का पानी पीकर आप अपनी इम्यूनिटी को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। यानी इस ड्राई फ्रूट के पानी को रेगुलरली पीकर आप खुद को बार-बार बीमार पड़ने से बचा सकते हैं। किशमिश का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा अगर आप अपनी हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो किशमिश के पानी को अपनी डेली डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

शलजम में पाया जाता है ये सबसे जरूरी विटामिन

शलजम में विटामिन सी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ये सब्जी फोलेट यानि विटामिन बी9, आयरन और कैल्शियम का अच्छा सोर्स मानी जाती है। आपको सलाद के रूप में शलजम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। शलजम में फाइबर सबसे ज्यादा होता है। इसे खाने से कब्ज की बीमारी को दूर किया जा सकता है।

शलजम कौन सी बीमारियों में फायदा करती है?

खांसी दूर करे- सर्दियों में ज्यादातर लोग खांसी से परेशान रहते हैं। ऐसे में शलजम को डाइट में जरूर शामिल करें। ठंड में खांसी होने पर शलजम को काटकर, भूनकर, नमक डालकर खाएं। इससे खांसी में राहत मिलेगी।

बवासीर में आराम- जिन लोगों को मसालेदार और तीखा खाने की आदत है उन्हें पाइल्स होने का खतरा रहता है। ऐसे लोगों को शलजम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। फाइबर से भरपूर शलजम खाने से कब्ज की समस्या को दूर किया जा सकता है। आप शलजम के पत्तों का साग बनाकर भी खा सकते हैं।

बीपी के मरीज के लिए फायदेमंद- शलजम को ब्लड प्रेशर के मरीज भी खा सकते हैं। इसमें नाइट्रेट पाया जाता है, जो शरीर में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। शलजम खाने से आंखें भी स्वस्थ रहती हैं। क्योंकि इसमें ल्यूटिन होता है जो आंखों के लिए फायदेमंद है।

अमृत से कम नहीं है अंजीर का पानी

ड्राई फ्रूट्स में अंजीर एक फायदेमंद सुपरफूड है। आप अंजीर को फल और ड्राई फ्रूट किसी भी रूप में खा सकते हैं। ज्यादातर लोग सूखे अंजीर का सेवन करते हैं। अंजीर को सुखाकर खाने से ये जल्दी खराब नहीं होती। हालांकि सूखी हुई अंजीर को पानी में भिगोकर खाने से इसके फायदे और बढ़ जाते हैं। इससे अंजीर पेट और पाचन के लिए फायदेमंद हो जाती है। अगर आप अंजीर का पानी भी पी लेते हैं तो ये आपके स्वास्थ्य के लिए अमृत समान बन जाता है। कब्ज, गैस, एसिडिटी को दूर कर अंजीर शरीर को ताकत पहुंचाती है। शारीरिक कमजोरी दूर करने के लिए आपको रोजाना भीगी हुए अंजीर खानी चाहिए।

पानी में भीगी अंजीर खाने के फायदे

पानी में भीगी हुई अंजीर खाने से कब्ज से छुटकारा मिलता है। अंजीर में फाइबर ज्यादा होता है जिससे पेट साफ होता है और वजन भी कम होता है। पानी में भीगे अंजीर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी और कम हो जाता है। जिससे डायबिटीज के मरीज भी अंजीर खा सकते हैं। हार्ट को हेल्दी रखने और ब्लड शुगर को कम करने के लिए अंजीर को भिगोकर ही खाना चाहिए। इस तरह रोजाना 2 अंजीर खाने से हड्डियों को ताकत मिलेगी। प्रेगनेंट महिलाओं के लिए और क्रूर और क्लहड के मरीज भी अंजीर खा सकते हैं।

अंजीर का पानी पीने के फायदे

अगर आप अंजीर को रात में साफ पानी में भिगोते हैं और सुबह अंजीर खाने के बात उसका बचा हुआ पानी पीते हैं तो ये कई और फायदे भी देता है। अंजीर का पानी कई विटामिन और मिनरल से भरपूर होता है। इससे गैस एसिडिटी में आराम मिलता है। अंजीर का पानी पाचन प्रक्रिया को सुचारू बनान में मदद करता है। भीगे अंजीर और उसका पानी आंतों के लिए अच्छा माना जाता है। अंजीर का पानी वेट लॉस में भी मददगार साबित होता है। त्वचा को हेल्दी बनाने और स्ट्रेस दूर करने में भी अंजीर का पानी फायदेमंद है।

एक दिन में कितनी अंजीर खानी चाहिए?

अंजीर खाने में काफी स्वादिष्ट और मीठा ड्राई फ्रूट है। लेकिन फायदों के चक्कर में ज्यादा अंजीर खाने से उल्टा नुकसान हो सकता है। आपको 1 दिन में 2-3 अंजीर से ज्यादा नहीं खानी चाहिए। ज्यादा अंजीर खाने से ब्लड शुगर बढ़ सकता है।

सेहत को दमदार बना सकते हैं पान के पत्ते

आयुर्वेद के मुताबिक पान के पत्ते खाने से आप अपनी सेहत को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर पान के पत्ते न केवल आपकी सेहत को मजबूत बनाने में कारगर साबित होंगे बल्कि कुछ गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करने में भी असरदार साबित हो सकते हैं। आइए पान के पत्तों को डाइट में शामिल करने के कुछ कमाल के फायदों के बारे में जानते हैं। इन फायदों के बारे में जानकर आप भी पान के पत्तों को अपनी डाइट का हिस्सा बना लेंगे।

दूर करे कमजोरी-थकान

अगर आपको भी दिनभर कमजोरी और थकान महसूस होती रहती है तो पान के पत्तों का सेवन करना शुरू कर दीजिए। आचार्य श्री बालकृष्ण के मुताबिक पान के पत्ते आपकी इस समस्या को दूर करने में मददगार साबित हो सकते हैं। सर्दी-जुकाम से छुटकारा पाने के लिए भी पान के पत्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इतना ही नहीं पान के पत्तों में पाए जाने वाले तमाम तत्व सांसों से जुड़े रोगों को ट्रीट करने में भी फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

कम होगा दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा

पान के पत्तों का शरबत पीने से आप अपनी हार्ट हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। यानी दिल से जुड़ी जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए पान के पत्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा पान के पत्ते गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। कब्ज जैसी पेट से जुड़ी समस्या से राहत पाने के लिए पान के पत्तों को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

बुखार से राहत दिलाए

अगर आप बिना दवाई खाए बुखार ठीक करना चाहते हैं तो लगभग 3 मिली पान के अर्क को गर्म कर पी जाएं। मिर्गी आने पर भी पान के पत्तों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के मुताबिक सही मात्रा में और सही तरीके से पान के पत्तों को डाइट में शामिल करने से आप इस तरह के हेल्थ बेनिफिट्स हासिल कर सकते हैं।

नई पीढ़ी के लिए एक उभरता हुआ करियर है ऑडियो इंजीनियरिंग

एक समय ऐसा था, जब आवाज को उसके मूल रूप में ही रिकॉर्ड किया जाता था, परन्तु आज उसमें काफी हद तक बदलाव लाया जा सकता है। यह सब संभव हो पाया है 'ऑडियो इंजीनियरिंग' से। ऑडियो इंजीनियरिंग, ऑडियो साइंस की ही एक शाखा है। इसमें साउंड केप्चर करने, रिकॉर्डिंग करने, कॉपी करने, एडिटिंग एवं मिक्सिंग करने, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल उपकरणों द्वारा आवाज़ में उतार-चढ़ाव लाने संबंधी कार्य किए जाते हैं। यह पूरा कार्य पोस्ट प्रोडक्शन के अंतर्गत आता है। ऑडियो इंजीनियरिंग नई पीढ़ी के लिए एक उभरता हुआ करियर है, जो भारत एवं विदेश दोनों जगह फिल्म, वीडियो प्रोडक्शन, साउंड ब्रॉडकास्टिंग एवं एडवर्टाइज़िंग में संभावनाएं तलाशता है।

क्वालिफिकेशन

एक सफल ऑडियो इंजीनियर बनने के लिए ऑडियोग्राफी, साउंड रिकॉर्डिंग एवं ऑडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा डिग्री कोर्स का होना आवश्यक है। वैसे तो इस फील्ड में किसी विशेष शैक्षिक योग्यता की दरकार नहीं होती, परन्तु ऑडियो इंजीनियरिंग में बैचलर अथवा पीजी डिग्री को वरीयता दी जाती है। जहां तक डिमांड की बात है तो ऑडियो इंजीनियर बनने के लिए फिजिक्स अथवा मैथ्स की आधारभूत जानकारी सहायक साबित होती है, जिसके दम पर वे रिकॉर्डिंग रूम में कई तरह की प्रतिध्वनि का आकलन कर सकते हैं। इसमें अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान के आधार पर एक अच्छा ऑडियो इंजीनियर बना जा सकता है। जिन छात्रों के पास इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं फाइन आर्ट की पृष्ठभूमि रही है, वे भी इस कोर्स के लिए उपयुक्त साबित हो सकते हैं। साथ ही उन्हें रिकॉर्डिंग उपकरणों जैसे मिक्सिंग कंसोल्ड एवं माइक्रोफोन की जानकारी भी होनी चाहिए। इस कार्य में उन्हें डिजिटल ऑडियो स्टेशन, स्पीकर, एंप्लीफायर सहित कई अन्य म्यूजिक उपकरणों का प्रयोग करना पड़ता है।

पर्सनल स्किल्स

एक ऑडियो इंजीनियर को टेक्निकल नॉलेज, इलेक्ट्रिकल एप्टीट्यूड, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल सिस्टम एवं इक्विपमेंट की जानकारी होनी आवश्यक है। म्यूजिक प्रोडक्शन में टीम वर्क, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स आपके काम को गति दे सकते हैं। एकाग्रता, धैर्य, अच्छी समझ, अच्छी लय की जरूरत, अच्छी रिद्म जैसे गुण ऑडियो इंजीनियर के लिए आवश्यक हैं। साथ ही उसे रिकॉर्डिंग माध्यमों जैसे एनालॉग टेप, डिजिटल मल्टीट्रैक रिकॉर्डर एवं कम्प्यूटर नॉलेज की जानकारी भी सहायता दिला सकती है।

वित्तीय जोखिम का आकलन करते हैं अंडरराइटर

वित्तीय उद्योग विभिन्न पेशेवरों से भरा हुआ है जो कई अलग-अलग क्षमताओं में सेवा करते हैं। बैंक टेलर, बीमा एजेंट, वित्तीय सलाहकार, पोर्टफोलियो मैनेजर कुछ ऐसे पद हैं जो इस उद्योग को बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कौन से पेशेवर क्रेडिट और उधार देने के फैसले के पीछे जोखिम का आकलन करते हैं? इन व्यक्तियों को हामीदार या अंडरराइटर कहा जाता है।

अंडरराइटर्स मूल्यांकन करते हैं और मूल्यांकन करते हैं कि वित्तीय जोखिम लेने लायक है या नहीं। आप वित्तीय उद्योग के विभिन्न हिस्सों में अंडरराइटर्स पा सकते हैं, जिसमें उधार, बीमा, इक्विटी बाजार और यहां तक कि सुरक्षा व्यापार भी शामिल है। जब भी आप व्यक्तिगत ऋण, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी, या बंधक के लिए आवेदन करते हैं तो कुछ कंपनियां अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश लॉन्च करती हैं, जबकि अन्य आपके आवेदन की समीक्षा करती हैं। यदि आपको यह एक रोमांचक करियर पथ की तरह लगता है, तो आप शैक्षिक आवश्यकताओं और पेशेवर योग्यताओं के बारे में सोच सकते हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी।

अंडरराइटर बनने के लिए आवश्यकताएँ

यदि आप एक हामीदार बनना चाहते हैं तो कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको ध्यान में रखना होगा। आवश्यकताएं अक्सर उप-क्षेत्र और उस क्षेत्राधिकार के आधार पर भिन्न होती हैं जिसमें आप काम करते हैं। अंडरराइटर बनने के लिए आपको स्नातक की डिग्री की आवश्यकता हो सकती है जिसमें अर्थशास्त्र, व्यवसाय, लेखा, वित्त, या गणित में शोध शामिल होता है। अंडरराइटिंग के लिए विश्लेषणात्मक, कंप्यूटर, संचार और गणित कौशल सहित विशेष कौशल की एक श्रृंखला की आवश्यकता होती है। नए कर्मचारियों को वरिष्ठ हामीदारों से ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण मिलता है और उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रमुख प्रमाणन कार्यक्रमों को पूरा करना होगा। आप एंट्री-लेवल की नौकरी से लेकर वरिष्ठ पद तक, उच्च वेतन के साथ पाँच से 10 वर्षों के भीतर अपना काम कर सकते हैं।

अंडरराइटर अपने अनुभव के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अनुबंध जोखिम भरा होगा या यह लेने लायक होगा या नहीं। उदाहरण के लिए एक हामीदार जो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम करता है, आवेदकों के स्वास्थ्य जोखिमों का विश्लेषण करता है।

शिक्षा

एक हामीदार बनने के लिए आपको आमतौर पर स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। गणित, बिज़नेस, अर्थशास्त्र और वित्त के पाठ्यक्रम इस क्षेत्र में फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे निश्चित रूप से आपके द्वारा किए जा रहे किसी भी काम में उपयोगी हो सकते हैं। एक अच्छा हामीदार भी विस्तार-उन्मुख होता है और उसके पास गणित, संचार, समस्या-समाधान और निर्णय लेने में उत्कृष्ट कौशल होता है। एक बार काम पर रखने के बाद आप आमतौर पर वरिष्ठ हामीदारों की देखरेख में काम पर प्रशिक्षण लेते हैं। एक प्रशिक्षु के रूप में आप सामान्य जोखिम कारकों और हामीदारी में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी अनुप्रयोगों के बारे में सीखते हैं। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभवी होते जाते हैं आप स्वतंत्र रूप से काम करना शुरू कर सकते हैं और अधिक जिम्मेदारी ले सकते हैं।

कौशल

शिक्षा ही एकमात्र ऐसी चीज नहीं है जो आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद कर सकती है। विशेष कौशल का एक सेट भी है जो आपको अपना करियर बनाने में और आगे बढ़ने में आपकी मदद कर सकता है। यहां कुछ प्रमुख कौशल दिए गए हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी -

- विश्लेषणात्मक कौशल
- संचार कौशल
- कंप्यूटर कौशल
- गणित कौशल

अंडरराइटिंग में कॅरियर शुरू करने का सबसे आसान तरीका अच्छी शिक्षा प्राप्त करना है। गणित, लेखा, अर्थशास्त्र और किसी भी अन्य संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री मदद करती है। सुनिश्चित करें कि आपके पास विश्लेषणात्मक और संचार कौशल सहित सही कौशल हैं और प्रमाणित हों। एक बार जब आपके पास वह सब कुछ हो जाए तो प्रवेश स्तर की नौकरियों की तलाश करें जो आपको वह प्रशिक्षण प्रदान कर सकें जो आपको अपने कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए चाहिए।

अंडरराइटर की भूमिका क्या होती है?

अंडरराइटर अपने अनुभव के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अनुबंध जोखिम भरा होगा या यह लेने लायक होगा या नहीं। उदाहरण के लिए एक हामीदार जो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम करता है, आवेदकों के स्वास्थ्य जोखिमों का विश्लेषण करता है। एक अंडरराइटर के काम में उम्र, वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति और चिकित्सा और पारिवारिक इतिहास सहित आवेदक के विवरण की जांच करना शामिल होता है। इस जानकारी का उपयोग करते हुए और अन्य औपचारिकताओं के बाद वह अंडरराइटिंग सॉफ्टवेयर में जानकारी दर्ज करता है। सॉफ्टवेयर प्रीमियम की राशि और बीमा प्रदाता कंपनी को पॉलिसी पर लागू होने वाली शर्तों का निर्धारण करता है। एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी का हामीदार चिकित्सा जानकारी की समीक्षा करता है, जबकि एक ऋण हामीदार ग्राहक के क्रेडिट इतिहास जैसे कारकों का आकलन करता है। अंडरराइटर का काम जटिल होता है। बीमा हामीदार व्यक्तियों को जोखिम के स्वीकार्य स्तर को निर्धारित करने में सक्षम होना चाहिए । जटिल परिस्थितियों की जांच करते समय एक हामीदार को शोध करने और बहुत सारी जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है। एक हामीदार ऋण और इक्विटी बाजार, गिरवी और बीमा जैसे क्षेत्रों में किसी अन्य पार्टी के जोखिम का आकलन करता है।

होटल इंडस्ट्री में बनें फ्रंट ऑफिस मैनेजर

होटल इंडस्ट्री में बतौर प्रशिक्षु से लेकर प्रबंधक तक न जाने कितने अवसर हैं जहां से अपने करियर की राहें आसानी से तय कर सकते हैं। यूं तो होटल इंडस्ट्री में प्रबंधक, फ्रंट ऑफिस/रिसेप्शनिस्ट, फूड एंड बेवरेज, हाउसकीपिंग/बुक कीपिंग, काउंटर सर्विस, मार्केटिंग विभाग इत्यादि कई तरह के विभाग हैं लेकिन इनमें फ्रंट ऑफिस मैनेजर एक अहम विभाग होता है।

फ्रंट ऑफिस

फ्रंट ऑफिस व्यवसाय से जुड़ा शब्द है जो किसी कंपनी के उस विभाग को इंगित करता है जो ग्राहकों के सीधे संपर्क में आता है। इसमें मार्केटिंग, सेल्स और सर्विस से जुड़े लोग भी शामिल होते हैं। जहां तक होटल इंडस्ट्री का सवाल है तो इसमें फ्रंट ऑफिस होटल में आने वाले अतिथियों का स्वागत करता है, उनसे मिलता है, उनका उचित अभिवादन करता है, उनका रिजर्वेशन करता है, उनके चेक इन और चेक आउट की व्यवस्था देखता है, सुरक्षा विभाग व अन्य को चाबियां सौंपता है व वापस लेता है, अतिथियों को संदेश देता है और रुपये पैसे का हिसाब किताब करता है।

कार्य प्रकृति

फ्रंट ऑफिस हर उस काम को करने में तत्पर होता है जिससे ग्राहकों यानी अतिथियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, उन्हें हर तरह से संतुष्ट किया जा सके। होटल के मानकों का पालन करते हुए अपनी सेवा से संतुष्ट करने में फ्रंट ऑफिस अपनी उपयोगिता साबित करता है। इस विभाग के लिए एक प्रबंधक नियुक्त होता है जो फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन को देखता है और पूरे बिजनेस प्लान के अनुसार हर काम व्यवस्थित रखता है। वह सुनिश्चित करता है कि होटल में आने वालों को यथासंभव सबसे अच्छी सर्विस दी जा सके। वह फ्रंट ऑफिस का अगुआ होने के नाते वहां से दी जाने वाली सेवाओं में किसी कोताही की गुंजाइश को खत्म करता है, साफ सफाई का ध्यान रखता है, मुस्कुराते हुए अतिथियों का स्वागत करता है और उन्हें यह अहसास कराने की कोशिश करता है कि वे सही होटल में हैं जहां उनका सबसे अच्छा ख्याल रखा जाएगा।

कोर्स

फ्रंट ऑफिस होटल मैनेजमेंट का एक अहम विभाग है। होटल मैनेजमेंट 12वीं के बाद कर सकते हैं। स्नातक करने के बाद और भी रास्ते खुल जाते हैं। यानी डिग्री, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा सभी मौजूद हैं। बेकरी एडं कंफेक्षनरी या होटल रिसेप्शन एंड बुक कीपिंग या रेस्तरां व काउंटर सर्विस में एक साल का डिप्लोमा, डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, बीएससी इन होटल मैनेजमेंट, एमएससी इन हॉस्पिटेलिटी एडमिनिस्ट्रेशन, इसके अलावा पीजी डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, फ्रंट ऑफिस एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, एकोमोडेशन ऑपरेशन जैसे कोर्स प्रचलन में हैं।

कहां कहां है अवसर

होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम करने वालों के लिए कई विकल्प मौजूद है जिनमें वे करियर बना सकते हैं। रिसॉर्ट से लेकर फाईव स्टार होटलों तक हर राज्य के पर्यटन विभाग से लेकर एविएशन तक अनगिनत जॉब हैं, फास्ट फूड चेन (मेकडोनाल्ड, केएफसी, निरूलाज), रेलवे या बैंक या बड़े संस्थानों में केटरिंग या कैंटीन, एयरलाइंस, हॉस्पिटल, मॉल, मल्टीप्लेक्स, हेल्थ क्लब जैसी जगहों पर रोजगार पा सकते हैं विदेशों में भी होटल मैनेजमेंट में डिग्री/डिप्लोमा कर चुके छात्रों की खूब डिमांड है। और सबसे अहम यह कि आप यह कोर्स कर स्वरोजगार भी शुरू कर सकते हैं।

पुस्तक प्रकाशन में अपार संभावनाएं

भारतीय बुक पब्लिशिंग इंडस्ट्री (पुस्तक प्रकाशन) आज न सिर्फ देश तक समिति रही है बल्कि उसने अंतर्राष्ट्रीय वाचकों तक भी पुस्तकें पहुचाने का काम बहुत तेजी से किया है। आधुनिक तंत्रज्ञान के कारण आज प्रिटिंग के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति ला दी है। जिस प्रकार इस डिजिटल युग में आज नई प्रिटिंग टेक्नालॉजी आ गई है, ठीक उसी प्राकर डिजाइनिंग और वांइडिग के क्षेत्र में भी नए-नए आयाम उपलब्ध है। अब किसी भी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए मार्केट के ट्रेंड को समझना बहुत आवश्यक होता है। इसके लिए अच्छा बिजनेस का होना भी बहुत आवश्यक है।

ऐसा माना जाता है कि दुनिया में इंसान का सबसे अच्छा मित्र पुस्तकें होती हैं। उसे पढ़कर वह ज्ञान तो प्राप्त करता ही है लेकिन अपने समय का सदुपयोग भी कर लेता है। इन पुस्तकों को वाचको तक पहुंचाने के लिए आजकल महानगर और शहरों में शापिंग मॉल्स में स्पेश बुक चेन खोल रखा है। इकॉनामी के नॉलेज का बढ़ता क्षेत्र को देखते हुए उन्हें इस व्यवसाय में भी अपार संभावनाएं है। इस व्यवसाय में एक लंबा चैनल कार्यरत है। लेखक पुस्तक तो लिख देता है लेकिन पाठकों तक पहुंचाने में एक लंबी प्रक्रिया काम करती है। इस व्यवसाय में मुख्य रूप से बुक पब्लिशर, बुक डिजाइनर विक्रेता संम्पादक, पीआर वितरक और वाचक इन सबका समावेश रहता है। एक अच्छा जानकारी बहुत आवश्यक है। भारतीय बुक पब्लिशिंग इंडस्ट्री आज न सिर्फ देश तक समिति रही है बल्कि उसने अंतर्राष्ट्रीय वाचकों तक भी पुस्तकें पहुंचाने का काम बहुत तेजी से किया है। आधुनिक तंत्रज्ञान के कारण आज प्रिटिंग के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति ला दी है। जिस प्रकार इस डिजिटल युग में आज नई प्रिटिंग टेक्नालॉजी आ गई है, ठीक उसी प्राकर डिजायनिंग और वांइडिग के क्षेत्र में भी नए-नए आयाम उपलब्ध हैं। अब किसी भी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए मार्केट के ट्रेंड को समझना बहुत आवश्यक होता है। इसके लिए अच्छा बिजनेस स्कील का होना भी बहुत आवश्यक है। इस व्यवसाय में उतरने के लिए यदि आज का युवा आतुर है तो इसके लिए अभ्यासक्रम भी उपलब्ध है। भारत में कुछ संस्थाएं बुक पब्लिशिंग के लिए डिप्लोमा, डिग्री करना पड़ता है इस व्यवसाय की विशालता को देखते हुए शार्ट टर्म कोर्स भी आयोजित किया जाता है। इस क्षेत्र में युवा चाहे तो स्वंय का प्रकाशन व्यवसाय शुरू कर सकते हैं, या फिर किसी प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान में नौकरी भी कर सकते हैं। इस क्षेत्र में हर माह आप सेलेरी के रूप में पन्द्रह हजार से लेकर एक लाख तक कमा सकते हैं। मात्स में भी बुक चेन में अनेक नौकरियां उपलब्ध हो सकती है। आज के इस डिजिटल युग में इस व्यवसाय की काफी डिमांड है। युवाओं को खासकर ऐसे युवा जो साहित्य में रुचि रखते हैं। जिन्हें पठन-पाठन का शौक है। अवश्य ही इस क्षेत्र को अपनी आजीविका का साधन बनाना चाहिए। मान-सम्मान पैसा सब कुछ हासिल हो सकता है।

किस-किस तरह के कोर्स

इंडस्ट्री में प्रोफेशनल्स और प्रशिक्षित लोगों की जरूरतों को देखते हुए देश के जाने-माने शिक्षण-संस्थानों में इससे संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट देश के कई हिस्सों में बुक पब्लिशिंग के रेगुलर कोर्स करवा रहा है। इग्नू ने एफआईपी के साथ मिल कर बुक पब्लिशिंग में पीजी डिप्लोमा का कोर्स शुरू किया है। कलकत्ता विश्वविद्यालय पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स गिल्ड ऑफ कोलकाता के साथ मिल कर पीजी डिप्लोमा इन बुक पब्लिशिंग स्टडीज़ कोर्स का संचालन कर रहा है।

योग्यता

पब्लिशिंग से जुड़े ज्यादातर कोर्सेज पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर कराए जाते हैं। अगर आप एडमिशन लेना चाहते हैं तो इसके लिए आपका ग्रेजुएट होना आवश्यक है। जिस तरह से विज्ञापन और क्रिएटिव इंडस्ट्री अपने पांव पसार रही है, उस लिहाज से आने वाले समय में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इन्टरनेट एवं प्लास्टिक केन्द्रित उत्पादों के आ जाने से इस क्षेत्र में प्रतियोगिता नए रूप में आरम्भ हो गई है। प्रकाशक की प्रकाशन के लिए प्राप्त सामग्री को ठीक से परखने की जिम्मेदारी है। उसमें यह विश्लेषण क्षमता होनी चाहिए कि जो सामग्री प्रकाशित की जा रही है, वह वर्तमान जरूरतों और भविष्य की संभावनाओं से दो-चार हो सकती है या नहीं।

संक्षिप्त समाचार

ब्राजील में भीषण सड़क हादसा, बस में आग लगने से 38 लोगों की मौत

ब्राजील, एजेंसी। ब्राजील में शनिवार को बस में आग लगने से एक भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में बस सवार 38 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के राज्य मिनास गेरैस में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है, जबकि 13 अन्य घायल हैं। हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह हादसा शनिवार को सुबह टेओफिलो ओटोनी नगरपालिका में हुआ, जब ट्रक से ग्रेनाइट का एक बड़ा ब्लॉक सड़क पर गिर गया, जिससे बस विपरीत दिशा में जा रहे ट्रक से टकरा गई। वाहनों के टकराने के बाद बस में आग लग गई। संघीय राजमार्ग पुलिस के अनुसार, बस के पीछे जा रही कार ने उसमें टक्कर मार दी। पुलिस ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि अधिकांश मौत टक्कर के बाद बस में लगी आग के कारण हुई। टेओफिलो ओटोनी के अधिकारियों के अनुसार, कार सवार तीन लोगों सहित 13 घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इस हादसे की वजह बस का टायर फटना है। टायर फटने के बाद ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया था और बस ट्रक से जा टकराई। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि हादसे के सही कारणों की जांच की जा रही है।

बस और ट्रक की टक्कर में 38 लोगों की मौत

साओ पाउलो, एजेंसी। दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य में एक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर में 38 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मिनास गैरैस अग्निशमन विभाग ने बताया कि शनिवार सुबह हुए इस हादसे में घायल 13 अन्य लोगों को टियोफिलो ओटोनी शहर के पास के अस्पतालों में ले जाया गया। बताया जा रहा है कि बस साओ पाउलो से चली थी और उसमें 45 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने कहा कि जांच के बाद ही दुर्घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बचाव दल को बताया कि बस का टायर फटने से बस अनियंत्रित हो गई और एक ट्रक से टकरा गई। हादसे के दौरान एक कार भी उस बस से टकरा गई, कार में तीन यात्री सवार थे और तीनों की जान बच गई। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शनिवार को एक बयान जारी करके कहा ,'' मुझे बेहद अफसोस है और मैं दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।'' परिवहन मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष ब्राजील में यातायात दुर्घटनाओं में 10 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

लाल सागर में गोलीबारी में दो अमेरिकी पायलटों की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी सेना ने बताया कि लाला सागर के ऊपर से की गई गोलीबारी में दो अमेरिकी नौसेना के पायलटों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने शनिवार को यमन की राजधानी सना ने हूतियों के मिसाइल भंडारण सुविधा और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पर हवाई हमले किए थे। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने कहा कि हमलों का उद्देश्य दक्षिणी लाल सागर, बाब अल-मंडेब और अदन की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों और व्यापारी जहाजों पर हमले के हूती अभियानों को बाधित करना और कमजोर करना था।

अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमला किया, अपना ही विमान मार गिराया

सना, एजेंसी।
अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना गठबंधन ने रविवार तड़के यमन के होदेदाह में हूती ठिकानों पर हवाई हमला किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में होदेइदाह के अल-लुहय्याह क्षेत्र की एक साइट को निशाना बनाया गया, जिसमें आगे कोई विवरण नहीं दिया गया और न ही किसी के हताहत होने की सूचना दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के हवाले से बताया कि गठबंधन ने कथित हमले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार रात को सना में हूतियों के मिसाइल भंडारण फैसिलिटी और एक कमांड-एंड-कंट्रोल यूनिट पर सटीक हवाई हमले किए। बयान में कहा गया है कि कमांड बलों ने लाल सागर के ऊपर कई हूती के वन-वे अटैक ड्रोन और एक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल को भी मार गिराया। हवाई हमले हूतियों द्वारा मध्य इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले की जिम्मेदारी लेने के कुछ घंटों बाद हुए। तेल अवीव में हुए हमले में 20 इजरायली घायल हो गए थे। इस बीच, अमेरिकी सेना ने बताया कि नौसेना द्वारा यमन में हवाई हमले किए जाने के दौरान लाल सागर के ऊपर

÷फ्रेंडली फायर÷ में एक अमेरिकी एफ/ए-18 लड़ाकू विमान को गलती से मार गिराया गया।

घटना के दौरान, दो अमेरिकी नौसेना पायलटों को गोली लगी। हालांकि, उन्हें बचा लिया गया, जबकि एक पायलट को मामूली चोट आई। नवंबर 2023 से हूती विद्रोहियों ने इजरायली शहरों पर रॉकेट और ड्रोन हमले जारी रखे हैं और लाल सागर में इजरायल से जुड़े शिपिंग को निशाना बनाते रहे हैं। जवाब में, क्षेत्र में तैनात अमेरिकी नेतृत्व वाली नौसेना गठबंधन सशस्त्र समूह को रोकने के प्रयास में जनवरी से ही हूतियों के ठिकानों पर नियमित हवाई हमले कर रही है। पिछले सप्ताह, हूती सैन्य अधिकारियों ने घोषणा की कि अमेरिकी और ब्रिटिश विमानों ने लाल सागर तट के साथ पश्चिमी यमन में एक रणनीतिक प्रांत होदेदाह के खिलाफ एक नया आक्रमण किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सहयोगी बलों ने होदेदाह के दक्षिणी भाग में अत-तुहायता जिले को निशाना बनाया, हालांकि हवाई बमबारी के बारे में विशेष विवरण तुरंत प्रकट नहीं किया गया।

अमेरिकी सेना ने शनिवार देर रात यमन की राजधानी सना में एयरस्ट्राइक कर विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में हूती विद्रोहियों के मिसाइल स्टोरेज सेंटर और कमांड सेंटर को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के मुताबिक उसने ये एयरस्ट्राइक दक्षिणी लाल सागर, बाब अल-मन्देब और अदन की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों और कार्गो शिप हूती विद्रोहियों के हमलों को रोकने के लिए की है। सेना ने बताया कि उसने हूती विद्रहियों के कई ड्रोन और एक क्रूज मिसाइल को भी मार गिराया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने पिछले कुछ महीनों में यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले तेज किए हैं। अमेरिकी सेना ने बताया था कि एयरक्राफ्ट कैरियर ट्रूमैन 15 दिसंबर को मिडिल-ईस्ट में पहुंच गया है। हालांकि तब ये साफ नहीं किया गया था कि उसे लाल सागर में तैनात किया गया है।

अमेरिकी एयरफोर्स ने 17 अक्टूबर को यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की थी। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बताया था कि एयरफोर्स ने बी-2 स्टील्थ बॉम्बर से यमन की राजधानी सना के नजदीक 5 ठिकानों को निशाना बनाया। ऑस्टिन के मुताबिक इस हमले के लिए राष्ट्रपति बाइडेन ने निर्देश दिए थे। ये हमले हूती विद्रोहियों के हथियारों को नष्ट करने के मकसद किए गए थे। हूती विद्रोहियों ने भी हमले की पुष्टि की थी। हालांकि इसमें कितना नुकसान हुआ है इस बारे में उन्होंने जानकारी नहीं दी। हूती के डिप्टी हेड नसरुद्दीन आमेर ने कहा था कि अमेरिका को इसकी कीमत चुकानी होगी। अमेरिका ने हमला करने से एक महीने पहले ही में हिंद महासागर में मौजूद सीक्रेट मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया पर क्र2 स्टील्थ बॉम्बर की तैनाती की थी।

ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा चीन? रिपोर्ट में खुलासा- परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है ड्रैगन

बीजिंग, एजेंसी। अमेरिका के रक्षा विभाग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन, ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इस साल चीन ने सैन्य तौर पर ताइवान पर काफी दबाव बनाया और कई बार ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अब चीन एक कदम आगे बढ़कर ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इतना ही नहीं अमेरिका की एक रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि ताइवान को लेकर परमाणु युद्ध हो सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के रक्षा विभाग ने हाल ही में मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलेपमेंट इन्वोल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना नामक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन की सेना ताइवान को हवाई और समुद्री रास्ते से ब्लॉक करने की रणनीति पर काम कर रही है और युद्ध की स्थिति में चीन की सेना द्वारा ताइवान पर मिसाइल और एयरस्ट्राइक की जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएलए (चीनी सेना) अपनी रॉकेट फोर्स को मजबूत कर रही है, साथ ही ताइवान स्ट्रेट के आसपास चीन ने नई मिसाइल बटालियन तैनात की हैं। अमेरिका के ही सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एक अन्य रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ताइवान युद्ध में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि अमेरिका अगर अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने और उसे आधुनिक करने का फैसला करता है तो भी चीन, ताइवान पर परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा। अमेरिका में नीति निर्माताओं का एक वर्ग मानता है कि चीन को ताइवान पर हमला करने से रोकने और चीन पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका को अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक करना चाहिए, लेकिन अब नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका चीन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

ट्रंप के करीबी और टीवी शो निर्माता मार्क बर्नेट बने ब्रिटेन में अमेरिकी राजदूत

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी टीवी जगत में बड़ा नाम मार्क बर्नेट को यूके में विशेष दूत बनाया है। बर्नेट ने ट्रंप के रियलिटी शो द अप्रेन्टिस को बनाया था। बर्नेट ट्रंप के सबसे करीबी सहयोगी माने जाते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि टेलीविजन प्रोडक्शन और व्यापार में खुद को बेहतर रूप से स्थापित करने वाले मार्क बर्नेट यूके में विशेष राजदूत के तौर पर कूटनीतिक कौशल दिखाएंगे। वे राजदूत से हटकर अलग भूमिका में काम करेंगे। साथ ही उनकी नियुक्ति के लिए अमेरिकी सीनेट की मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। ट्रंप ने कहा कि मार्क व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक क्षेत्र में आदान-प्रदान के साथ राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इसे पहले ट्रंप ने बैंकर वॉरेन स्टीफंस को ब्रिटेन में अमेरिकी राजदूत बनाया था।

कौन हैं बर्नेट: मार्क बर्नेट अमेरिकी टीवी जगत में बड़ा नाम हैं। लंदन में जन्मे बर्नेट ने सर्वाइवर नामक रियलिटी शो बनाया था। इसके साथ ही उन्होंने शार्क टैंक और द वायस जैसे शो भी बनाए। बर्नेट 2018 से 2022 तक एमजीएम वर्ल्ड वाइड टीवी ग्रुप के अध्यक्ष भी रहे। 2004 में बर्नेट द्वारा शुरू किया गया कार्यक्रम द अप्रेन्टिस काफी लोकप्रिय हुआ। इसी शो के जरिये ही डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर पहली बार सामने आए थे। बर्नेट के शो ने ट्रंप को नई पहचान दी। साथ ही उनके बारे में कायम धारणाओं को बदला।

लगातार हो रहीं नियुक्तियां: इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच के जरिये किंबर्ली गिलफॉयल को ग्रीस के लिए अमेरिका का राजदूत नामित किया। गिलफॉयल लंबे समय से ट्रंप की समर्थक रही हैं और उनके बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर से उनकी सगाई हुई थी। वहीं ट्रंप ने अपने करीबी और अरबपति उद्योगपति डेविड सैक्स को व्हाइट हाउस का एआई और क्रिप्टो जार नियुक्त किया है। डेविड सैक्स कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्रिप्टो करेंसी पर ट्रंप सरकार को सलाह देंगे। इसके अलावा स्पेसएक्स के मालिक व अरबपति कारोबारी एलन मस्क के करीबी जेरेड इसाकमैन को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) प्रमुख चुना गया था। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल के सीईओ डेविन न्युनेस को राष्ट्रपति का खुफिया सलाहकार बोर्ड का प्रमुख नियुक्त किया गया।

पोप फ्रांसिस ने गाजा में बमबारी को बताया क्रूरता, इस्राइल ने दोहरा मापदंड अपनाने का लगाया आरोप

गाजा, एजेंसी।
पोप फ्रांसिस ने इस्राइल की ओर से गाजा में लगातार की जा रही बमबारी को क्रूरता करार दिया। वहीं इस्राइल ने इसका जवाब दिया है। इस्राइल ने पोप फ्रांसिस पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। पोप फ्रांसिस ने क्रिसमस संबोधन के दौरान कहा कि येरूशलम के कैथोलिक बिशप ने शुक्रवार को गाजा पट्टी में कैथोलिकों से मिलने के लिए प्रवेश करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। कल बच्चों पर बमबारी की गई। यह क्रूरता है। यह युद्ध नहीं है।

इसके जवाब में इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पोप की टिप्पिण्यां निराशाजनक हैं, क्योंकि वह जिहादी आतंकवाद के खिलाफ इस्राइल की लड़ाई के सच्चे संदर्भ से अलग हैं। क्योंकि यह युद्ध इस्राइल पर थोपा गया है। इस्राइल की ओर से कहा गया कि दोहरे मापदंडों और यहूदी राज्य, उसके लोगों को अलग-थलग करने के बारे में कई बार बात की जा चुकी है। इस्राइल ने कहा कि क्रूरता वह है जब आतंकी बच्चों के पीछे छिपकर इस्राइल के बच्चों की हत्या करते हैं। क्रूरता वह है जब आतंकी एक शिशु और बच्चे सहित 100 लोगों को 442 दिन से बंधक बनाए हुए हैं। इनसे दुर्व्यवहार किया जा रहा है। मगर पोप ने इस सब को नजरअंदाज कर दिया है। इस्राइल का यह भी कहना है कि वह लोगों को बेवजह मारना नहीं चाहता है। मगर हमास गाजा के लोगों को ढाल बनाकर हमले कर रहा है। इसलिए इस्राइल को लगातार जवाब देना पड़ रहा है।

यह है मामला: हमास ने बीते साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर बड़ा आतंकी हमला किया था, जिसमें 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। अभी भी 100 लोग हमास की कैद में हैं। इस हमले के जवाब में इस्राइल ने गाजा पर हवाई और जमीनी हमला किया, जिसमें 45 हजार से ज्यादा लोग मारे गए।

दुनिया का सबसे मजबूत पत्ता जल लिली , इस पर बैठकर आसानी से पार कर सकते हैं नदी

वॉशिंगटन , एजेंसी। प्रकृति ने ऐसे कई रहस्य अपने पास समेट कर रखे हैं, जिसकी कल्पना आज भी हम इंसान नहीं कर सकते हैं. आज हम आपको एक पत्ते के बारे में बता रहे हैं जो 80 किलो का वजन आसानी से उठा सकता है. इसे पत्ते की दुनिया का सबसे बड़ा और अद्भुत पत्ता माना जाता है, इसी वजह से वैज्ञानिकों ने इसे गार्डन के अजूबा श्रेणी में रखा है. गोल आकार के इस पत्ते का व्यास 3 मीटर तक होता है और इसके पत्ते किनारे ऊपर की तरफ मुड़े होते हैं. इतना ही नहीं पत्ते के निचले भाग और डंठल पर नुकीले कांटे होते हैं. यह पत्ता मजबूत होता है कि इस पत्ते पर एक बड़ा आदमी आसानी से आराम से बैठ सकता है. इसके पत्ते 80 किलो तक का वजन सहन कर सकते हैं, हालांकि इसके लिए दोनों तरफ से बराबर सपोर्ट की जरूरत होती है. इसे विक्टोरिया अमेजोनिका जिसे जल लिली के नाम से जाना जाता है.

दक्षिण अमेरिका में पाया जाता है: विक्टोरिया अमेजोनिका पत्ता अधिकतर दक्षिण अमेरिका में पाया जाता है. वहीं विक्टोरिया अमेजोनिका के पौधे में सफेद रंग के फूल भी खिलते हैं जो कमल की तरह दिखते हैं. इसके पौधे को बीज द्वारा लगाया जा सकता है. साथ ही इसके बीज मखाने की तरह होते हैं. इतना ही नहीं विक्टोरिया अमेजोनिका पौधे के बीजों का मखाने की तरह खाने में प्रयोग किया जाता है. विक्टोरिया अमेजोनिका के बीज काफी गुणकारी होते है. इसके बीजों में पोषक तत्वों में प्रोटीन, जिंक के साथ आयरन, मिनरल भी काफी मात्रा में मिलता है. जो स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है.

जर्मनी में कार हमले में 7 भारतीय भी घायल, विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की

आरोपी सऊदी का डॉक्टर, 200 लोगों को कुचला

बर्लिन, एजेंसी।
भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग शहर में शुक्रवार को क्रिसमस मार्केट पर कार हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। हमले में 7 भारतीय भी घायल हुए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने घटना पर बयान जारी करते हुए दुख जताया। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा-

हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस मार्केट पर हुए इस भयानक हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस हमले में कई अनमोल जीवन नष्ट हो गए हैं, और कई लोग घायल हुए हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मिशन घायल हुए भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों के साथ संपर्क में है। उन्हें हर संभव

मदद मुहैया कराई जा रही है। घायल हुए 7 भारतीय नागरिकों में से 3 को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। क्रिसमस मार्केट में हमले के आरोप में सऊदी अरब के एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हमलावार 2006 से जर्मनी के पूर्वी राज्य सैक्सोनी-अनहाल्ट में रह रहा है। सैक्सोनी-अनहाल्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बताया कि, हमलावार ने घटना को अकेले ही अंजाम दिया है। हमले के पीछे उसका मकसद पता नहीं चल सका। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने घटना को निर्दोषों पर क्रूर हमला बताते हुए कड़ी निंदा की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इसे भयावह बताते हुए जर्मनी को समर्थन देने का वादा किया। वहीं टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने नाराजगी जताते हुए जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज से इस्तीफे की मांग कर दी। मैगडेबर्ग, जर्मनी के सैक्सनी-आन्हाल्ट राज्य की राजधानी है। यह शहर एल्बे नदी के किनारे स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2.40 लाख है। यह शहर बर्लिन से लगभग डेढ़ घंटे की ड्राइव की दूरी पर स्थित है। मैगडेबर्ग में साल में एक बार क्रिसमस मार्केट लगता है और बड़ी संख्या में भीड़ होती है। द गार्जियन के मुताबिक, हमलावर का नाम तालेब है। वह एक मनोचिकित्सक है। तालेब 2006 से जर्मनी में रह रहा था, उसे 2016 में शरणार्थी का दर्जा दिया गया। वह मैगडेबर्ग शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर बर्नबर्ग में मेडिकल प्रैक्टिस कर रहा था। उसने हमला करने से पहले एक बीएमडब्ल्यू कार किराए पर ली थी।

कांगो में बुसिरा नदी में नौका पलटने से 38 लोगों की मौत, 100 से अधिक लापता

किंशासा, एजेंसी। अक्टूबर में देश के पूर्वी भाग में क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव के डूब जाने से कम से कम 78 लोग मारे गए थे और जून में किंशासा के निकट हुई ऐसी ही दुर्घटना में 80 लोगों की जान चली गयी थी। कांगो में क्रिसमस मनाने के लिए घर लौट रहे लोगों से भरी एक नौका के शुक्रवार देर रात बुसिरा नदी में पलट जाने से 38 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। नौका पलटने की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब करीब चार दिन पहले ही देश के उत्तर-पूर्व में एक अन्य नाव के डूबने से 25 लोग मारे गए थे। नौका पलटने की हालिया घटना में अब तक 20 लोगों को बचाए जाने की पुष्टि हुई है। दुर्घटनास्थल के पास स्थित इंगेंडे शहर के मेयर जोसफ जोसफ कांगोलिंगोली ने बताया कि नौका कांगो के उत्तर-पूर्व में जलक्षेत्र में थी और इसमें अधिकतर वे व्यापारी सवार थे जो क्रिसमस मनाने के लिए घर लौट रहे थे। इंगेंडे के निवासी एनडोलो कैडी ने बताया कि नौका में ''400 से अधिक लोग सवार थे और यह नौका बोएंडे के रास्ते में पड़ने वाले दो बंदरगाहों इंगेंडे और लूलो से होकर गुजरी थी, इसलिए ऐसा लगता है कि मृतक संख्या अधिक होगी।''

बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले रोहित और केएल राहुल चोटिल

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, भारत के कप्तान रोहित शर्मा और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए।

थ्रोडाउन का सामना करते समय, रोहित के बाएं घुटने पर एक दर्दनाक चोट लग गई। हालांकि उन्होंने अपना अभ्यास सत्र जारी रखने की कोशिश की, लेकिन रोहित को मजबूरन चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी और उन्हें एक कुर्सी पर बैठे

देखा गया, जहां उनके बाएं घुटने पर लगभग 25 मिनट तक आइस पैक रखा गया।

अगर इतना ही काफी नहीं था, तो राहुल को प्रशिक्षण सत्र में अपने दाहिने हाथ पर भी चोट लग गई और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। चोट लगने के बाद रोहित और राहुल की स्थिति के बारे में बीसीसीआई या भारतीय टीम की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अभ्यास सत्र के दौरान तेज गेंदबाज आकाश दीप के हाथ में भी चोट लगी, लेकिन उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अभ्यास पिच शायद सफेद गेंद वाले क्रिकेट के लिए है, गेंद कई बार नीचे रहती है। जहां तक इन छोटी-मोटी चोटों की बात है, ये चीजें प्रशिक्षण के दौरान होती हैं, और इस वजह से कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। मैं ठीक हूं। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित और ऋषभ पंत ने नेट्स में लंबे समय तक बल्लेबाजी की, जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अन्य तेज गेंदबाजों ने पूरी ताकत से अभ्यास किया। 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले भारतीय टीम सोमवार को आराम करेगी।

पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। भारत ने पर्थ में 295 रनों की शानदार जीत के साथ सीरीज की शुरुआत की, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में दस विकेट से जीत हासिल की, फिर ब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित मैच में दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहा।

भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को हराकर जीता पहला महिला अंडर-19 एशिया कप

कुआलालंपुर, एजेंसी। भारत की युवा महिला टीम ने एशिया कप जीतकर रचा इतिहास रच दिया है। जी. तृषा के शानदार 52 रन बनाए और स्पिन गेंदबाजों ने सात विकेट चटकाकर भारत को बांग्लादेश पर 41 रनों की जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने पहले अंडर-19 महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला रविवार को बायुमास क्रिकेट ओवल में हुआ।

तृषा 2023 में दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। उन्होंने इस बार 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाए और मुश्किल पिच पर भारत ने 117/7 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में, बांग्लादेश की टीम 18.3 ओवरों में 76 रनों पर सिमट गई। भारतीय स्पिनर आयुषी शुक्ला ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुईं। पारुणिका

सिसोदिया और सोनम यादव ने भी अहम विकेट लिए और पावरप्ले के बाद बांग्लादेश की रन गति रोक दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शुरुआत में कुछ विकेट गंवा दिए। इसके बाद तृषा ने कप्तान निकी प्रसाद (12) के साथ 41 रनों की साझेदारी कर पारी संभाली। इनके आउट होने के बाद मिथिला विनोद ने 17 रन की तेज पारी खेली और टीम को 110 रन के पार पहुंचाया। बांग्लादेश की फरजाना इस्मिन ने 4 विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजों को कड़ी टक्कर दी। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत खराब रही। जोशिता वीजे और सोनम यादव ने पावरप्ले में दो विकेट झटके। फहमीदा छोया (18) और जुआइरिया फिरदौस (22) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय स्पिनर्स की सटीक गेंदबाजी के आगे वे टिक नहीं पाईं। बांग्लादेश का स्कोर 64/5 से गिरकर 76 ऑल आउट हो गया। तृषा को प्लेयर ऑफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। भारत की यह जीत खास है, क्योंकि टीम अगले महीने मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे संस्करण में अपनी खिताब की रक्षा के लिए तैयार है।

ओलिंपिक मेडलिस्ट हॉकी कैप्टन हरमनप्रीत को खेल रत्न मिलेगा, 30 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा, इनमें 13 पैरालिंपियन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। उनकी कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनके अलावा एक पैरा एथलीट को भी खेल रत्न दिया जाएगा। पैरालिंपिक 2024 में शूटिंग में 4 मेडल जिताने वाले सुभाष राणा को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। एक अन्य कोच को भी द्रोणाचार्य अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया है। नेशनल अवॉर्ड कमेटी की बैठक पिछले हफ्ते हुई थी। सूत्रों ने बताया कि 2024 में 30 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा, जिसमें 17 खिलाड़ी सामान्य और 13 पैरालिंपिक खिलाड़ी हैं। पैरालिंपिक गेम्स 2024 में मेडल जीतने वाली सभी पैरा एथलीट, जिन्हें पहले अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला है, उन सभी को यह सम्मान मिलेगा। पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भारत ने 29 मेडल जीते थे। इनमें 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल शामिल थे। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज और एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, हरमनप्रीत तीन बार ष्बद्ध॥ अवार्ड्स में प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब जीते हैं।

डब्ल्यूडब्ल्यूई वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप के लिए खतरनाक मैच का ऐलान

2024 खत्म होने से पहले मिलेगा नया चैंपियन?

नईदिल्ली, एजेंसी। वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन के रूप में गुंथर इस समय अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने खुद को अब खतरनाक हील के तौर पर स्थापित कर लिया है। एक वर्कहॉर्स टाइटल होल्डर वो बन गए हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने भी मेन रोस्टर में उन्हें अच्छा पुश दिया और शानदार बुकिंग की, जिसका फायदा समय-समय पर द रिंग जनरल ने उठाया। खैर मौजूदा चैंपियन ने अब एक ब्लॉकबस्टर ऐलान अपने फैंस के लिए किया है। उनका एक बार फिर डेमियन प्रीस्ट के साथ मैच होने वाला है। पिछले हफ्ते गुंथर ने अपनी चैंपियनशिप डेमियन प्रीस्ट और फिन बैलर के खिलाफ डिफेंड की थी। मैच काफी शानदार रहा था। गुंथर का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला था। अंत में उन्होंने अपना टाइटल भी जबरदस्त अंदाज में रिटेन किया। बैलर और डेमियन की राइवलरी भी लंबे समय से चल रही है। दोनों सुपरस्टार्स ने मुकाबले में तगड़ा एक्शन दिखाया था। गुंथर और डेमियन प्रीस्ट की राइवलरी भी कई महीनों से चल रही है। ये दोनों स्टार्स अब लाइव इवेंट में वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप मैच लड़कर अपनी फ्यूड को जारी रखने के लिए तैयार हैं। द रिंग जनरल ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को बताया कि वो स्टील केज मैच में अपने कट्टर प्रतिद्वंदी प्रीस्ट का सामना करेंगे। 26 दिसंबर, 2024 को मैडीसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले लाइव इवेंट में दोनों की टक्कर होगी। में गुंथर और डेमियन प्रीस्ट के बीच सबसे पहले मैच हुआ था। प्रीस्ट ने वहां पर अपनी वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप गुंथर के खिलाफ डिफेंड की थी। फिन बैलर ने डेमियन को मैच के दौरान धोखा दिया था। इसका फायदा उठाकर द रिंग जनरल ने जीत हासिल कर टाइटल अपने नाम कर लिया था। दोनों के बीच अच्छा मैच हुआ। मुकाबले में एक बार फिर बैलर की दखलअंदाजी देखने को मिली। इस वजह से डेमियन को हार का सामना करना पड़ा। खैर दोनों स्टार्स के बीच अब मैडीसन स्क्वायर गार्डन में भी अच्छा मुकाबला देखने को मिलेगा। गुंथर को इस बार कड़ी चुनौती मिल सकती है। हो सकता है कि साल 2024 खत्म होने से पहले फैंस को नया चैंपियन मिल जाए।

अश्विन के संन्यास पर मोदी की चिट्ठी

कहा- ऑफ ब्रेक की उम्मीद थी, आपने कैरम बॉल फेंककर चकमा दिया, जर्सी नंबर-99 की कमी खलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को लेटर लिखा है। पीएम ने इस पत्र के जरिए अश्विन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

मोदी ने पत्र में लिखा- ऐसे समय में जब हर कोई और ज्यादा ऑफ-ब्रेक की उम्मीद कर रहा था, आपने एक ऐसी कैरम बॉल फेंकी, जिसने सभी को चकमा दे दिया। लोगों को जर्सी नंबर-99 की कमी खलेगी। अश्विन ने 18 दिसंबर को गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था।

5 पॉइंट्स में पीएम के लेटर की मुख्य बातें...

1. संन्यास: ऑफ ब्रेक की उम्मीद थी, कैरम बॉल से चौंकाया पीएम मोदी ने अश्विन के अचानक रिटायरमेंट पर कहा- आपके संन्यास ने भारत के साथ-साथ वर्ल्ड क्रिकेट में प्रशंसकों को चकित कर

दिया। हम सभी आपसे और भी ज्यादा ऑफ ब्रेक का इंतजार कर रहे थे और आपने कैरम बॉल फेंककर चकमा दिया। आपके लिए यह निर्णय लेना आसान नहीं रहा होगा। खासकर जब आप भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे थे।

2. भारत-पाकिस्तान मैच: आपके शॉट ने खूब तालियां बटोरीं मोदी ने लिखा- 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी गेंद पर आपके शॉट ने खूब तालियां बटोरी थीं। जिस तरह से आपने गेंद को छोड़ा, उसे वाइड बॉल बनने दिया, उससे आपकी सूझबूझ का पता चलता है।

2022 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ विजयी शॉट खेने के बाद आर अश्विन अपनी खुशी का इजहार करते हुए।

3. मां की बीमारी : मां की बीमारी के बाद भी खेले प्रधानमंत्री ने लिखा- हम सभी को वह पल याद है, जब आपकी मां अस्पताल में भर्ती थीं और आपने मैदान में वापसी की। साथ ही चेन्नई में जब बाढ़ की स्थिति थी और आप अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पा रहे थे। जिस तरह से आप साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलते रहे, वह खेल के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

4. करियर: लोग जर्सी नंबर-99 की कमी महसूस करेंगे पीएम मोदी ने अश्विन को उनके अचीवमेंट के लिए सराहा। उन्होंने लिखा- आपके विकेट, रन और सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी ने टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। आपने डेब्यू टेस्ट में ही 5 विकेट लिए। वनडे वर्ल्ड कप-2011, चैंपियंस ट्रॉफी-2013 और आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर जैसे अचीवमेंट ने आपको भारतीय टीम का अहम सदस्य बनाया।

लोग जर्सी नंबर-99 की कमी को हमेशा महसूस करेंगे। क्रिकेट प्रेमी हमेशा उस पल को याद करेंगे, जब आपने क्रिकेट के मैदान पर कदम रखा था।

5. सिडनी टेस्ट की पारी: देश को यादगार लम्हे दिए मोदी ने लिखा- 2021 में सिडनी टेस्ट में आपकी मैच बचाने वाली पारी ने देश को यादगार लम्हे दिए। लोग आपको कई मैचों के लिए याद करते हैं। 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैच में आपने जिस तरह गेंद को छोड़कर अपना प्रेजेंस ऑफ माइंड दिखाया, वह लाजवाब था और आपके विनिंग शॉट ने उस मैच को हमारी यादों में बसा दिया है।

मेलबर्न में महारिकॉर्ड बनाएंगे जसप्रीत बुमराह!

1 विकेट लेते ही महान खिलाड़ी से हो जाएंगे आगे

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न में खेला जाएगा. मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होने वाले इस मैच में सबकी नजर टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर होगी. वह सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उन्होंने 3 मैचों में 21 विकेट लिए हैं. उनके बाद दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं, जिन्होंने इतने ही मैचों में 14 विकेट हासिल किए हैं.

ऑस्ट्रेलिया में बुमराह का जलवा - बुमराह ने इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के बड़े से बड़े खिलाड़ियों को परेशान किया है. ओपनर्स को तो उन्होंने टिकने ही नहीं दिया है. स्टीव स्मिथ और मार्नश लाबुशेन भी उनके सामने बेबस नजर आए हैं. वह मौजूदा दौरे पर कंगारू टीम को परेशान करने वाले भारत के इकलौते गेंदबाज हैं. बुमराह ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में 8 लिए थे. उसके बाद एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 4 और ब्रिस्बेन में तीसरे टेस्ट में 9 विकेट लिए हैं.

कुंबले से आगे निकलने का मौका - बुमराह के पास मेलबर्न में एक खास उपलब्धि हासिल करने का सुनहरा मौका है. एमसीजी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में बुमराह और महान खिलाड़ी अनिल कुंबले की बराबरी है. दोनों ने इस मैदान पर 15-15 विकेट चटकाए हैं. बुमराह एक विकेट लेते ही कुंबले से आगे निकल जाएंगे. इन दोनों के बाद पूर्व कप्तान कपिल देव और पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 14-14 विकेट झटकाए हैं. उमेश यादव के नाम यहां 13 विकेट हैं.

कपिल देव का भी तोड़ सकते हैं रिकॉर्ड - इसके अलावा बुमराह के पास भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक और कीर्तिमान स्थापित करने का सुनहरा मौका है. वह कपिल देव के एक रिकॉर्ड को तोड़ने के बेहद करीब हैं. कपिल देव टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं. उन्होंने अपने 50वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी. बुमराह की बात करें तो उनके नाम 43 टेस्ट मैचों में 194 विकेट हैं. वह छह विकेट लेते ही कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं. उनके मौजूदा फॉर्म को देखते हुए यह माना जा रहा है कि 50 टेस्ट पूरे होने से पहले ही 200 टेस्ट विकेट पूरे कर लेंगे ।

शूटिंग

भारत करेगा जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी, जल्द जारी होगा कार्यक्रम

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत को अगले साल के जूनियर विश्वकप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन की

प्रतियोगिताएं शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। भोपाल में 2023 में सीनियर विश्व कप और इस साल की शुरुआत में सत्र के अंत में हुए विश्वकप फाइनल के बाद यह हाल के दिनों में देश का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जिससे दुनिया में खेल के शीर्ष स्थलों में से एक के रूप में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत होगी।

हालांकि टूर्नामेंट की तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद करने के तरीके की प्रशंसा की थी।

पृथ्वी शॉ को अब करना होगा अर्जुन तेंदुलकर जैसा फैसला, तभी चमकेगा करियर

नईदिल्ली, एजेंसी। पृथ्वी शॉ घरेलू क्रिकेट में मुंबई की टीम के लिए खेलते हैं. मुंबई ने उन्हें वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी से पहले 3 राउंड के लिए बाहर कर दिया है. हालांकि, इस फॉर्मेट में पृथ्वी का प्रदर्शन अच्छा रहा है लेकिन एसोसिएशन ने उनके फिटनेस और अनुशासन का हवाला दिया है. इसके बाद से एसोसिएशन और भारतीय क्रिकेटर बीच जुबानी जंग चल रही और ये मुद्दा गरमा गया है. हालांकि, ये पहली बार नहीं जब पृथ्वी शॉ को इस परिस्थिति का सामना करना पड़ा है. इससे पहले मुंबई ने उन्हें रणजी ट्रॉफी में भी ड्रॉप किया था. बार-बार ड्रॉप होने पृथ्वी शॉ का करियर खतरे में पड़ गया है, अगर उन्हें इसे बचाना है तो अर्जुन तेंदुलकर जैसा कदम उठाना होगा.

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन घरेलू क्रिकेट में मुंबई की टीम से ही कदम रखा था. उन्होंने 2021 में टी20 फॉर्मेट से डेब्यू किया था लेकिन खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिलते थे. इसके बाद अगले ही साल अर्जुन ने अपना फैसला बदला और गोवा से लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू. अब वो अक्सर इस टीम से खेलते हुए नजर आते हैं. रणजी के बाद अर्जुन विजय हजारे ट्रॉफी का भी हिस्सा हैं. उनसे पहले भी कई खिलाड़ी कमजोर टीमों से खेलने के बाद सफलता हासिल कर चुके हैं, उमेश यादव इसके बड़े उदाहरण हैं. वो टीम इंडिया के लिए टेस्ट मैच खेलने वाले विदर्भ की टीम के पहले खिलाड़ी बने थे. अगर पृथ्वी शॉ भी किसी छोटी या कमजोर टीम का रुख करते हैं तो उन्हें इसका फायदा मिल सकता है.

छोटी टीमों से कैसे बचेगा पृथ्वी का करियर - पृथ्वी शॉ फिलहाल अपने टैलेंट का प्रदर्शन करने के लिए लगातार मौके की तलाश में हैं. इसी वजह से उनके और मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के बीच इसी को लेकर लड़ाई भी जारी है. घरेलू क्रिकेट में मुंबई की टीम सबसे मजबूतों टीमों में से एक मानी जाती है. इसमें कई स्टार क्रिकेटर खेल रहे हैं. इसलिए खराब फॉर्म से जूझ रहे पृथ्वी शॉ के लिए मौका मिलना और भी मुश्किल हो जाता है.

ट्रेविस हेड को क्रीज पर टिकने नहीं देंगे...

बुमराह नहीं इस बॉलर ने दी खुली चुनौती, बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले गरमाया माहौल



नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें अब मेलबर्न में खेले जाने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में आमने-सामने होगी. गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद मेलबर्न टेस्ट के जरिए दोनों टीमें बढ़त के इरादे से मैदान पर उतरेगी. ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजों के लिए भारत के दिग्गज जसप्रीत बुमराह से निपटना फिर से बड़ा सिरदर्द साबित होगा. वहीं भारतीय गेंदबाजों के सामने एक बार फिर से ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रेविस हेड की चुनौती होगी. हालांकि मेलबर्न टेस्ट से पहले टीम इंडिया के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने हुंकार भरी है. उन्होंने साफ-साफ कहा है कि हम ट्रेविस हेड को क्रीज पर टिकने ही नहीं देंगे.

मेलबर्न में सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से खेला जाएगा. इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया. उन्होंने टीम इंडिया के बॉलिंग प्लान का खुलासा किया. आकाश ने बताया कि 'तेज गेंदबाज के रूप में, हम समान गेंदों पर टिके रहेंगे और अपनी गेंदबाजी में अनुशासन बनाए रखेंगे. हम ओवर और अराउंड द विकेट दोनों तरफ से गेंदबाजी करेंगे, पिच और परिस्थितियों का आंकलन करेंगे और उसके मुताबिक प्लान बनाएंगे'. आकाश दीप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलियाई स्टार बैटर ट्रेविस हेड को भी चुनौती दे डाली. इस सीरीज में टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बने हेड को लेकर आकाश ने कहा, 'मुझे लगता है कि ट्रैविस हेड, विशेष रूप से, शॉर्ट गेंदों के खिलाफ संघर्ष करते हैं. हम उन्हें क्रीज पर जमने नहीं देंगे. हम खास एरिया में बॉलिंग करेंगे और उम्मीद करते हैं कि उन्हें गलतियां करने के लिए मजबूर किया जाएगा, जिससे हमारे लिए मौके बनेंगे'.

गाबा टेस्ट में चोटिल हो गए थे हेड - इस सीरीज में हेड सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं. उन्होंने दो शतक की मदद से अब तक 409 रन बनाए हैं. गाबा टेस्ट में दूसरी पारी के दौरान ट्रैविस हेड चोटिल हो गए थे. उन्हें ग्रोइन इंजरी हुई थी. चोट के बाद उन्होंने कहा था कि, उन्हें हल्की सूजन बनी हुई है. हालांकि अब तक उनकी चोट पर स्पष्ट रूप से कुछ बताया नहीं गया है. उनके मेलबर्न टेस्ट में खेलने पर सस्पेंस बना हुआ ।